राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 275
लखनऊ, रविवार 7 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए एसपी ने किया ट्रैफिक डायवर्जन 10

ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर आवागमन पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : एके शर्मा 03

## रंग में भंग डाला तो वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा : योगी

- पहले रामभक्त नहीं जा पाते थे अयोध्या, अब रामद्रोही नहीं
- सीएम ने गोंडा में किया 516 करोड़ की 262 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सीएम योगीआदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि अब वह नहीं होगा, जो 2017 के पहले होता था। 2015-16 में दुर्गा पूजा में गोंडा में दंगे की चेष्टा की गई थी। तब मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन नहीं होने दिया जाता था। रामलीला में अड़चन डाली जाती थी। त्योहार व उत्सव से पहले उपद्रव शुरू हो जाते थे।

2017 से पहले सत्ता में बैठे लोग दंगाइयों व पेशेवर गुंडों के सामने नतमस्तक होते थे। प्रदेश में महीनों कर्फ्यू रहता था। लेकिन, अब किसी ने उत्सव के रंग में भंग डाला तो उसका वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोंडा के कटरा विधानसभा क्षेत्र में 256 करोड़ रुपये व करनैलगंज में 260 करोड़ रुपये 516 करोड़ रुपये की 262 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा स्टॉल्स का अवलोकन किया।

सीएम ने कहा कि अब यूपी के नौजवानों को सरकारी नौकरी मिल रही है। यूपी पुलिस की 60,244 भर्तियों में गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर के नौजवानों को भी नौकरी मिली। निवेश केवल नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ में नहीं हो रहा, बल्कि गोंडा में भी निवेश होने से स्थानीय नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। अभी मंच पर 20 लाभार्थियों को अलग-अलग योजनाओं का लाभ मिला। डबल इंजन सरकार की ताकत है कि अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण हो गया। गोंडा वालों ने तो राम मंदिर आंदोलन को अपनी आंखों से देखा है। 40 साल से ऊपर की पीढ़ी ने आंदोलन में भाग लिया और तत्कालीन सरकारों के अत्याचारों को झेला। तब राम का नाम लेने पर प्रतिबंध था, डंडे व गोलियां चलती थीं। रामभक्त अपने प्रभु राम की अयोध्या में नहीं जा सकते थे। अब अयोध्या में रामभक्त ही जा सकते हैं, रामद्रोही नहीं। बिना भेदभाव पात्रों को गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। गोंडा में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज, कंपोजिट विद्यालय आदि का सपना साकार हो रहा है। मतदाताओं से कहा कि अच्छे लोगों को चुनेंगे तो अच्छे परिणाम आएंगे। गलत लोगों को चुनने पर खामियाजा भुगतना पड़ता है। 2017 के पहले विकास एक गांव तक ही सीमित था। श्रावस्ती की पौराणिकता का जिक्र करते हुए बताया कि वहां एयरपोर्ट निर्माण हो रहा है। महाराजा सुहेलदेव ने एक हजार वर्ष पहले विदेशी आक्रांताओं का मुंहतोड़ जवाब दिया था। आक्रांताओं को दहलाने वाला शौर्य कैसा होना चाहिए, महाराज सुहेलदेव उसके प्रतीक हैं। स्वाधीनता के लिए किस प्रकार के त्याग-बलिदान की आवश्यकता होनी चाहिए, गोंडा उसका प्रतीक है।

### स्वाधीनता आंदोलन में गोंडा ने निभाई अग्रणी भूमिका

सीएम ने कहा कि असुरक्षा के वातावरण में निवेश नहीं होता। 2017 से पहले राज्य में पहचान का संकट, नौजवान बेहाल, किसान परेशान, बहन-बेटियां असुरक्षित थीं। जब विकास के पिछले पायदान में हमारी गिनती होती थी तो सम्मान भी नहीं मिलता था। 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 826 विकास खंडों, 762 नगर निकायों, लगभग 14 हजार वार्डों, 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों को बिना रोक-टोक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। गोंडा के युवा ऊर्जावान, किसान परिश्रमी, बहन-बेटियां प्रतिभाशाली हैं। कारीगरों व हस्तशिल्पियों ने अपने हुनर की छाप देश-दुनिया तक पहुंचाने में कोई कोताही नहीं की। गोंडा ने स्वाधीनता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई, लेकिन आजादी के बाद यहां जो अपेक्षित विकास होना चाहिए था, वह तुष्टिकरण, अराजकता, भाई-भतीजावाद, जातिवाद की भेंट चढ़ गया और इसका खामियाजा जनपद को भुगतना पड़ा। गोंडा विकास के अभाव में पिछड़ता गया। एक समय ऐसा भी आ गया, जब अन्य जनपदों की भांति ही गोंडा के नौजवानों के सामने भी पहचान का संकट हो गया। प्रदेश में नौकरी-रोजगार नहीं था। नौजवान जब बाहर जाते थे तो अन्य प्रदेशों के लोग 10 कदम की दूरी बना लेते थे। शंका भरी निगाहों से देखते थे। 12 वर्ष में पीएम मोदी व 9 वर्ष में डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का परिणाम है कि अब यूपी का नाम आते ही सामने वाले का चेहरा खिल जाता है और वह आपको गले लगाने को उतावला दिखता है। अब बाहर वाले मित्रवत व्यवहार करते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि भगवान राम की असीम कृपा प्राप्त करनी है तो अयोध्या के बगल वाले जनपद गोंडा वालों से मैत्री करो।

## ट्रंप के साथ किसी भी परमाणु समझौते पर भरोसा नहीं : मोहसिन रेजाई

- अमेरिका से रुक गयी है बातचीत

**एजेंसी, तेहरान।**

ईरान के सर्वोच्च नेता के एक वरिष्ठ सलाहकार एवं इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के पूर्व कमांडर-इन-चीफ मोहसिन रेजाई ने वर्ष 2015 के जेसीपीओए समझौते से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पीछे हटने का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ फिलहाल परमाणु पर कोई बातचीत नहीं होगी।

श्री रेजई ने यह भी कहा कि ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत बंद हो गयी है और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए श्री ट्रंप को कदम उठाना चाहिए। ईरानी मीडिया के अनुसार, आईआरजीसी के पूर्व प्रमुख ने अमेरिका को दोबारा आक्रामकता दिखाने के खिलाफ चेतावनी दी।

उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने फिर से सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुना, तो वह एक अंधेरी और अंतहीन सुरंग में



प्रवेश कर जायेंगे। उन्होंने कहा कि अगर युद्ध और नाकेबंदी जारी रही तो ईरान इस टकराव को फारस की खाड़ी से आगे हिंद महासागर, लाल सागर, बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य और भूमध्य सागर तक बढ़ा सकता है। श्री रेजाई ने इस बात पर जोर दिया कि बातचीत गतिरोध पर पहुंच गयी है और ईरान के फ्रीज किये गये फंड को जारी करना विश्वास बहाली के लिए एक जरूरी परीक्षा है। उन्होंने सीएनएन से कहा, अब गेंद ट्रंप के पाले में है और ईरान के रोके गये फंड को जारी करना विश्वास बहाली के उपाय के रूप में काम करेगा। यह बातचीत आगे बढ़ाने के अमेरिका की ख्वाहिश का इम्तिहान भी होगा।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,55,910/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,40,150/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,16,990/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,65,000/किग्रा |



### संक्षिप्त समाचार

#### बम विस्फोट मामले में टीएमसी का पूर्व विधायक गिरफ्तार

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक शौकत मोल्ला की पहचान पश्चिम बंगाल के भांगड़ बम विस्फोट मामले में मुख्य साजिशकर्ता के रूप में हुई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शनिवार को एक बयान में कहा कि पूर्व विधायक मोल्ला को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच एजेंसी के अनुसार, मोल्ला लंबे समय से फरार था। एनआईए ने जांच के तहत व्यापक तलाश अभियान चलाया, जिसके बाद उसे दक्षिण 24 परगना जिले से गिरफ्तार किया गया। यह विस्फोट 19 मार्च को देसी बम बनाने के दौरान हुआ था, जिसमें बम बना रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई अन्य लोग घायल हो गए थे।

#### ट्रक-पिकअप की आमने-सामने की भिड़ंत में नौ श्रद्धालुओं की मौत, 15 से अधिक घायल

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर-फाजिल्का मार्ग पर शनिवार तड़के एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना सामने आई है। यहाँ एक अनियंत्रित ट्रक और महिंद्रा पिकअप वाहन के बीच हुई सीधी भिड़ंत में नौ लोगों की जान चली गई, जबकि 15 से अधिक सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में कुछ की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। प्राप्त विवरण के मुताबिक, यह दर्दनाक वाकया फिरोजपुर-फाजिल्का रोड पर स्थित जंगा वाला गांव के समीप घटित हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और चार यात्रियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, पांच अन्य लोगों की मौत अस्पताल में उपचार के दौरान हुई। बताया जा रहा है कि क्षमता से कहीं अधिक लोड होने के कारण पिकअप जीप में करीब 25 लोग सवार थे।

#### चंद्रपुर के कैंसर अस्पताल पर साइबर हमला, हैकर्स ने मांगी 75 लाख की फिरौती

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर शहर स्थित कैंसर केयर फाउंडेशन के कैंसर अस्पताल पर एक गंभीर साइबर हमले की घटना सामने आई है। हैकर्स ने अस्पताल के मुख्य सर्वर में घुसपैठ कर महत्वपूर्ण डेटा को लॉक कर दिया और उसे अनलॉक करने के बदले लगभग 75 लाख रुपये की फिरौती की मांग की है। रामनगर पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के बीच यह घटना स्वास्थ्य संस्थानों के लिए एक चेतावनी के रूप में सामने आई है।

## भाजपा का कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति : राजनाथ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारत के रक्षामंत्री एवं लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से सांसद राजनाथ सिंह ने शनिवार को लखनऊ मध्य विधानसभा के मंडल-2 में आयोजित प्रबुद्धजन संवाद कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर,समृद्ध और दुनिया में अग्रणी देश बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत ने पिछले 12 वर्षों में जो परिवर्तनकारी यात्रा तय की है,वह स्वतंत्र भारत के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यकर्ता ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करते हैं तथा जनता और सरकार के बीच एक सशक्त सेतु की भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से निरंतर जनसंपर्क बनाए रखने और समाज के प्रत्येक वर्ग की समस्याओं



के समाधान हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।

इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कालिदास मार्ग स्थित आवास पर लखनऊ के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं,विकास कार्यों तथा जनता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को रक्षा मंत्री के समक्ष रखा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा जनसेवा और क्षेत्र के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी एवं लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल,विधान परिषद मुकेश शर्मा,रामचंद्र प्रधान, महानगर अध्यक्ष भाजपा आनंद द्विवेदी, रजनीश गुप्ता, महानगर उपाध्यक्ष विनायक पाण्डेय, रवि प्रकाश जायसवाल के अलावा सतीश चंद्र मिश्रा, अपूर्व भार्गव सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रशांत सिंह अटल के यहां शोक संवेदना की व्यक्त



रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह शनिवार को पूर्व राज्यमंत्री सुजय कुमार त्रिपाठी के आवास पर पहुंचकर भेंट की। इससे पहले रक्षामंत्री ने वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत सिंह अटल की माताजी के निधनोपरांत उनके आवास पहुंचकर गोलोकवासी पुण्यात्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा राजनाथ सिंह ने स्व0 भगवती शुक्ला की धर्मपत्नी के निधनोपरांत उनके आवास पर पहुंचकर गोलोकवासी पुण्यात्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## उरुग्वे के राजदूत ने भारत-लैटिन अमेरिका व्यापार संबंधों को बताया उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला

**एजेंसी, इंदौर।**

भारत में उरुग्वे के राजदूत अल्बर्टो गुआनी ने भारत-लैटिन अमेरिका व्यापार संबंधों को उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत जिस गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, उसी प्रकार लैटिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों को भी इस चुनौती के अनुरूप स्वयं को तैयार करना होगा।

उरुग्वे के राजदूत अल्बर्टो गुआनी शनिवार को मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित इंडिया-लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट फोरम 2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विभिन्न देशों के राजदूतों, गणमान्य अतिथियों एवं उपस्थित प्रतिनिधियों का अभिवादन करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश आकर उन्हें




अत्यंत प्रसन्नता और उत्साह का अनुभव हो रहा है। अल्बर्टो ने कहा कि भारत का हृदय कहे जाने वाले मध्य प्रदेश ने उन्हें हमेशा आकर्षित किया है और यह प्रदेश भारत की प्रगति, विकास और संभावनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जो महत्वाकांक्षी दृष्टि प्रस्तुत की गई है, मध्य प्रदेश उसकी सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के सहयोग से यह व्यापारिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे तथा निवेश एवं औद्योगिक सहयोग के नए अवसर विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय संपर्क और लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15 देशों की भागीदारी और विभिन्न राजदूतों की उपस्थिति ने इस आयोजन की प्रतिष्ठा को और बढ़ाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत और लैटिन अमेरिका-कैरेबियाई देशों के बीच सहयोग की यात्रा अभी लंबी है और भविष्य में इससे भी बेहतर परिणाम सामने आएंगे।

## कॉकरोच जनता पार्टी परेशान लोगों की आवाज है : अभिजीत दिपके

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

सोशल मीडिया की कोख से हाल में जन्मी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रवर्तक अभिजीत दिपके ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी किसी पूर्व-नियोजित राजनीतिक रणनीति की उपज नहीं, बल्कि वह सरकार से नाराज लोगों की आवाज बनकर उभरी है और कुछ ही दिनों में लाखों लोग उससे जुड़ चुके हैं।

श्री दिपके और सीजेपी के आह्वान पर शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के जंतर-मंतर प्रदर्शन स्थल पर हजारों की तादाद में युवाओं ने एकत्रित होकर कुछ अखिल भारतीय परीक्षाओं में पश्नपत्र लीक होने के मुद्दे पर शिक्षा



मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। श्री दिपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा ने जनता को हिंदू-मुस्लिम मुद्दों में उलझाकर रखा है, जबकि असली सवाल रोजगार, आजीविका और आम लोगों की समस्याओं का है।

### नीट-यूजी 2026 पुनर्परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक व बिक्री के दावे फर्जी, अफवाहों से सावधान रहें : एनटीए

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को सोशल मीडिया और विभिन्न मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर प्रसारित उन दावों को पूरी तरह फर्जी और भ्रामक बताया है, जिनमें नीट (यूजी) 2026 पुनर्परीक्षा के प्रश्नपत्र के लीक होने, पहले से उपलब्ध होने या बिक्री किए जाने की बात कही जा रही है। एनटीए ने एक बयान में कहा कि इस प्रकार की अफवाहें संगठित नकल एवं ठगी गिरोहों द्वारा फैलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य छात्रों और उनके अभिभावकों की चिंता का फायदा उठाकर उनसे पैसे ऐंठना है। एजेंसी ने स्पष्ट किया कि प्रश्नपत्र लीक या बिक्री से जुड़े सभी दावे पूरी तरह मनगढ़ंत हैं। एनटीए के अनुसार परीक्षा प्रक्रिया की निष्पक्षता और सुरक्षा पूरी तरह बरकरार है।

## सरेंडर करने कोर्ट पहुंचे खान सर, समय खत्म होने पर अब सोमवार को होगी सुनवाई

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के सुप्रसिद्ध शिक्षक और खान ग्लोबल स्टडीज के संस्थापक खान सर शनिवार को पटना की अदालत में आत्मसमर्पण करने के लिए पहुंचे। यह कदम उनके कोचिंग संस्थान में हुई हिंसा और कथित फायरिंग के मामले में उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी के बाद उठाया गया है और हालांकि, जब वह अदालत पहुंचे तब तक कोर्ट का निर्धारित समय समाप्त हो चुका था, जिसके कारण उनकी सरेंडर की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी।

अब खान सर सोमवार को अदालत



में अग्रिम जमानत के लिए अपनी अर्जी दाखिल करेंगे और कानूनी राहत पाने की कोशिश करेंगे। खान सर के खिलाफ यह कानूनी कार्रवाई उनके कोचिंग संस्थान में हुई हिंसक घटना के बाद शुरू हुई है और पुलिस ने उनके खिलाफ आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास जैसी गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि खान सर के कहने पर ही उनके सुरक्षा गार्डों ने फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबाव बना रही थी और खान सर पर नामजद आरोपी के तौर पर केस दर्ज होने के बाद से ही उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। इस मामले में पुलिस ने पहले ही बड़ी कार्रवाई करते हुए खान सर के दो सुरक्षा गार्डों, प्रदीप और तालेश्वर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ के दौरान दोनों गार्डों ने फायरिंग करने की बात स्वीकार की थी, जिसके बाद उनके हथियार जब्त कर लिए गए।

### प्रज्ञानंद ने आखिरी राउंड में क्लासिकल जीत के साथ नॉर्वे चेस 2026 का जीता खिताब



एजेंसी, ओस्लो (नॉर्वे)। भारतीय ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने आखिरी राउंड में जीत हासिल कर नॉर्वे शतरंज 2026 का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने अंतिम और 10वें राउंड में जर्मनी के विंसेंट कीमर को क्लासिकल प्रारूप में हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस राउंड में वेस्ली सो से आधे अंक पीछे रहने के बावजूद, प्रज्ञानंद को पता था कि जीत उन्हें लीडर से आगे निकलने की मजबूत स्थिति में पहुंचा देगी। शुक्रवार को सफेद मोहरों के साथ विंसेंट कीमर का सामना करते हुए, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने मौके का पूरा फायदा उठाया और एक अहम जीत हासिल की।

## उत्तराखंड सीएम ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को भेजा न्योता

### लिखा, आपके आने से दिव्य कुंभ होगा, श्रद्धालुओं को नई ऊर्जा मिलेगी

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तराखंड के हरिद्वार में साल 2027 में होने वाले कुंभ मेले की तैयारियां राज्य सरकार ने शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को कुंभ में शामिल होने के लिए पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री की ओर से भेजे गए पत्र में लिखा गया है कि आपके आगमन से आयोजन और अधिक दिव्य होगा। साथ ही, आपके आशीर्वाद से करोड़ों श्रद्धालुओं को नई ऊर्जा मिलेगी।

दरअसल, माघ मेले के दौरान प्रशासन और शंकराचार्य के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद वह मेला छोड़कर काशी चले गए थे। काशी पहुंचकर अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने



यूपी सरकार से गौमाता को राज्य माता का दर्जा देने की मांग करते हुए 40 दिन का अल्टीमेटम दिया था। शंकराचार्य इस समय गौमाता को राज्य माता का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर प्रदेशभर में यात्रा निकाल रहे हैं।

वह यूपी की हर विधानसभा में पहुंचते हैं और लोगों को संबोधित करते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और कुंभ मेला प्रशासन की ओर से शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को औपचारिक निमंत्रण भेजा गया है। शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी संजय पांडे ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी की ओर से कुंभ में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। हरिद्वार में होने वाले कुंभ में शंकराचार्य जी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जो प्रमाण मांगे थे, उसका जवाब उत्तराखंड सरकार ने दे दिया है। शंकराचार्य का पट्टाभिषेक श्रृंगेरी मठ के शंकराचार्य ने किया था।

**मौसम** — दिल्ली-एनसीआर में उमस दौर जारी

## दक्षिण-पश्चिम मानसून देश के कई राज्यों में बढ़ा आगे

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पिछले कुछ दिनों से दिल्ली-एनसीआर में हल्की से मध्यम वर्षा होने से तापमान में आई गिरावट के बाद, शुक्रवार को एकबार फिर उमस और भीषण गर्मी बढ़ने से निवासी बेहाल रहे। वहीं, दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से देश के अन्य हिस्सों की ओर बढ़ रहा है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार राजधानी में रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने के आसार हैं। यहां का अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 38-40 डिग्री सेल्सियस और 26-28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं, आठ जून को आसमान साफ रहेगा। इस दिन का अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 39-41 डिग्री सेल्सियस और 27-29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। नौ जून को भी मुख्य रूप से आसमान साफ़ रहेगा। इस दिन का अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 40-42 डिग्री सेल्सियस और 28-30 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मौसम अधिकारियों के मुताबिक, आज दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, गोवा के बाकी हिस्सों, कर्नाटक के कुछ और हिस्सों, तमिलनाडु के अधिकतर हिस्सों और पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है। अगले



7 दिनों के दौरान केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु और पूर्वोत्तर भारत में कहीं-कहीं 7-20 सेमी तक भारी बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा, अगले 2-3 दिनों के दौरान दक्षिण-पश्चिम मानसून के मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, तेलंगाना के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु, दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के बाकी हिस्सों, पश्चिम-मध्य, उत्तर बंगाल की खाड़ी, पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए स्थितियां अनुकूल हैं। इसके बाद के 4-5 दिनों के दौरान पूरे मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, कर्नाटक के बाकी हिस्सों, तेलंगाना के कुछ हिस्सों, छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, ओडिशा के कुछ हिस्सों, पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों और उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी इसके आगे बढ़ने की संभावना है। पूर्वोत्तर भारत, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत, पूर्वी भारत, उत्तर-पश्चिम भारत और मध्य एशिया के अलग-अलग क्षेत्रों में अगले छह दिनों के दौरान कहीं पर हल्की बारिश और कहीं पर भारी बारिश होने के आसार हैं।

# प्रभारी मंत्री ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय का किया निरीक्षण

## चिकित्सालय आने वाले सभी मरीजों को शासन की मंशानुरूप सुविधाएं प्रदान की जायें : दिनेश प्रताप सिंह

▸ मरीजों व तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में प्राप्त किया फीड बैक



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी व पदमसेन चौधरी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, महसी के सुरेश्वर सिंह, बलहा की सरोज सोनकर, नानपारा के राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय व महामंत्री रणविजय सिंह, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता के साथ महर्षि बालार्क चिकित्सालय बहराइच का औचक निरीक्षण कर चिकित्सालय भवन की साफ-सफाई, चिकित्सालय की ओर से मरीज़ों व उनके तीमारदारों को उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने इमरजेन्सी, इमरजेन्सी वार्ड, ओ.टी., ओ.पी.डी., डेन्टल ओ.पी.डी., आयुष्मान कार्ड कक्ष, सर्जिकल ओ.पी.डी., मनोरोग ओ.पी.डी. तथा जन औषधि केन्द्र का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

प्रभारी मंत्री ने वार्डों के निरीक्षण के दौरान मरीज़ों एवं तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में फीड बैक भी प्राप्त किया। मरीज़ों एवं तीमारदारों की ओर कोई भी प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में न आने पर मंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए चिकित्सकों को निर्देश दिया कि चिकित्सालय आने वाले सभी मरीज़ों को शासन की मंशानुरूप सुविधाएं प्रदान की जायें। जन औषधि केन्द्र के निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सिंह ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार को निर्देश दिया कि जन औषधि केन्द्र पर मानक के दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराते हुए मरीज़ों को नार्मस के अनुसार दवाओं का वितरण कराएं जिससे उन्हें इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिले सके। आयुष्मान कक्ष के निरीक्षण के दौरान प्रगति का जायज़ा लेते हुए मंत्री ने निर्देश दिया कि जिले के समस्त असतृप्त पात्र व्यक्तियों का आयुष्मान कार्ड से आच्छादित करें। प्रभारी मंत्री ने चिकित्सालय की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए प्राचार्य मेडिकल कालेज प्रो. डॉ. संजय खत्री व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनूप कुमार को निर्देश दिया कि साफ-सफाई व्यवस्था के स्तर को बनाये रखें तथा चिकित्सालय में औषधियों एवं संसाधन की कमी न होने पाये। इस अवसर पर डॉ. अमित कुमार, डॉ. परवेज़, डॉ. ईशान व अन्य चिकित्सक तथा चिकित्सालय प्रबन्धक मौजूद रहे।

### कार्यकर्ताओं की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी : दिनेश प्रताप सिंह



प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शनिवार को प्रथम आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। भाजपा कार्यालय पर मंत्री का अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शिवभूषण की उपस्थित रहे। अपने स्वागत भाषण में जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने कहां की मंत्री के रूप में बहराइच को कार्यकर्ताओं की पीड़ा समझने वाला प्रभारी मंत्री मिला है। अतः आप सभी को अस्वस्थ करते हुए कहता हूं कि प्रभारी मंत्री सदैव कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की चिंता अवश्य करेंगे। प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही उनके लिए सर्वोपरि है कार्यकर्ताओं की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यकर्ता के हित में कार्य करते रहेंगे और जहां भी कोई समस्या हो उन्हें अवगत कराया जाए वह उस समस्या का संपूर्ण निवारण अवश्य कराएंगे।

### प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ किया पौधरोपण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगामी 7 जून, 2026 को केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून, 2026 तक आयोजित होने वाले समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान अन्तर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संचालित किये जा रहे ''एक पेड़-माँ के नाम'' अभियान अन्तर्गत राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच दिनेश प्रताप सिंह ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, गणमान्य व संभ्रान्तजन, पार्टी पदाधिकारियों तथा अधिकारियों के साथ लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच के परिसर में हरिशंकरी (पीपल-पाकड़-बरगद) का पौधरोपण कर उपस्थित जन को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुन्दरेशा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रभारी मंत्री ने विकास भवन का किया निरीक्षण



प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज सुबह 10 बजे विकास भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें वहां कार्यरत कई कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर अनुपस्थित मिले। मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह के साथ विकास भवन पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान गोपन विभाग सहित कई अन्य पटलों पर कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। कर्मचारियों की अनुपस्थिति का उचित कारण न बता पाने पर मंत्री ने अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यप्रणाली में सुधार लाने के तत्काल निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। इसके साथ ही, उन्होंने आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण करने पर जोर दिया। मंत्री के इस औचक निरीक्षण से विकास भवन में हड़कंप मच गया।

# सीएम को ज्ञापन देने के क्रम में हाउस अरेस्ट रहे संजय विद्यार्थी



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के निर्देश पर बेरोजगारी, खाद की किल्लत डीजल पेट्रोल की बेतहाशा मंहगाई, पेपर लीक प्रदेश में पीडीए समाज पर हो रहे अत्याचार उत्पीडन परीक्षा सेंटर दूर दूर जिलों में भेजने आदि मुद्दों को लेकर आज जनपद में मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन देने के क्रम में सपा के राष्ट्रीय सचिव निर्वतमान प्रत्याशी गौरा विधानसभा संजय विद्यार्थी को उनके आवास पर बडी़ संख्या में फोर्स लगाकर हाउस अरेस्ट किया गया।संजय विद्यार्थी नें कहा कि वर्तमान सरकार इन मुद्दों पर पूरी तरह फेल है।

आज किसानों को खाद नहीं मिल रही है,डीजल पेट्रोल की मंहगाई से रोजमर्रा की जरूरत के सामान सब मंहगे हो गए हैं किसान हैरान परेशान लाचार है।पेपर लीक से नौजवानों का भविष्य अंधकार में है।

जो परीक्षाएं इस समय चुनाव को ध्यान में रखकर सरकार करा भी रही उसका सेंटर दूर दूर जिलों में भेजकर छात्रों का शोषण करने का काम कर रही है। समाजवादी सरकार में ही दवाई पढाई सस्ती होगी किसान खुशहाल होंगे नौजवानों को समय से नौकरी मिलेगी, विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम चौधरी ने भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण मंहगाई चरम पर है।

जिला उपाध्यक्ष जीतू निषाद, जिला सचिव मोहनलाल यादव, विधानसभा अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग शिवकुमार प्रजापति, नरेन्द्र यादव, संजय कनौजिया, पवन यादव, शाहिद हुसैन, हर्ष चौधरी, वसंत लाल यादव, दिलीप वर्मा, मोहम्मद इस्लाम, गणेश निषाद, अखिलेश गुप्ता, जोखुलाल गौतम, नीरज पाठक, बृजलाल यादव, सर्वेश साहू, राकेश यादव, सुनील शर्मा, जी इन्द्रजीत यादव, मुकेश जायसवाल, सालिक भारती, सतीश यादव, लालजी आर्या, शिवशंकर मौर्या, विजय बहादुर पाण्डेय, चन्दन यादव, शिवशंकर गुप्ता, जमाई खान, मनोज यादव, मनोज शर्मा, कर्म हुसैन, कुलदीप यादव, हरि प्रसाद, आरिफ अहमद, विकास वर्मा, दिलशाद अहमद, मोनू ठाकुर, अजहर हुसैन, मुलायम यादव, अनिल गौतम, फुल चन्द जलवंशी, उमेश जायसवाल, मोहित यादव, सिराज इदरीशी बड़ी संख्या कार्यकर्ता उपस्थिति रहें।

## खबरें एक नजर में

### दस दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** 48 उत्तर प्रदेश वाहिनी एनसीसी गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर और प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव तिवारी के दिशा निर्देशन में दिनांक 06/06/2026 से 15/06/2026 तक संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (CATC-160)का राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय सिसवा,मनकापुर गोंडा में शुभारंभ हुआ। इस शिविर में गोरखपुर तथा गोंडा जनपद के विभिन्न कॉलेजों से आए हुए 514 कैडेट प्रतिभाग कर रहे हैं। कैडेट्स को प्रशिक्षण देने के लिए 5 एएनओ तथा 18 परमानेंट इंस्ट्रक्टर को लगाया गया है। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कमान अधिकारी ने बताया की प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों प्रकार के प्रशिक्षण साथ-साथ दिए जाएंगे। इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कुछ प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा जिनमें मुख्य रूप से ड्रिल, सांस्कृतिक तथा भाषण प्रतियोगिता मुख्य होगी। कैंप के दौरान मैप रीडिंग और फायरिंग कंपटीशन भी कराया जाएगा। साथ ही ड्रोन की भी ट्रेनिंग कैडेट्स को दी जाएगी द्यकैडेट्स को संबोधित करते हुए कमान अधिकारी ने बताया कि एनसीसी का मुख्य लक्ष्य देश सेवा करने वाले प्रशिक्षित और नैतिक मूल्यों से युक्त युवाओं का समूह तैयार करना है। प्रशिक्षित कैडेट जिस भी क्षेत्र में जाते हैं वह अपनी अलग पहचान बनाते हैं। कैडेट्स एनसीसी के ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन को आत्मसात करें इस अवसर पर बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव तिवारी, मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी कैप्टन एन के मिश्रा कैंप एडजुटेंट लेफ्टिनेंट विपिन शुक्ला ,लेफ्टिनेंट अमिताभ पांडेय और कॉलेज से आए हुए एसोसिएट एनसीसी अधिकारी,केयर टेकर अधिकारी,गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर और पी आई स्टाफ उपस्थित रहे।

### शराब पीने से युवक की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नवाब गंज थाना क्षेत्र के बल्ली पुर ग्राम के पास शनिवार की सुबह पांच बजे एक 30 वर्षीय हेमंत कुमार नामक युवक का शव सड़क के किनारे पड़ा हुआ मिला है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। बस्ती जनपद के परस राम पुर थाना क्षेत्र के मुईया पुर ग्राम के निवासी हेमंत कुमार पुत्र रघुवर अपने जीजा मस्त राम जो गोंडा जिले के नवाब गंज थाना क्षेत्र के बैजल पुर दर्शन पुरवा गांव के निवासी है,उनके घर आया था। मस्त राम ने बताया कि उस का साला हेमंत कुमार दस दिन पूर्व उस के घर आया था।तभी से उस के यहां ही रहता था। शराब अधिक पीता था। शराब पीने की वजह से ही उस की मौत हो गई। मृतक के जीजा ने बताया कि उस ने अपनी बहन पुष्पा से बताया कि शुक्रवार के दिन अपने ससुराल मसकनवा पत्नी रेणु को लाने जा रहा है।शनिवार की सुबह उस की लाश सड़क के किनारे बल्ली पुर ग्राम में मृत्यु अवस्था में मिली है। मृतक का एक पुत्र है।

### छज्जा गिरने से युवती की मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। खैरीघाट इलाके में अपने मौसा के घर आई 18 वर्षीय युवती की छज्जा गिरने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम की है, जब युवती घर के दरवाजे के ऊपर बने छज्जे से कपड़े उतार रही थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, खैरीघाट थाना क्षेत्र के दीवान पुरवा निवासी सुमिरन के घर उनके साले गिरधारी की बेटी मंजू (18) घूमने आई थी। शुक्रवार शाम मंजू घर के दरवाजे के सामने लगे छज्जे से सूखे कपड़े उतार रही थी। इसी दौरान अचानक छज्जा भरभराकर गिर गया और मंजू उसके मलबे में दब गई। छज्जा गिरने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में मलबा हटाकर मंजू को बाहर निकाला। हालांकि, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों में इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। हादसे की सूचना मिलने पर खैरीघाट थाना प्रभारी प्रदीप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि युवती की मौत छज्जा गिरने से हुई है और आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### जननी सुरक्षा भुगतान में लापरवाही मामले में अधीक्षकों से स्पष्टीकरण तलब

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जननी सुरक्षा योजना, पल्स पोलियो अभियान, आयुष्मान भारत और राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को भुगतान न किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरवल, तेजवापुर और विशेश्वरगंज सहित अन्य केंद्रों के अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जनपद में पल्स पोलियो अभियान 28 जून, 2026 से शुरू होगा। इस अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को घर-घर जाकर पोलियो वैक्सीन पिलाई जाएगी।डीएम त्रिपाठी ने अभियान की सफलता के लिए तहसील और ब्लॉक स्तर पर अंतरविभागीय बैठकें समय से आयोजित करने तथा माइक्रो प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने 28 जून को बूथ कवरेज बढ़ाने हेतु जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सघन पर्यवेक्षण करने पर जोर दिया। आयुष्मान भारत के अंतर्गत 15 मई से चलाए जा रहे अभियान की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने शेष लाभार्थियों को शत-प्रतिशत गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक मरीजों की स्क्रीनिंग, एक्स-रे और स्पूटम जांच करने को कहा गया। साथ ही, लाभार्थियों के खाते में पोषण हेतु धनराशि समय से हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने स्पष्ट किया कि इस कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, डब्ल्यू.एच.ओ. के एसएमओ, जेएसआई के प्रतिनिधि, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित प्रभारी चिकित्साधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



### मंदिर समिति ने कराया विशाल भंडारा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिव सरस्वती मंदिर सेवा समिति द्वारा ज्येष्ठ माह के शुभ अवसर पर आज एक विशाल भंडारे एवं संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन मंदिर समिति द्वारा मंदिर प्रांगण में सुबह 9ः30 बजे से सुंदरकांड पंडित विशाल शास्त्री की टीम के द्वारा किया गया उसके उपरांत दोपहर 12.30 बजरंगबली का भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया जिसमें भक्तों ने बड़ी ही श्रद्धा भाव के साथ पूरी सब्जी कढ़ी चावल एवं बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया मंदिर समिति के अध्यक्ष जितेंद्र निगम जी द्वारा बताया गया कि मंदिर के सभी सदस्य एवं क्षेत्र वासियों के सहयोग से हर वर्ष इस भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी लोग अपनी श्रद्धा भाव से भंडारे में सामग्री उपलब्ध कराते हैं सभी के सहयोग से इस भंडारे को आगे भी सुचारू रूप से संपन्न कराया जाता रहेगा जिसमें अंजनी श्रीवास्तव जी उपविजेता 171 पश्चिम विधानसभा श्री विनोद यादव जी पार्षद हैदर हैदरगंज तृतीय वार्ड रविंद्र निगम एडवोकेट संरक्षक की गरिमामय उपस्थित एवं तीर्थराज यादव अभिषेक मिश्रा अनुराग दीक्षित जितेंद्र शुक्ला शिवम पोरवाल सचिन देवल देवेश अवस्थी आशीष श्रीवास्तव धैर्य मिश्रा कृष्णा मिश्रा एवं महिलासदस्यों एवं क्षेत्र के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

# संयुक्त नर्सिंग प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित संयुक्त नर्सिंग प्रवेश परीक्षा गोण्डा जनपद में आज सकुशल, शुचिता पूर्ण सम्पन्न हुई। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो जितेंद्र सिंह, अंग्रेज़ी विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. वंदना भारतीय, प्रो अनूप कुमार सिंह लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ एवं डॉ शशांक शेखर राम स्वरूप यूनिवर्सिटी लखनऊ को सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया था।

प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया की गोण्डा जनपद में इस परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए 09 परीक्षा केन्द्र बनाये गए थे,इस परीक्षा में बी.एस-सी, पोस्ट बेसिक बी एस सी, एम एस-सी नर्सिंग, के 4433 अभ्यर्थियों को निर्धारित



▸ परीक्षा में सम्मिलित हुए 4368 अभ्यर्थी : प्रो जितेंद्र सिंह सिटी समन्वयक

केंद्रों के लिए अलॉट किया गया था। परीक्षा में 4368 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए व परीक्षा में 65 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रो सिंह ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थित के बाद उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की गई। सम्पूर्ण परीक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई गई। अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित यह परीक्षा प्रदेश के 20 जनपदों में आयोजित की गई , परीक्षा के कुशल संचालन के लिए पूरे प्रदेश को 9 जोन, में विभाजित किया गया। प्रो. सिंह ने बताया कि इस परीक्षा के लिए गोंडा के थामसन इंटर कॉलेज, रोजवुड इंटर कॉलेज, फातिमा स्कूल, एससीपीएम आयुर्वेदिक कॉलेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज, श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज एवं जिगर स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर दो प्रतिनिधि मेडिकल यूनिवर्सिटी की तरफ से नियुक्त किए गए थे। प्रो. सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन, सभी परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्षों उनके सहयोगियों शहर के प्रमुख एच डी एफ़ सी बैंक के प्रबंधकों अभिभावकों व परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के सहयोग से जनपद में शुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न हुई।

### पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किस्त के लिए 30 जून तक ई-केवाईसी व फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में पारदर्शिता बढ़ाने, डाटा सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा केवल वास्तविक एवं जीवित लाभार्थियों को ही योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने सभी लाभार्थी किसानों के लिए वार्षिक ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी है। चालू वर्ष की ई-केवाईसी प्रक्रिया 30 जून 2026 से पहले पूरी करना आवश्यक होगा। उप कृषि निदेशक गोंडा सन्तोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किस्तों में सीधे बैंक खातों में भेजी जाती है। यदि कोई किसान निर्धारित समय तक ई-केवाईसी नहीं कराता है तो उसकी आगामी किस्त अस्थायी रूप से रोकी जा सकती है। किसानों की सुविधा के लिए ई-केवाईसी के कई विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं। किसान पीएम किसान मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे फेसियल ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके अलावा निकटतम जन सेवा केंद्र पर बायोमैट्रिक ई-केवाईसी की सुविधा भी उपलब्ध है। कृषि विभाग के न्याय पंचायत एवं विकास खंड स्तर के कर्मचारियों के माध्यम से भी फेसियल ई-केवाईसी कराई जा सकती है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि वर्ष 2019 से पात्र होने के बावजूद योजना का लाभ न प्राप्त कर पाने वाले किसानों के लिए भारत सरकार ने पुनः आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसे किसान पोर्टल पर आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि आवेदन के लिए फार्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने जनपद के सभी किसानों से अपील की है कि जिन लाभार्थियों ने 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच ई-केवाईसी नहीं कराई है, वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना 30 जून 2026 से पहले अपनी ई-केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण करा लें, ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किस्त प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# पुलिस परिवार के मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित, खिले चेहरे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन÷ के तत्वावधान में शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में पुलिस परिवार के मेधावी बच्चों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में सेवारत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उन प्रतिभाशाली बच्चों का उत्साहवर्धन करना था, जिन्होंने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित की है। कार्यक्रम का आयोजन वामा



▸ वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान आयोजित हुआ कार्यक्रम

सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्षा जनपद बहराइच संयुक्ता श्रीवास्तव के संरक्षण एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद बहराइच के कुल 04 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, हैंड वूवेन टीशर्ट, जूट बैग, कैप, बैज एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में इंटरमीडिएट वर्ग से अनुष्का यादव, पुत्री उपनिरीक्षक अम्बिका प्रसाद यादव (97.20 प्रतिशत) एवं अभय यादव, पुत्र उपनिरीक्षक ओम प्रकाश यादव (95.50 प्रतिशत) तथा हाईस्कूल वर्ग से कृति, पुत्री आरक्षी अनुज कुमार अग्निहोत्री (97.60 प्रतिशत) एवं अंकित सिंह, पुत्री उपनिरीक्षक कल्पना सिंह (95 प्रतिशत) सम्मिलित रहे। इन विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन एवं अनुशासन के बल पर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे पुलिस परिवार एवं जनपद का गौरव बढ़ाया है।

### अतिथियों ने की मेधावी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

कार्यक्रम के दौरान पुलिस मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी सम्मान समारोह एवं विभिन्न प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों के साथ संपन्न हुए समझौता ज्ञापन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देखा गया। उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उपलब्ध कराई जा रही गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती शैक्षणिक सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा मेधावी बच्चों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने एवं उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय चेतना जागृत करने के उद्देश्य से प्रकृति के संतुलन और पर्यावरण की रक्षा के प्रति संकल्पबद्ध करने के लिए वामा इको चैंप्स की आधिकारिक शपथ दिलाई गई। समारोह में वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन सदस्य बहराइच अंशिका मिश्रा एवं निशा सिंह, प्रधानाचार्या पुलिस मॉडर्न स्कूल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं को अनुशासित जीवन शैली अपनाने, सकारात्मक सोच विकसित करने तथा अपने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सतत प्रयासरत रहने का संदेश दिया गया।

# विकास की मुख्यधारा में बहराइच, जनसूचना अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण : राज्य सूचना आयुक्त

▸ नानपारा चीनी मिल गेस्ट हाउस में जन सूचना अधिकारियों के साथ जागरूकता बैठक का आयोजन

**बहराइच समृद्धि न्यूज**

राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने नानपारा चीनी मिल गेस्ट हाउस में जन सूचना अधिकारियों के साथ आयोजित जागरूकता बैठक के दौरान कहा कि विकसित यूपी की यात्रा प्रगति पर है। विकास की इस यात्रा में बहराइच भी शामिल है। इसमें जन सूचना अधिकारियों को दोहरी जिम्मेदारी का निर्वाह करना है। उन्हें जरूरतमंद लोगों के आवेदनों का समय पर जवाब देना है। इससे उनकी समस्याओं का समाधान होता है। इसके साथ ही जन सूचना अधिकारियों को विकास कार्यों में योगदान करना है। राज्य सूचना आयुक्त ने कहा कि बहराइच उत्तर प्रदेश की ग्रोथ स्टोरी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।



भव्य महाराजा सुहेलदेव स्मारक, पांडव कालीन सिद्धनाथ मंदिर आदि स्थल पर्यटन और तीर्थाटन केंद्र के रूप में आकर्षक बन चुके हैं। डॉ. अग्निहोत्री ने कहा कि एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में व्यापक बदलाव हो रहा है। राजधानी लखनऊ से बहराइच को जोड़ने वाली वर्तमान टू लेन सड़क को अब सात हजार करोड़ रुपये की फोरलेन में बदलने का काम जल्द शुरू होगा। इसके अतिरिक्त, घाघरा नदी पर स्थित पुराने संजय सेतु के दबाव को कम करने के लिए एक नए पुल का निर्माण भी प्रस्तावित है।

शामली से गोरखपुर तक जाने वाला एक्सप्रेस-वे भी बहराइच के पचपन गाँवों से होकर गुजरेगा। यह जिले की आर्थिक रीढ़ बनेगा। नया मेडिकल कॉलेज बनाया गया है। इस अवसर पर तहसीलदार नानपरा शैलेश अवस्थी, तहसीलदार मिहींपुरवा धर्मेंद्र कुमार., नायब तहसीलदार हर्षित पाण्डेय व राजदीप यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 10 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मोतीपुर पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से लाखों रुपये कीमत की स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया, उप निरीक्षक अनिल यादव, आरक्षी जय प्रकाश और रोहित सिंह के साथ भारत-नेपाल सीमा से सटे जंगली इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को देखकर एक संदिग्ध युवक भागने लगा। टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से कपड़े में छुपाकर रखी गई करीब 10 लाख रुपये कीमत की स्मैक बरामद हुई। थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान नेपाल के बांके जिले निवासी मनीराम थापा के रूप में हुई है। बरामद मादक पदार्थ को जब्त कर लिया गया है। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जिसके बाद उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

# घाघरा घाट पुल का उद्घाटन कार्यक्रम स्थगित, नई तिथि जल्द होगी घोषित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

बाराबंकी-बहराइच-गोंडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर घाघरा नदी के ऊपर स्थित महत्वपूर्ण घाघरा घाट (संजय सेतु) पुल का मरम्मत कार्य पूरी तरह से पूर्ण हो चुका है। पुल के उद्घाटन का कार्यक्रम शनिवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा प्रस्तावित था, किन्तु प्रशासनिक व्यस्तताओं के कारण इसे स्थगित कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद में प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं तथा पड़ोसी जनपद गोंडा की कर्नलगंज विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन कार्यक्रम के चलते प्रशासनिक अधिकारी व्यस्त रहे, जिसके कारण शनिवार को निर्धारित उद्घाटन कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा। थाना प्रभारी जरवल रोड संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तावित उद्घाटन कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण



(एनएचएआई) के अवर अभियंता अनंत मौर्य ने भी इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शनिवार का उद्घाटन कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है तथा उद्घाटन की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुल का समस्त मरम्मत कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और प्रशासन की अंतिम स्वीकृति तथा औपचारिक उद्घाटन के बाद पुल पर वाहनों का आवागमन पुनः शुरू कर दिया जाएगा। घाघरा घाट पुल के पुनः संचालन को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है। लंबे समय से पुल के खुलने का इंतजार कर रहे लोगों को अब उद्घाटन की नई तिथि घोषित होने की प्रतीक्षा है, जिसके बाद बाराबंकी, बहराइच और गोंडा के बीच यातायात व्यवस्था को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

# मुख्यमंत्री ने किए मां पाटेश्वरी के दर्शन

▸ मंदिर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किया। उन्होंने मां की आरती उतारी और सुखी, स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की।

मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। सीएम योगी बलरामपुर पहुंचे। विकास कार्यों के लोकार्पण- शिलान्यास के बाद मंदिर में रात्रि विश्राम किया।



शनिवार सुबह दर्शन-पूजन के बाद मंदिर में आये श्रद्धालुओं का अभिवादन किया मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था का निर्देश दिया। दर्शन-पूजन के दौरान महंत मिथिलेश नाथ योगी, कालीबाड़ी गोरखपुर के महंत रविंद्र दास जी, विधायक पलटूराम, कैलाश नारायण शुक्ल आदि भी मौजूद रहे।

### जय श्री राम व बुलडोजर बाबा का जयघोष

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार सुबह बलरामपुर में मां पाटेश्वरी का पूजन कर सभास्थल चकरौत पहुंचे। कटरा व करनैलगंज विधानसभा के बॉर्डर पर आयोजित इस जनसभा में दोनों ही विधानसभाओं के लोग पहुंचे। सुबह दस बजे मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में सुबह सात बजे से ही लोग पहुंचने लगे। सुबह दस बजे से पहले ही पंडाल लोगों से खचाखच भरा नजर आया और हर ओर भगवा लहराता दिखा। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। मंच पर स्वागत उद्बोधन में कैसरगंज लोकसभा सांसद करन भूषण सिंह ने सीएम को बुलडोजर बाबा कहकर संबोधित किया। उनके इतना कहते ही पंडाल में जय श्री राम व बुलडोजर बाबा की जय के उद्घोष हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोंडा ऊर्जावान जनपद है। युवा ऊर्जावान, अन्नदाता किसान परिश्रमी और बहनें व बेटियां प्रतिभाशाली हैं। इस पर पंडाल में भाजपा के झंडे लहराते रहे। लोग कुर्सियों पर खड़े होकर सीएम का भाषण सुनते नजर आए। कटरा निवासी आशीष मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री का भाषण सुनने के लिए सुबह सात बजे से ही आ गया था। जिससे आगे पहुंचकर उन्हें देख सके और ठीक से सुन भी सके। करनैलगंज से पहुंचे आलोक मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री का यह कहना कि अच्छे जनप्रतिनिधि चुनें, एकदम सही है। सही जनप्रतिनिधियों को चुनने से ही सही ढंग से विकास होता है।

# ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर आवागमन पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : एके शर्मा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

▸ ऊर्जा मंत्री ने मऊ में किया बस सेवा का शुभारंभ

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने पंडित अलगू राय शास्त्री बस अड्डे से मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना अंतर्गत मऊ के ग्रामीण क्षेत्रों को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली बस सेवा का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है और मुख्यमंत्री ग्रामीण परिवहन योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन नेटवर्क से जोड़ने का संकल्प लिया है। नई बस सेवाओं का संचालन शुरू किया जा रहा है, जिससे गांवों और जिला मुख्यालयों के बीच आवागमन सुगम, सुरक्षित और सुलभ हो सकेगा। मऊ में 24 बसों का संचालन प्रस्तावित है, जिनमें से प्रथम चरण में आज चार बसों का शुभारंभ किया गया है। आने वाले समय में सभी बसों के संचालन से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। मऊ अब विकास और तरक्की के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नई बस सेवाओं के संचालन से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों का जिला मुख्यालय से संपर्क मजबूत होगा बल्कि आम नागरिकों को यात्रा के लिए बेहतर और सुलभ विकल्प भी उपलब्ध होंगे। इससे क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई ऊर्जा मिलेगी।उन्होंने योजना के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा परिवहन मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब और आमजन के जीवन को सरल एवं सुविधाजनक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, एआरएम रोडवेज, जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### प्रेग्नेंट होने पर प्रेमी ने बीएससी छात्रा को मारकर फेंका सीतापुर की युवती की लखनऊ में हत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सीतापुर की एक बीएससी छात्रा के प्रेग्नेंट होने के बाद प्रेमी ने उसकी हत्या कर दी। आरोपी उसे बहला-फुसलाकर लखनऊ ले गया और हत्या के बाद शव को जंगल में फेंक दिया। दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। छात्रा के गर्भवती होने की जानकारी मिलने के बाद आरोपी काफी परेशान रहने लगा। शादी की जिम्मेदारी से बचने के लिए युवती की हत्या कर दी। हिरासत में लिए गए युवक से पूछताछ के बाद पुलिस ने लखनऊ के महिपतपुर क्षेत्र के जंगल से कुछ हड्डियां, बाल, कपड़े और चप्पल बरामद किए हैं। पुलिस का दावा है कि बरामद हड्डियों के अवशेष, कपड़े और चप्पल युवती के ही हैं। सीतापुर के संदना क्षेत्र की रहने वाली 19 वर्षीय मानसी, जो बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा थी, 25 मई को कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसके प्रेमी पर उसे भगाने का आरोप लगाया था। युवती की बरामदगी न होने पर परिजन ने धरना-प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पिता ने बताया कि शनिवार को पुलिस मुझे लेकर लखनऊ आई। बताया कि मेरी बेटी मिल गई है। लेकिन मुझे लेकर सीधे जंगल गए। वहां झाड़ियों में फंसे उसके कपड़े दिखाए। चप्पल और हड्डियां भी पड़ी थी। उसके बाल भी मिले लेकिन पूरी लाश नहीं मिली। बताया जा रहा कि मेरी बेटी की हत्या कर दी गई है। आरोपी प्रेमी जेल में है। अगर बेटी की हत्या हुइ है तो अकेले तो उसने किया नहीं होगा। और लोग शामिल होंगे। उन पर भी कार्रवाई हो। लापरवाह पुलिसवाले भी निलंबित किए जाएं। एसीपी बीकेटी विकास पांडेय ने कहा जंगल में एक युवती के अवशेष मिले हैं। पिता ने बेटी के कपड़े और चप्पल से पहचान की है। मृतका के प्रेमी ने सीतापुर पुलिस के सामने कबूला है कि दोनों के बीच अफेयर था। लड़की प्रेग्नेंट हो गई थी। प्रेमी ने बहाने से लखनऊ लाकर प्रेमिका को मार डाला। जंगल में बरामद अवशेषों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। डीएनए परीक्षण कराया जाएगा।

### पूर्व मेयर पर कुत्तों का हमला, पैर व पीठ में गड़ाए दांत, नगर निगम ने भेजी टीम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आवारा कुत्तों के हमले में शहर के पूर्व मेयर सुरेश चंद्र अवस्थी घायल हो गए हो गए हैं। कुत्तों के एक झुंड ने हमला कर उनके पैर और पीठ में कई जगह काटकर दांत गड़ा दिए हैं। इस मामले की शिकायत उन्होंने नगर निगम में की। नगर निगम ने कुत्तों को पकड़ने के लिए टीम भेजी है। पूर्व मेयर सुरेश चंद्र अवस्थी अलीगंज इलाके में आने वाले महाकवि जयशंकर प्रसाद वार्ड वार्ड के सेक्टर क्यू चौराहा के पास रहते हैं। शुक्रवार रात खाना खाने के बाद वह घर के पास ही कॉलोनी में टहल रहे थे। इस दौरान 10 से 12 आवारा कुत्तों में उन पर हमला कर दिया। जब तक वह संभलते, कुत्तों ने उनकी पैर और पीठ में कई जगह काट लिया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़कर आए और उनको बचाया। पूर्व मेयर ने बताया कि इलाके में कुत्तों का आतंक है। आए दिन ये किसी न किसी को काटते रहते हैं। इलाके में ही एक महिला ने 10-12 आवारा कुत्तों को पाल रखा है। उसने इनका लाइसेंस भी नहीं बनवाया है। आवारा कुत्तों से लोगों को बहुत परेशानी है। नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी से शिकायत की गई है कि वह इन आवारा कुत्तों को पकड़वाकर इलाके के लोगों को परेशानी से निजात दिलाए। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि शिकायत मिली है। टीम को मौके पर भेजा गया है।

### संविदा परिचालकों का विरोध प्रदर्शन पुलिस ने हिरासत में लिया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में हजरतगंज स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल प्रतिमा पर विरोध प्रदर्शन। दुबग्गा डिपो के संविदा परिचालकों ने हजरतगंज में विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर कई दिनों से दुबग्गा डिपो पर कार्य बहिष्कार करके विरोध कर रहे थे मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद हजरतगंज में प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रदर्शनकारी परिचालकों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेजा गया। प्रदर्शन कर रहे अमित सिंह ने कहा कि दुबग्गा डिपो के संविदा कर्मचारियों का प्राइवेट कंपनी एसएस एंटरप्राइजेज में विलय किया जा रहा है जो स्वीकार नहीं है। कोई भी चालक या परिचालक को प्राइवेट कंपनी के साथ काम करना नहीं चाहता है। सिटी बसों में सेवा देने वाले लगभग 200 से अधिक परिचालक विगत कई दिनों से हड़ताल पर हैं। जिसकी वजह से शहर के 22 प्रमुख रूट पर चलने वाली सिटी बसें प्रभावित हो रही है। प्रदर्शनकारियों ने मांग पूरी न होने पर आत्महत्या की चेतावनी दिया। प्रदर्शन कर रहे विकास ने कहा कि जब तक हम लोगों की मांग पूरी नहीं हो जाएगी यह विरोध चलता रहेगा। लगातार चालकों और परिचालकों के अधिकारों का हनन करने की कोशिश की जा रही है। हम लोग संविदा पर काम कर रहे हैं पहले से ही वेतन बहुत कम है और सुविधाएं शून्य । अब अगर प्राइवेट कंपनियों के हाथ में चले जाएंगे तो शोषण बढ़ जाएगा। इसलिए सभी परिचालक कार्य बहिष्कार करके सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकरियों ने कहा कि हम लोग की सुनवाई नहीं हो रही थी जिसके बाद हमारे कई साथी मुख्यमंत्री आवास आत्मदाह करने पहुंचे थे। उन्हें भी जेल भेज दिया गया है। हमारी मांग है कि सभी साथियों को छोड़ा जाए और मुकदमे वापस लिया जाए। यह सीधे तौर पर तानाशाही है कि जब हमारी भर्ती संविदा पर हुई थी तो प्राइवेट कंपनी में क्यों भेजा जा रहा है। और विरोध करने पर हम सभी लोगों मुकदमे को धमकी दी जा रही है और कुछ साथियों को जेल भी भेज दिया गया।

# सोलर दीदियों को नियुक्ति पत्र व प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरित

▸ सोलर दीदियों को 14,156 प्रतिमाह मिलेगा मानदेय

▸ निःशुल्क मिलेगा 2 किलोवाट, रूफटॉप सोलर संयंत्र व इंडक्शन स्टोव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



केंद्रीय योजनाओं को योगी सरकार यूपी में बेहतर तरीके से कार्यान्वित कर रही है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और सोलर दीदियों के सशक्तीकरण के लिए योगी सरकार ने कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें शनिवार को प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत संचालित एमएनआरई सिटी एक्सीलेटर प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षित सोलर दीदियों को ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा द्वारा नियुक्ति पत्र एवं प्रशिक्षण प्रमाणपत्र वितरित किए गए। सोलर दीदियों को प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाणपत्र प्रदान किए गए तथा उन्हें सौर ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से जोड़ा गया।

इस अवसर पर हनुमंत रिन्युवल कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा बताया कि कंपनी चयनित सोलर दीदियों को 14,156 प्रतिमाह मानदेय प्रदान करेगी। सोलर दीदी को कंपनी निःशुल्क 2 किलोवाट रूफटॉप सोलर संयंत्र तथा इंडक्शन स्टोव भी उपलब्ध करायेगी, जिससे वे स्वच्छ ऊर्जा को जीवन में अपनाने के साथ समाज में इसके प्रचार-प्रसार की प्रभावी भूमिका निभा सकें।

एमएनआरई कैप कंसल्टेंट उपकारी नाथ ने बताया कि पहल प्रधानमंत्री के सौर ऊर्जा युक्त भारत एवं महिला सशक्तीकरण के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सोलर दीदियां प्रधानमंत्री सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को आवेदन प्रक्रिया, सब्सिडी, रूफटॉप सोलर स्थापना तथा अन्य सौर ऊर्जा संबंधी जानकारी एवं सहायता प्रदान करेंगी।

भारत सरकार द्वारा सिटी एक्सीलेटर प्रोग्राम के अंतर्गत सोलर दीदियों के लिए विशेष प्रोत्साहन की व्यवस्था की गई है। सोलर दीदियां घर-घर जाकर नागरिकों को रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी तथा ऊर्जा सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। कार्यक्रम में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शम्भु कुमार, यूपीनेडा के निदेशक रविन्दर सिंह, वाराणसी नगर निगम के नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# जन्मदिवस पर कपिल देव को सीएम, केंद्र एवं प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने दी शुभकामनाएं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं मुजफ्फरनगर सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कपिल देव अग्रवाल को उनके जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित केंद्र एवं राज्य सरकार के अनेक मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और प्रतिष्ठित हस्तियों ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई संदेश प्रेषित किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों, प्रदेश सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, उद्योग जगत से जुड़े व्यक्तियों तथा प्रबुद्ध नागरिकों ने दूरभाष, सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। जन्मदिवस पर प्राप्त हुए स्नेह, सम्मान और शुभकामनाओं से अभिभूत मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सभी शुभचिंतकों, मित्रों एवं समर्थकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

# जनकल्याण व विकास से जुड़े विषयों पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे : राजनाथ



▸ राजनाथ सिंह से मिले प्रतिनिधिमंडल, विकास मुद्दों पर की चर्चा

▸ शिक्षाविदों, चिकित्सकों, उद्यमियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने रखे सुझाव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

केंद्रीय रक्षा मंत्री और लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के लखनऊ प्रवास के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधिमंडलों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, चिकित्सकों, उद्यमियों और भाजपा पदाधिकारियों ने उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्रीय विकास, जनहित और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की मौजूदगी में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की सचिव डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. वरुण छाछर, वोवीनाम एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और बाबा भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के प्रो. पवन कुमार समेत कई प्रतिनिधिमंडलों ने रक्षा मंत्री से मुलाकात कर अपने सुझाव और मांगें रखीं।

उद्योग जगत से जुड़े उद्यमी आनंद स्वरूप अग्रवाल, रीतेश श्रीवास्तव, पवन जैन, रविंद्र गुप्ता, अनिल गट्टानी और रजनीश सेठी सहित अन्य लोगों ने भी रक्षा मंत्री से भेंट कर विभिन्न विकास संबंधी विषयों पर चर्चा की।

वहीं चिकित्सक प्रतिनिधिमंडल की ओर से डॉ. नकुल सिन्हा ने स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में शंकर लाल लोधी, रामचंद्र कनौजिया, श्रीकृष्ण लोधी, बीना गुप्ता, रंजना द्विवेदी, सौरभ श्रीवास्तव, हरिशंकर बाजपेयी, कौशल जायसवाल, रागिनी रस्तोगी और पी.एन. सिंह ने भी रक्षा मंत्री से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा करते हुए सभी सुझावों को गंभीरता से सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनकल्याण और विकास से जुड़े विषयों पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# जीएसटी-व्यापारी संवाद कार्यक्रम में व्यापारियों की समस्याएं सुलझीं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



निशातगंज स्थित प्रेम बाजार में शनिवार को जीएसटी एवं व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की जीएसटी से संबंधित समस्याओं का समाधान करना और उन्हें कर व्यवस्था के प्रति जागरूक बनाना था। बड़ी संख्या में व्यापारियों ने इसमें भाग लिया और अपने प्रश्न अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में जीएसटी विभाग के उपयुक्त उमाशंकर विश्वकर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने व्यापारियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का विस्तार से उत्तर दिया। विश्वकर्मा ने जीएसटी से संबंधित नियमों, प्रक्रियाओं और व्यावहारिक समस्याओं पर सरल भाषा में जानकारी प्रदान की, जिससे व्यापारियों की कई शंकाएं दूर हुईं। संवाद सत्र के दौरान, व्यापारियों ने रिटर्न फाइलिंग, कर भुगतान, तकनीकी समस्याओं और अन्य प्रशासनिक विषयों से संबंधित प्रश्न उठाए। उपयुक्त उमाशंकर विश्वकर्मा ने सभी सवालों का धैर्यपूर्वक जवाब दिया और उनकी जिज्ञासाओं को शांत करने का प्रयास किया। कई व्यापारियों ने अधिकारियों के स्पष्टीकरण पर संतोष व्यक्त किया और कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया। इस कार्यक्रम की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि कुछ व्यापारियों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। इससे व्यापारियों में जीएसटी विभाग के प्रति विश्वास बढ़ा और एक सकारात्मक माहौल निर्मित हुआ।

उपस्थित व्यापारियों ने ऐसे संवाद कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि वे अपनी समस्याओं को सीधे अधिकारियों तक पहुंचा सकें। इस व्यापारी-जीएसटी विभाग संवाद कार्यक्रम का आयोजन जावेद बेग द्वारा किया गया था।

इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, नगर युवा अध्यक्ष अश्वन वर्मा, विपिन अग्रवाल, मोहम्मद ओवैस, राजेंद्र कुमार खरबंदा, हिना सिराज खान, रवि अरोड़ा, कुणाल अरोड़ा, कुलदीप, लईक अहमद, मुकेश अग्रवाल, सोनी जैन, उमेश थडानी, अयाज अहमद कुरैशी और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क किनारे कूड़ा डालकर आग लगा रहे नगर निगम के कर्मचारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



ठाकुरगंज क्षेत्र के गऊघाट गेट के पास नगर निगम कर्मचारियों की ओर से सड़क किनारे कूड़ा फेंकने और बाद में उसमें आग लगाने का मामला सामने आया है। इससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी के अनुसार कूड़े में आग लगाने से धुआं आसपास के घरों तक पहुंच रहा है, जिससे सांस लेने में दिक्कत होती है। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के लिए घरों में रहना मुश्किल हो जाता।वही राहगीर इस धुआं से निकाल रास्ते तय कर रहे हैं।

निवासियों का कहना है कि कूड़े के ढेर के आसपास लावारिस पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। पशु कूड़े में पड़ी प्लास्टिक और अन्य हानिकारक सामग्री खा रहे हैं, जो उनकी सेहत के लिए भी नुकसानदायक है। लोगों का यह भी कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग करते हुए सड़क किनारे कूड़ा डालने और उसे जलाने पर तत्काल रोक लगाने की अपील की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और क्षेत्र में स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित हो सके।

### कुकरैल में धर्मांतरण का मामला आया सामने, मॉर्निंग वॉक पर आए लोगों ने बुलाई पुलिस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के इंदिरा नगर थाना क्षेत्र में धर्मांतरण का मामला सामने आया है। लोगों का आरोप है वहां पर विशेष धर्म के बारे में प्रचार किया जा रहा था और हिंदुओं के खिलाफ भी बोला जा रहा था। इंदिरा नगर थाना क्षेत्र स्थित कुकरैल जंगल में शनिवार सुबह धर्मांतरण कराकर क्रिश्चियन बनाने का मामला सामने आया है। सुबह के समय टहलने गए लोगों ने इसका विरोध किया तो झुंड में आए लोगों ने झगड़ा शुरू कर दिया। मामला बढ़ने पर वहां मौजूद लोगों ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस सभी लोगों को समझा बूझकर थाने जाकर शिकायत करने की बात कही। वहीं पुलिस का कहना है मामला संज्ञान में नहीं है न ही कोई तहरीर प्राप्त हुई है।

**सराहनीय** — एक फोन कॉल पर दूर हो रहीं समस्याएं

# योगी सरकार में दिव्यांगों को त्वरित न्याय, 96.38 फीसदी शिकायतों का निस्तारण

▸ कृत्रिम अंग, स्वावलंबन कार्ड की शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

दिव्यांगजन योगी सरकार की प्राथमिकताओं में प्रमुख रूप से शामिल हैं। उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-1995 प्रभावी माध्यम के रूप में उभरी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में विभाग ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान कुल 7,707 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिनमें से 7,428 शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया है।

96.38 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया गया है। शिकायत निस्तारण का उच्च प्रतिशत राज्य सरकार की संवेदनशीलता, जवाबदेही और दिव्यांगजनों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों में योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित मामले शामिल हैं। इनमें दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना से संबंधित 7,281 शिकायतें, स्वावलंबन कार्ड से संबंधित 52 शिकायतें और दुकान निर्माण एवं संचालन योजना से संबंधित 67 शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से संबंधित 23 शिकायतें, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना से संबंधित 69 शिकायतें और अन्य विषयों से जुड़ी 215 शिकायतें दर्ज की गई थीं। इसमें स्वावलंबन कार्ड, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना और अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया है। उपलब्धि सरकार की दिव्यांग हितैषी नीतियों और प्रभावी प्रशासनिक तंत्र का प्रमाण है। प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाएं शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक दिव्यांगजनों की पहुंच को मजबूत कर रही हैं। शिकायत निवारण तंत्र को सुदृढ़ बनाकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी दिव्यांगजन को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े।

हेल्पलाइन व्यवस्था ने दिव्यांगजनों और शासन-प्रशासन के बीच एक प्रभावी संवाद स्थापित किया है, जिसके माध्यम से लाभार्थी अपनी समस्याएं सीधे संबंधित विभाग तक पहुंचा सकते हैं।

दिव्यांगजन अपनी समस्याओं, शिकायतों और योजनाओं की जानकारी के लिए विभाग की टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-180-1995 पर संपर्क कर सकते हैं। विभाग की ओर से शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है।

इस संबंध में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के उप निदेशक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण एवं सशक्तीकरण के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025-26 में हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त कुल शिकायतों में से 96.38 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया गया है। विभाग का प्रयास है कि पात्र दिव्यांगजन को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर, पारदर्शी और सरल तरीके से उपलब्ध हो तथा समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा सके ताकि दिव्यांगजन को भटकना न पड़े।

# दीवार फांदकर घुसे चोर, लाखों के जेवर किए पार, अलमारी मैदान में फेंककर भागे

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

काकोरी थाना क्षेत्र के सकरा गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने एक घर का सारा कीमती सामान चुरा लिया। लाखों के गहने पार कर दिए। दीवार फांदकर अंदर घुसे थे, फिर अंदर से गेट खोलकर गहने, कपड़े और मोबाइल फोन चुराकर भाग गए।

पीड़ित के घर की अलमारी पास के मैदान में मिली है। पीड़ित मकान मालिक के अनुसार, चोरों ने उनके घर की भरी अलमारी उठा ले गए थे। मैदान में उसका ताला तोड़कर पूरी अलमारी खंगाल ली। इसमें लाखों रुपए के जेवरात, नकदी और तीन मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। सुबह परिवार के जागने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सकरा गांव निवासी रुखसार पत्नी नईम ने काकोरी थाने में



तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि रात में वह अपने पति के साथ घर में सो रही थीं, जबकि बच्चे एक शादी समारोह में गए हुए थे। इसी दौरान चोर पड़ोसी सलीम के मकान की दीवार के सहारे उनके घर में दाखिल हुए। चोरों ने सबसे पहले मोबाइल फोन चुराए और फिर तकिए के नीचे रखी चाबियों का गुच्छा उठा लिया। इसके बाद चोरों ने घर के सभी कमरों की तलाशी ली और अलमारी में रखा सामान निकाल लिया। पीड़िता के अनुसार, चोर लगभग पांच हजार रुपए नकद, सोने का हार, बड़े और छोटे झुमके, अंगूठियां, चार जोड़ी पायल सहित अन्य कीमती आभूषण और तीन मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग सात लाख रुपए बताई गई है। रुखसार के बड़े भाई नसीम ने बताया कि चोर अलमारी को घर से कुछ दूरी पर स्थित एक मैदान में ले गए।

वहां उन्होंने अलमारी को तोड़कर उसमें रखे जेवरात और नकदी निकाल ली और उसे वहीं फेंक दिया। रुखसार ने पड़ोस में रहने वाले कुछ कबाड़ी लोगों पर चोरी का संदेह भी जताया है। सूचना मिलने पर काकोरी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों की मदद से चोरों की तलाश कर रही है।

## खबरें एक नजर में

# विश्वविद्यालय में आइ.क्यू.ए.सी. के सुदृढ़ संचालन की पहल

### प्रो. अजीत सिंह चारग बने समन्वयक

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में प्रशासनिक एवं शैक्षणिक गतिविधियां सतत प्रगति की ओर अग्रसर हैं। इसी क्रम में विश्वविद्यालय में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। विश्वविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आइ.क्यू.ए.सी.) के कार्यों के सुचारु संचालन एवं शैक्षणिक व प्रशासनिक गुणवत्ता संवर्धन के उद्देश्य से कुलपति महोदय के आदेशानुसार खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो अजीत सिंह चारग को आइ.क्यू.ए.सी. का समन्वयक नामित किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी कार्यालय ज्ञाप के अनुसार प्रो.चारग को आइक्यूएसी के समुचित गठन एवं संचालन से संबंधित कार्यों के लिए कुलपति महोदय के समक्ष प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। ज्ञात हो कि आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ उच्च शिक्षा संस्थानों में शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार, बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में सुधार तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र के रूप में कार्य करता है। विश्वविद्यालय द्वारा इस दिशा में उठाया गया कदम उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को नई दिशा प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय के मीडिया सेल ने बताया कि संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पारदर्शी प्रशासन और सतत सुधार हेतु अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप आगे बढ़ रहा है।

## लाइट सही करने के दौरान लाइनमैन गिरकर चोटिल

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।** बिजली लाइन की मरम्मत के दौरान एक संविदा लाईनमैन गिरकर चोटिल होगया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सहकर्मियों और स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए चोटिल लाइनमैन को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार संविदा लाइनमैन संजय पाल शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे बिजली आपूर्ति सुचारू करने के लिए एक खंभे पर चढ़कर तार ठीक कर रहे थे। इसी दौरान अचानक वह गिर गया और गिरकर चोटिल हो गया। घटना देखकर आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही विभागीय कर्मचारी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तथा घायल को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले गए। चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने भी मामले जानकारी प्राप्त की।

## चयन समिति की बैठक 10 जून को

**शाहजहांपुर।** उ.प्र. माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत माटीकला के परम्परागत कारीगरों, शिल्पकारों को निःशुल्क टूल किट विद्युत चालित कुम्हारी चॉक व पगमिल मशीन वितरण के लिये लाभार्थियों के चयन हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण की अध्यक्षता में 10 जून को दिन में 12:00 बजे कार्यालय-ग्राम्य विकास अभिकरण शाहजहॉपुर में आयोजित की जायेगी।

## कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।** खाद की किल्लत से किसानों को हो रही परेशानी के चलते कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। साथ ही ज्ञापन में बताया कि अगर किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नही किया गया तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। शनिवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। दिए हुए ज्ञापन ने बताया कि इस समय फसलों की बुबाई हेतु किसान भाइयों को डीएपी व यूरिया की आवश्यकता है। लेकिन फैक्ट्री इत्यादि की प्राइवेट सप्लाई के कारण किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी व यूरिया खाद के लिए किसानों को लंबी लम्बी लगानी पड़ती है लेकिन उसके बाबजूद भी किसानों को खाद नही मिल पा रही है। जिसके चलते एक गम्भीर समस्या उतपन्न हो रही है। यदि किसानों को साधन मुहैया न हुए तो किसानों का भविष्य संकट में आ जायेगा।, किसानों को आवारा पशुओं से आएदिन जानमाल का खतरा बना रहता है वही फसलों का भी किसान होता है। सरकारी आदेश गौशाला जैसी योजनाएं परियोजनाएं केवल कागजो तक सीमित रहती है क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। ज्ञापन देने बालो में आशीष कुमार, पंकज मिश्रा, पूरन सिंह, सुभाष कुमार, अनिल कुमार, अजयपाल सिंह, शैलेन्द्र अर्चना मिश्रा, विश्राम सिंह, प्रेमशंकर, पुष्पा देवी, सीता देवी, रामबेटी, अभय कश्यप, सोनू, गीता आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद के चलते राइफल के प्रदर्शन पर प्रधान व साथियों के खिलाफ रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**

जमीनी विवाद के चलते दो दिन पूर्व रात में रायफल हाथ में लेकर प्रदर्शन करने तथा दवांगई करने के मामले में पीड़ित की ओर प्रधान समेत तीन भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है कोतवाली क्षेत्र के गांव गोपाल पुर नगरिया निवासी वीरपाल ने पिस को बताया कि बीती चार जून की रात गांव प्रधान धर्मेंद्र अपने भाई विजेंद्र व जितेंद्र के साथ रायफल व अन्य असलाह लेकर उसके घर में घुस पड़े । और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। नगरिया मोड पुलिस चैकी इंचार्ज अनुज चैधरी ने बताया कि घटना होने की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे थे। उस समय रायफल कॉक करने की वीडियो सामने नहीं आई थी। अगले दिन वह वीडियो सामने आने पर शनिवार को रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है।

# भैसी व गोमती नदी किनारे हुआ हरिशंकरी वृक्षारोपण

▸ पर्यावरण व जल संरक्षण का दिलाया संकल्प




**समृद्धि न्यूज़, शाहजहांपुर।** गोमती तट के कायाकल्प एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने विकास खंड बंडा स्थित सुनासीर नाथ मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा मंदिर परिसर एवं गोमती नदी क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार एवं प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने गोमती नदी तट एवं ग्राम रसूलापुर में हरिशंकरी पीपल, बरगद, पाकड वृक्षों का रोपण किया। कार्यक्रम के दौरान बृज प्रांत अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक ने लोक भारती द्वारा संचालित सामाजिक प्रयासों जैसे जल संरक्षण, तालाब संरक्षण एवं वृक्षारोपण अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ग्रामवासियों से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने की अपील की। भाजपा जिलाध्यक्ष के.सी. मिश्रा ने गोमती एवं भैसी नदी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिला प्रशासन एवं लोक भारती द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित जनसहभागिता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। ब्लॉक प्रमुख बंडा ओम प्रकाश ने जल के महत्व को रेखांकित करते हुए जल संरक्षण पर विशेष बल दिया तथा लोगों से पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनने का आह्वान किया। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार की एक जनपद-एक नदी पुनरोद्धार योजना को ऐतिहासिक पहल बताते हुए जनपद में पुनर्जीवित हुई भैसी नदी के लिए लोक भारती टीम, जिला प्रशासन एवं स्थानीय ग्रामीणों के प्रयासों की सराहना की। जिलाधिकारी ने बताया वर्षा जल को संजोने हेतु नदी में प्रत्येक 01 किमी की दूरी पर भू जल संरक्षण हेतु व्यवस्था की गयी है। उन्होंने आगामी जुलाई माह में भैसी नदी की दूसरी धारा पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान में जनसहयोग की अपील भी की। अपर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए शेष विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महंत सुनासिर नाथ, खंड विकास अधिकारी बंडा एवं पुवायां, जिला उद्यान अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी लोक भारती के कार्यकर्ता, ग्राम प्रधान, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन देवेंद्र प्रताप सिंह, राजीव सिंह, डॉ. संजय अवस्थी, आलोक मिश्रा सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नगर पालिका बंडा, वन विभाग, लोक भारती, जिला गंगा समिति, सुनासिर नाथ मंदिर प्रबंधन समिति एवं स्थानीय ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।

## नवागत प्राचार्य डॉ. सुरचना त्रिवेदी का किया स्वागत



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** आर्य महिला पीजी महाविद्यालय की नवागंतुक प्राचार्य डॉ. सुरचना त्रिवेदी के पदभार ग्रहण करने पर सामाजिक कार्यकर्ता कुंवर मुनीश सिंह परिहार एडवोकेट एवं अरविन्द मिश्रा ने अपने साथियों सहित उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कुंवर मुनीश सिंह परिहार एवं अरविन्द मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. सुरचना त्रिवेदी को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि डॉ. त्रिवेदी के नेतृत्व में महाविद्यालय शिक्षा, संस्कार एवं गुणवत्ता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। डॉ. सुरचना त्रिवेदी ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह महाविद्यालय की शैक्षिक परंपराओं को और सुदृढ़ बनाने तथा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करेंगी। अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप महावीर वर्मा, आशीष कुमार, राम मूर्ति कश्यप उपस्थित लोगों ने नवागंतुक प्राचार्य के सफल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं।

## उड़ान एक उम्मीद संस्थान ने किया पौधारोपण, हनुमत धाम में लगाए 30 पौधे



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उड़ान एक उम्मीद संस्थान द्वारा हनुमत धाम परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्री बजरंग बली जी के चरणों में विजोनिया के 15 पौधे तथा परिसर के निचले भाग में 15 बोगनवेलिया के पौधे रोपे गए। संस्थान की ओर से कहा गया कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए जल संरक्षण और पौधारोपण अत्यंत आवश्यक हो गया है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार के सदस्यों के जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ एवं अन्य शुभ अवसरों पर पौधारोपण करने की पहल करनी चाहिए। साथ ही ऐसे स्थानों का चयन करना चाहिए, जहां पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर भी एक पौधा रोपित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं प्रदेश की निरंतर प्रगति के लिए मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर संस्थान की अध्यक्ष नीलम गुप्ता, सचिव रेखा मोदी एवं सहसचिव रश्मि गुप्ता उपस्थित रहीं।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन, सिटी मजिस्ट्रेट ने किया सम्मानित



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** संकल्प भारत शोध न्यास द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के विशेष अवसर पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय कटते जंगल, बढ़ती गर्मी रखा गया था, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट रजनीकांत पांडेय ने विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने संस्था और बच्चों के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर प्रतियोगिता के दौरान तैयार किए गए जागरूकता पोस्टर्स को जिला प्रशासन को भी सौंपा गया ताकि पर्यावरण संरक्षण के इस संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित किया जा सके। प्रथम पुरस्कार अनाया गुप्ता, द्वितीय जसलीन, तृतीय पुरस्कार निदा को दिया गया, जबकि सांत्वना पुरस्कार फिजा परवीन को मिला। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा बढ़ती गर्मी और कटते जंगल आज के समय की सबसे बड़ी चुनौती हैं। ऐसे में बच्चों द्वारा पोस्टर्स के माध्यम से दिया गया यह संदेश समाज को जागरूक करने में बेहद अहम भूमिका निभाएगा।

## मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन का संदेश: 'पौधे लगाएं ही नहीं, उन्हें वृक्ष भी बनाएं'

▸ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनोखी पहल, ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने अपनाए पौधे



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा ए.बी. रिच इंटर कॉलेज मिशन स्कूल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनका संरक्षण करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महानगर उपाध्यक्ष राजकमल वाजपेई ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस पर लगाया गया प्रत्येक पौधा धरती माता के प्रति हमारी कृतज्ञता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। यदि हम वास्तव में अपने बच्चों को स्वस्थ और खुशहाल जीवन देना चाहते हैं तो हमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना होगा। एसोसिएशन के संस्थापक, महासचिव अंतर्राष्ट्रीय ताइक्वांडो मास्टर एड. डॉ. पुनीत मनीषी ने कहा कि एक पौधा लगाना केवल पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि जीवन के प्रति प्रेम और आने वाले कल के प्रति हमारी संवेदनशीलता का परिचय है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा 'वृक्ष मित्र योजना' की शुरुआत की गई है। इस योजना के अंतर्गत ताइक्वांडो के बच्चों ने उत्साहपूर्वक आगे आकर लगाए गए पौधों की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी ली है। हमारा मानना है कि पौधारोपण तभी सार्थक है जब पौधा जीवित रहकर वृक्ष का रूप धारण करे। इसलिए जो भी व्यक्ति या बच्चा किसी पौधे को एक वर्ष तक सुरक्षित रखने, उसकी नियमित देखभाल करने और उसे विकसित करने की जिम्मेदारी निभाएगा, तथा पौधा स्वस्थ रूप से विकसित होगा, उसे एक वर्ष पूर्ण होने पर मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। हम सभी को केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संकल्पपूर्वक संरक्षित भी करना चाहिए। यही प्रकृति के प्रति सच्ची सेवा और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

## सीएम के जन्मदिन पर लगाया प्याऊ



**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर हिंदू युवा वाहिनी द्वारा क्षेत्र के ग्राम बिलंदपुर गद्दीपुर में शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, राहगीरों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। हिंदू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ लोगों को शरबत वितरित किया तथा मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और प्रदेश की निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। उनके जन्मदिवस पर जनसेवा और समाजहित के कार्य करना उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक माध्यम है। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी अमित दीक्षित, महेश सिंह, दिनेश शुक्ला, संगठन मंत्री शुभम मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष दर्शन दीक्षित, सौरभ सिंह, विपुल शुक्ला, आशीष मिश्रा, जिला मंत्री विजय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सुधीर सिंह, विक्रम सिंह, संजीव सिंह, मनोज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष आदित्य पांडेय आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने व्यक्त किया शोक



**कुर्रियां कलां, शाहजहांपुर।**

कुर्रियां कलां निवासी ठाकुर सोनपाल सिंह के पोते का निधन हो गया था। शनिवार को विधायक अरविंद सिंह और पूर्व विधायक देवेंद्र पाल सिंह उनके आवास पर पहुंचे और शोक व्यक्त किया। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान विधायक अरविंद कुमार सिंह, पूर्व विधायक देवेंद्र पाल, विधायक के निजी सचिव हरजीत सिंह चैहान, विकास सिंह चैहान, संतोष सिंह, राजू सिंह, पूर्व विधायक देवेंद्र पाल सिंह का पोता वंश सिंह आदि मौजूद है।

## राष्ट्रवादी पार्टी ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** राष्ट्रवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह चंदेल के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जनपद की विभिन्न जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई गई। ज्ञापन में शहर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने, किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराने तथा जनपद के प्रत्येक गांव में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त आवश्यक खाद्य पदार्थों एवं 1500 रुपये तक की दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर जीएसटी समाप्त करने की मांग भी की गई, जिससे आम नागरिकों को राहत मिल सके। पार्टी ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निर्मित सड़कों, सीसी रोड एवं खड़ंजों का पुनर्निर्माण कराने, तालाबों एवं जलाशयों पर हुए अवैध कब्जों को हटाकर उनका सौंदर्यीकरण कराने तथा थानों, तहसीलों एवं ब्लॉकों को दलाल-मुक्त बनाने की भी मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि उक्त समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कर जनता को राहत प्रदान की जाए। साथ ही प्रशासन से मांग की गई कि की गई कार्यवाही की जानकारी एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मानव सेवा में रेड क्रॉस और लोकभारती का संगम



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी कार्यालय में लोकभारती के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव एवं समाजसेवी डॉ. विजय जौहरी से भेंट कर उनके जनहित एवं मानवीय सेवा कार्यों की सराहना करते हुए लोकभारती के पदाधिकारियों ने कहा कि जनपद स्तर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मानव सेवा, जनजागरूकता एवं राहत कार्यों में निभाई जा रही सक्रिय भूमिका ही उसके प्रति समाज के बढ़ते विश्वास का आधार है। रेड क्रॉस के साथ सहयोग की लोकभारती की पहल इस बात का प्रमाण है कि संस्था जनहित एवं मानवता की सेवा में प्रभावी रूप से कार्य कर रही है। दोनों संगठनों ने भविष्य में भी जनकल्याण एवं राष्ट्रहित के कार्यों में संयुक्त रूप से सहयोग करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ. जौहरी ने कहा की रेड क्रॉस सोसाइटी की जनपद स्तर पर सक्रिय मानवीय सेवाएं ही उसके प्रति समाज के विश्वास का आधार हैं। लोकभारती का सहयोग एवं सम्मान इस बात का प्रमाण है कि संस्था मानव सेवा के अपने दायित्व का प्रभावी निर्वहन कर रही है। लोकभारती के पदाधिकारियों के ये शब्द मेरे लिए प्रेरणास्रोत हैं। इससे मानव सेवा के प्रति मेरी जिम्मेदारी और बढ़ गई है। मैं जनपद में समर्पित भाव से मानव सेवा के कार्यों का निरंतर निर्वहन करता रहूँगा। लोकभारती के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज में किए जा रहे सेवा कार्यों का निष्पक्ष मूल्यांकन और प्रोत्साहन समाजसेवा की भावना को सशक्त बनाता है। उन्होंने रेड क्रॉस का प्रतीक चिह्न एवं सम्मान-पट्टिका प्रदान कर अतिथियों का अभिनंदन किया तथा मैडल पहनकर ओढ़ने के वस्त्र एवं गौशाला प्रबंधन के तिरपाल भेंट किया। लोकभारती के प्रतिनिधियों ने बताया कि संगठन किसान कल्याण, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, राष्ट्रचेतना एवं मानव सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज संगठन से राष्ट्रहित एवं जनकल्याण के कार्यों में अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन करने की अपेक्षा रखता है।

और लोकभारती इस दायित्व के प्रति प्रतिबद्ध है। लोकभारती के पदाधिकारियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित स्वास्थ्य, राहत एवं जनसेवा कार्यक्रमों की सराहना करते हुए भविष्य में भी जनहित के कार्यों में सहयोग का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर गोरक्ष परम्परा के संत और अध्यक्ष, गोरक्ष पीठ स्थान के महंत योगी हनुमान नाथ कामधेनु अवतरण अभियान न्यूरानपुर, पीलीभीत, सह संगठन मंत्री लोकभारती गोपाल, अध्यक्ष, ब्रजप्रांत लोकभारती डॉ विजय पाठक (सर्जन), सह संपर्क प्रमुख, लोकभारती संजय उपाध्याय, भाजपा के वरिष्ठ नेता रजनीश दीक्षित लखीमो, ऊँ दिव्यांगजन कल्याण समिति के बालकृष्ण पांडेय, बृजेश गुप्ता मुरारी लाल राठौर आदि कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# अधिवक्ताओं ने की एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** सेंट्रल बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपकर जनपद में न्यायिक सुविधाओं के विस्तार एवं अधिवक्ताओं की सुरक्षा से संबंधित मांगें उठाईं। ज्ञापन में कहा गया कि शाहजहांपुर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद की दूरी लगभग 400 किलोमीटर है, जिसके कारण वादकारियों एवं अधिवक्ताओं को न्यायिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे समय एवं धन की अतिरिक्त हानि होती है तथा आम नागरिकों को सुलभ न्याय प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि शाहजहांपुर को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ लखनऊ से संबद्ध किया जाए, जिससे क्षेत्र के नागरिकों एवं अधिवक्ताओं को राहत मिल सके। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वर्ष 1986 में जसवंत सिंह आयोग की रिपोर्ट में भी शाहजहांपुर को लखनऊ खंडपीठ से संबद्ध करने की संस्तुति की गई थी, जिसके समर्थन में अधिवक्ता लगातार आंदोलन करते आ रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में अधिवक्ताओं पर बढ़ रहे हमलों एवं हत्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए अधिवक्ताओं ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की भी मांग की। ज्ञापन सेंट्रल बार एसोसिएशन के महा सचिव राजेश अवस्थी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### कलीनगर संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं




**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत एवं जिला अधिकारी द्वारा तहसील कलीनगर में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान आमजन की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। लोगों ने अपनी शिकायतें एवं समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखीं। स्क्क पीलीभीत ने प्राप्त सभी शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और हर मामले का उचित समाधान किया जाए।जनसुनवाई में स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन के इस प्रयास का स्वागत किया। संपूर्ण समाधान दिवस के तहत जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान की यह पहल सराहनीय कदम मानी जा रही है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी प्राप्त आवेदनों पर सतर्कता से कार्यवाही की जाएगी।

### भट्ठे पर काम करने बाली युवती को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहाँपुर।** ईंट भट्टे पर काम करने बाली यू तो को भगा ले जाने की पीड़ित मां ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। निगोही क्षेत्र निवासी एक महिला ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह परिवार के साथ तिलहर क्षेत्र के एक गांव के भट्ठे पर ईट पथाई का काम करती है। जहां से बीती चार जून की रात मे किसी समय उसकी 20 वर्षीय बेटी को थाना गढ़िया रंगीन क्षेत्र के गांव अमरेडी निवासी सुमित कुमार सिंह पुत्र मुनेन्द्र सिंह बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोप है बेटी को भगाने में उसी गांव के मोहित कुमार सिंह व रजनीश सिंह व सुनील कुमार पुत्रगण राजपाल सिंह शामिल हैं। पीड़ित महिला ने बेटी द्वारा 25 हजार रूपए नगदी , सोने के एक जोड़ी कुंडल व बड़ी पायल साथ ले जाना का भी जिक्र किया है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है । युवती व आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### सीतापुर हाइवे पर ट्रक और ट्राली में भिड़ंत, तीन घायल



**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में लखनऊ नेशनल हाइवे पर शनिवार सुबह एक ट्रक ने ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्राली और ट्रेक्टर के परखच्चे उड़ गए। वही हादसे में ट्रक ड्राइवर सहित तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिये टैक्टर ट्राली पर सवार घायलों को शहर के किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह लगभग पांच के करीब एक ट्रैक्टर ट्राली तरबूज लेकर रोजा की ओर आ रही थी। तभी चकभिटारा के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैंक ने ट्राली में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक का अगला बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वही ट्रैक्टर ट्राली के परखच्चे उड़ गए। ट्राली में लदे तरबूज सड़क पर बिखर गए। वही ट्रक चालक आजमगढ़ निवासी पातीराम यादव सहित ट्रैक्टर पर बैठे दो लोग घायल हो गए। ट्रक चालक को अस्पताल भेज दिया गया। जबकि ट्रैक्टर सवारों को शहर के किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं।

### श्याम सगाई में श्रद्धालुओं ने की गोद भराई की रस्म

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर पालिका ग्राउंड में चल रही रासलीला के पांचवें दिन श्री राधा कृष्ण के मधुर मिलन के उपरांत श्याम सगाई के लीला मंचन में श्रद्धालुओं ने बाद चढ़ का भाग लेते हुए किशोरी जू की गोद भराई की रस्म की । भगवान श्री कृष्ण की माखन चोरी लीला देख पंडाल में उमड़ी भारी भीड़ की करतल ध्वनि और जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। श्री धाम वृंदावन से पधारे श्री राम श्याम लीला संस्थान द्वारा भगवान श्री राधाकृष्ण की रासलीला के पांचवें दिन बाल कृष्ण और वृज आह्लादिनी श्री किशोरी जू के फुलबगिया प्रथम मिलन प्रसंग से लेकर माखन चोरी लीला तक के मंचन से दर्शक भव विभोर हो गए । पंडित ओम प्रकाश शर्मा के संचालन और व्यास पंडित हरीओम शर्मा के माधुर्य गायन रसधारा में सराबोर श्रद्धालुओं ने भगवान बाल कृष्ण लीला में ष्राधिका गोरी से बिरज की छोरी से मैया कराए दे मेरो ब्याहष् की मनोहारी लीला के दर्शन और बरसाना धाम से गोकुल पहुंची बाल भोरी श्री किशोरी जू की मैया यशोदा द्वारा गोद भराई रस्म में तमाम महिला श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इसी क्रम में कन्हैया को रंगे हाथों माखन चोरी करने के दौरान पकड़ कर नंदरानी के पास लेजाकर उलाहना देने के एक सखी के मन में विचार आते ही भगवान सखी के इस भाव से प्रेरित हो भगवान उसके घर पहुंच माखन खाने लगे । सखी द्वारा पकड़े जाने पर बड़ी ही चतुराई से भगवान ने सखी को ही बांध दिया। बाल कृष की इस चपलता को देख श्रद्धालु जय जयकार करने लगे। और आमने बाल सखाओं को बुलाकर सखी के घर के छींके पर रखी माखन मटकी को फोड़ सबको माखन खिलाया। इस मौके पर देवेंद्र गुप्ता एडवोकेट, श्रीकांत अग्रवाल, आशोक रस्तोगी गोपाल जी, सुशील बाबू गुप्ता, प्रदीप गुप्ता सराफ हितेश गुप्ता रिंकू , सौरभ गुप्ता रवि, साहू मनोज गुप्ता, सुरेंद्र राठौर, सुमित गुप्ता, नीलेश गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, अविनाश गुप्ता, केशरी नंदन गुप्ता, जगदीश गुप्ता गुड्डू, अमित गुप्ता सोनी, तुषार रस्तोगी राजा, समेत तमाम भक्त मौजूद रहे। साहू मनोज गुप्ता की ओर से प्रसाद वितरण किया गया।

### जैतीपुर थाना प्रभारी ने कराया शरबत वितरण

**जैतीपुर (शाहजहांपुर)।** भीषण गर्मी और तेज धूप से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से जैतीपुर थाना परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में शनिवार को शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने किया। इस दौरान राहगीरों, वाहन चालकों, बाजार आने-जाने वाले लोगों तथा स्थानीय नागरिकों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों की सेवा करना पुलिस की सामाजिक जिम्मेदारी का भी हिस्सा है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पानी पीने, धूप से बचाव करने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। शरबत वितरण कार्यक्रम को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और इसे जनहित में उठाया गया सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे और उन्होंने लोगों को शरबत वितरित कर गर्मी से राहत पहुंचाने का प्रयास किया। क्षेत्र में इस पहल की व्यापक चर्चा रही।



# शिकायतों का अंबार देख डीएम का पारा हाई, विद्युत एक्सईन और कानूनगो सस्पेंड

- तहसीलदार व नायब तहसीलदार और कानूनगो कोई नहीं कर रहा सुनवाई
- नाराजगी भरे स्वर में एसडीएम से बोले डीएम, मैं क्या पहली बार पुवायां आया हूं ?



**समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।**

दिन शनिवार स्थान पुवायां की तहसील सभागार और घड़ी में लगभग सवा ग्यारह बज रहे होंगे, फरियादियों की इतनी लंबी कतार की, सभागार से बाहर परिसर तक भीड़ ही भीड़ देख डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह दंग रह गए। जब वह संपूर्ण समाधान दिवस पहुंचे तो भीड़ देखकर उन्होंने सबसे पहले तहसील स्तरीय अधिकारियों से कहा 5- 5 की संख्या में शिकायतकर्ताओं को अंदर भेजा जाए। इसके बाद डीएम ने फरियादियों की एक-एक कर शिकायतें सुननी शुरू की। लेकिन भीड़ का आलम इस कदर था कि कम होने का नाम ही नही ले रही थी। शिकायतें भी ऐसी जिसमें तहसील के छोटे-छोटे कार्मिकों के द्वारा ध्यान दिया जाता तो वह भीड़ का रूप नही बनती। हालांकि डीएम ने फिर भी दूर दराज से आने वाले फरियादियों की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को तलब तक मौके पर बुलाकर निस्तारण कराने के दिशा निर्देश दिए। शिकायतों में सबसे अधिक शिकायतें मेड़बंदी, पैमाइशन, कब्जे और विद्युत विभाग की रही। जिसको बार-बार सुनकर डीएम का पारा चढ़ गया और उन्होंने कई बार एसडीएम पुवायां पर नाराजगी जताई। बोले तुम्हारा न तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कानूनगो, लेखपाल कोई सुनवाई नही कर रहा है। नाराजगी भरे स्वर में उन्होंने कहा कि मैं क्या पहली बार पुवायां आया हूं, इससे पहले भी आया हूं, मैं देख रहा हूं कि दो-तीन माह से कोई सुनवाई नही हो रही है। आप लोग यहां क्या करते हैं। तमाशा बना रखा है। उसके बाद जन सुनवाई के दौरान ही डीएम ने सभी नायब तहसीलदारों, कानूनगो को तलब कर लिया और कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि आप लोग टीमें बनाकर शिकायतों का निस्तारण करें, जो भी शिकायतें आई है उनकी पीडीएफ बनाकर मुझे शाम को फारवर्ड करें। रविवार की रात 9 बजे तक शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण करके रिपोर्ट दें, अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई के लिए तैयार रहे।

**बिना सूचना डीएम के समाधान दिवस में एक्सईन गायब, सस्पेंड**

शनिवार को पुवायां में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न होना था, लेकिन पुवायां विद्युत विभाग के एक्सईन पुनीत गौतम की घोर लापरवाही सामने आई। वह बिना किसी सूचना के शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में गायब थे। उन्होंने अपनी जगह पर एसडीओ राजकुमार को भेज रखा था। डीएम के समक्ष जब विद्युत विभाग की शिकायतें पहुंची, तो उन्होंने एक्सईन को तलब किया, लेकिन उनकी मौजदूगी नही होने पर एसडीओ के पहुंचने पर उन्होंने एक्सईन के नही आने का कारण पूछा, तो एसडीएम ने बीमारी का हवाला दिया। डीएम ने सीधे एक्सईन के सस्पेंड के लिए निर्देश दिए और साथ ही बोले तबियत खराब थी, तो उसकी सूचना अधिकारियों को लिखित में देनी चाहिए थी। यहां पर जनता परेशान है और आप लोग तबियत खराब होने का बहाना बना रखा है। डीएम की नाराजगी यहीं तक सीमित नही रही, उन्होंने सीएमओ वीके मिश्रा से कहा कि एक्सईन का मेडिकल कराकर रिपोर्ट शाम तक उपलब्ध कराएं। साथ एसडीओ को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण कराकर शाम तक रिपोर्ट भेंजे।

**पैमाइश की गलत आख्या देने पर कानूनगो पर गिरी गाज**

तहसील दिवस के दौरान पुवायां के कानूनगो आदर्श कुमार द्वारा धारा 24 की पैमाइश की गलत आख्या देने की शिकायत आने पर डीएम ने मौके पर कानूनगो को तलब किया। सवाल-जबाव करने के बाद संतोष जनक उत्तर नही मिलने पर कानूनगो को तत्काल सस्पेंड करने के निर्देश दे दिए। एसडीएम सदानंद सरोज पर फिर नाराजगी जाहिर करते हुए लापरवाह अधीनस्थों पर एक्शन लेने को कहा है।

**दो बार आया चाय-नाश्ता किया वापस**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह पुवायां तहसील दिवस जनता की सुनवाई के लिए पहुंचे थे। लेकिन वहां की स्थिति देखकर वह शनिवार को काफी नाराज दिखे। शिकायतों की सुनवाई के दौरान दो बार चाय-नाश्ता आया, लेकिन उन्होंने दोनों बार वापस कर दिया। उनका पूरा फोकस जनता की शिकातयों का निस्तारण समय से होना और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ एक्शन पर था।

**समाधान दिवस में आईं 175 शिकायतें, 6 का निस्तारण**

संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 106, विद्युत 19, पुलिस 14, विकास 22 एवं अन्य विभाग की 14 कुल 175 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिसमें से 6 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान एसपी सौरभ दीक्षित, एडीएम एफआर अरविंद कुमार, डीएफओ सचिन कुमार, सीएमओ डॉ विवेक कुमार मिश्रा, डीडीओ ऋषिपाल सिंह, एसडीएम सदानंद सरोज, सीओ प्रवीण मलिक आदि मौजूद रहे।

# कुलपति ने मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके जन्मदिन के अवसर पर शिष्टाचार भेंट की एवं उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुलपति प्रो. सिंह से नवनिर्मित विश्वविद्यालय के संबंध में अब तक की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा विश्वविद्यालय की आगामी शैक्षणिक , प्रशासनिक योजनाओं एवं आवश्यकताओं के विषय में विस्तृत चर्चा की।भेंट के दौरान विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने तथा विश्वविद्यालय की भूमिका को और प्रभावी बनाते हुए वैश्विक रैंकिंग में लाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि हस्तांतरण के पश्चात संपूर्ण जमीन पर विश्वविद्यालय का स्वामित्व है। परिसर में स्थित समस्त मंदिरों और मूर्तियों की देखभाल तथा पूजा अर्चना की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की रहेगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय की कार्य परिषद का गठन किया जाएगा जिसमें ट्रस्ट की ओर से दो सदस्य नामित करने का अधिकार स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती को रहेगा। कार्यपरिषद में कोई भी आजीवन सदस्य नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की परिसीमा में आने वाले महाविद्यालयों को शीघ्र ही पुराने विश्वविद्यालय से असम्बद्ध करके नवीन विश्वविद्यालय से संबद्ध करने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि शीघ्र ही परीक्षा नियंत्रक एवं अन्य आवश्यक प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी ताकि विश्वविद्यालय का कार्य तीव्रता से संचालित हो सके।

सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिवार ने इस मुलाकात को जनपद में उच्च शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए हर्ष जताया है।

# जब तक भगवान भरोसे चल रहा है, तब तक चल रहा, दुर्घटना हुई तो बचाने वाला कोई नही

- पार्किंग और फायर एनओसी के लिए होटलों, रेस्टोरेंट, लॉन वालों के लिए एक सप्ताह का समय



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** आए दिन शहर में लगने वाली जाम एवं आगजनी की घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा इसकी रोकथाम के लिए कड़ा रूप अपनाया गया है। शनिवार को पुनः कलेक्ट्रेट बिस्लिम सभागार में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में महानगर के होटलों, रेस्टोरेंट व मेरिज लॉन संचालकों के साथ बैठक की गयी। एडीएम ने साफ किया कि फायर व पार्किंग एनओसी बगैर होटलों, रेस्टोरेंट, लॉनों का संचालन बर्दाश्त नही किया जाएगा। उन्होंने सभी को एक सप्ताह का समय देते हुए दोनों प्रकियां पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान सदर बाजार इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने अभी हाल ही में एक दुकान में लगी आग का जिक्र करते हुए कहा कि जब सूचना मिली वह पहुंचे तो वहां पर दुकान की सीढियों पर भी निकलने की जगह नही थी, पुलिसकर्मियों ने दीवार तोड़कर किसी तरह से आग पर काबू पाया। जिस पर एडीएम प्रशासन ने कहा कि हर कोई बैठा व्यक्ति सोचता है कि हम सुरक्षित है, जब तक कोई घटना नही होती है, जब तक राम भरोसे चल रहा है तब तक चल रहा है लेकिन जिस दि कोई दुर्घटना हुई तो संबंधित को बचाने वाला कोई नही होगा। संबंधित के खिलाफ जेल जाने, प्रतिष्ठान के ऊपर कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। उन्होंने होटलों, रेस्टोरेंट का रजिस्ट्रेशन सराय एक्ट में कराने के लिए कहा है। उन्होंने सभी प्रतिष्ठान मालिकों से कहा कि आप लोग अपने यहां फायर आफिसरों का विजिट करा लें और सभी मानक पूरे करते हुए एनओसी प्राप्त कर लें। सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत ने होटलों और रेस्टोरेंट संचालकों से दिल्ली और मुजफ्फरपुर की आग की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि फायर संबंधित व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें। अन्यथा की स्थिति में यदि घटना होती है कि आप से जबावदेही के साथ-साथ ही कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान कुछ संचालकों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी रखें है, जिस पर अधिकारियों ने नियमानुसार सहुलियत देने की बात कही है।

**परीक्षार्थियों से ओवररेट लिए तो होगी कार्रवाई**

जनपद में 8,9,10 को पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा का आयोजन 13 केंद्रों पर जिला प्रशासन करा रहा है। जिसको लेकर नगर मजिस्ट्रेट रजनीकांत ने होटल, रेस्टोरेंट और प्राइवेट वाहन मालिकों से कहा कि परीक्षार्थियों से यदि निर्धारित मूल्यों से अधिक भुगतान लिया गया, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# वोटर लिस्ट से लेकर महंगाई तक, सरकार पर जमकर बरसे अताउर रहमान

- पेपर लीक, खाद संकट और बढ़ती महंगाई को लेकर उठाए सवाल



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव, विधायक एवं पूर्व मंत्री अताउर रहमान शनिवार को पार्टी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एसआईआर अभियान के तहत मतदाता सूचियों की समीक्षा की। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों, विधानसभा अध्यक्षों, ब्लॉक प्रभारियों, बीएलए एवं बूथ प्रभारियों के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों और मतदाता सूची के सत्यापन को लेकर चर्चा की।बैठक में पहुंचने पर सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अताउर रहमान का फूलमालाओं और बुके देकर जोरदार स्वागत किया। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में अताउर रहमान ने प्रदेश सरकार पर विभिन्न मुद्दों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगातार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों और युवाओं की समस्याओं के समाधान में विफल रही है। किसानों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिल पा रहे हैं, जबकि सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली भी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में किसानों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं।महंगाई पर सरकार को घेरते हुए सपा विधायक ने कहा कि यदि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है तो गैस, डीजल और पेट्रोल के दाम लगातार क्यों बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है।मतदाता सूची के संबंध में उन्होंने कहा कि चुनाव के समय अक्सर मतदाता सूचियों में गड़बड़ियां देखने को मिलती हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर मतदाता सूची का गहन सत्यापन करने तथा फर्जी, डबल और गलत प्रविष्टियों को चिन्हित कर उन्हें हटवाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची का पारदर्शी और त्रुटिरहित होना आवश्यक है। अताउर रहमान ने दावा किया कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है।

# एसडीएम ने सहकारी समितियों का निरीक्षण का दिए खाद वितरण के निर्देश

- शुक्रवार को किसानों के हंगामे के बाद एसडीएम ने बरती सख्ती



**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर ।**

खाद वितरण न करने को लेकर बीते दिन किसानों द्वारा किए गए हंगामा मामले में एसडीएम जीत सिंह राय ने शनिवार को सहकारी समितियों पर पहुंच कर खाद वितरण के लिए कड़े निर्देश दिए। एसडीएम के निर्देश के बाद किसानों को खाद वितरित की गई।

मंडी समिति स्थित सहकारी संघ पर शुक्रवार को किसानों ने सचिव पर खाद न देने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा था। इसी के मद्देनजर शनिवार सुबह एसडीएम जीत सिंह राय ने बतलैया सहकारी समिति , क्रय विक्रय समिति , रूजवारी सरकारी समिति तथा मंडी समिति स्थित सहकारी संघ समिति का निरीक्षण किया। एसडीएम ने सभी प्रभारियों को मानक के अनुसार किसानों को खाद वितरित करने के निर्देश दिए।

एसडीएम ने कहा कि नाजायज दबाव बर्दाश्त न करें जरूरत पड़े तो पुलिस को बुलाए। एसडीएम के निर्देश पर सभी जगह लाइन लगाकर मानक के अनुसार खाद का वितरण किया गया।

# युवती ने गांव में डाक्टरी की दुकान चलाने वाले के खिलाफ दी अश्लीलता की तहरीर

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।** शादी बिना किए ही अफवाह फैलाने और ब्लैक मेल कर बीस बीघा खेत मांगने से पीड़ित युवती जब उलाहना देने पहुंची तो उसके साथ अश्लील हरकतें किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को नामजद तहरीर दी है । कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का आरोप है कि उसके गांव में निजामपुर निवासी राम रहीस पुत्र चेतराम ने डाक्टरी की दुकान खोल रखी है । उसने पुलिस को बताया कि उसके नाम पर 40 बीघा जमीन है । आरोप है कि राम रहीस ने उसके साथ शादी होने की अफवाह फैला रखी है । और वह उससे 20 बीघा खेत मांग रहा है। उसने बताया कि जब वह बीती 24 मई को राम रहीस की दुकान पर उलाहना देने गई तो उसने उसे बुरी नीयत से दबोच अश्लील हरकतें करने लगा । शोर मचाने पर कई लोग मौके पर एकत्र हो गए । तो उसने छोड़ दिया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर मिल गई है। रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र राजकमल को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।

राजेश पुत्र छेदालाल
नि.ग्रा. रतनपुर कुण्डा
तह. पुवायां, शाहजहांपुर।

**सूचना**

मैं DEV KUMAR SINGH मेरे पुत्र आर्मी नं-4282944N GOPAL JEE SINGH के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम त्रुटिवश DEO KUMAR SINGH गलत अंकित हो गया है जबकि सही नाम DEV KUMAR SINGH है व गलत वर्ष-03.02.1955 व सही वर्ष 1948 है।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, फंदे से लटका मिला शव

**समृद्धि न्यूज, खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव बखौरा में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। विवाहिता का शव घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई तथा जांच-पड़ताल शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, मृतका शिवानी (28 वर्ष) की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व बखौरा निवासी अंकित सिंह पुत्र मुनेश्वर सिंह के साथ हुई थी। मृतका के भाई मोनू, निवासी खानपुर, ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब दो बजे उन्हें सूचना मिली कि उनकी बहन ने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। मृतका के भाई ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोग उनकी बहन को लंबे समय से प्रताड़ित कर रहे थे। उनका कहना है कि उत्पीड़न से तंग आकर शिवानी ने यह कदम उठाया, जबकि परिवार के अन्य सदस्यों ने आरोप लगाया कि विवाहिता की हत्या कर शव को फंदे पर लटकाया गया है। मृतका की मां ने रोते-बिलखते कहा कि उनकी बेटी को ससुराल वाले लगातार परेशान करते थे और उन्होंने ही उसकी जान ली है। बताया जा रहा है कि मृतका का पति अंकित सिंह एक निजी फैक्ट्री में कार्यरत है। शिवानी अपने पीछे लगभग डेढ़ से दो वर्ष की एक मासूम पुत्री छोड़ गई है।

**कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर**

**NOTICE FOR INVITATION OF TENDER**

पत्रांक-770/PRO/नि.वि./न.नि.शाह./2026-27 दिनांक- 05.06.2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर निगम, शाहजहाँपुर में नगर विकास अनुभाग-5 के शासनादेश संख्याः-458/2025/नौ-5-2025/001-Com.No.-1957792 दिनांक-04.12.2025 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर योजना के नवसृजित/ सृजित होने वाले नगर निगमों में सड़कों के पुनरोद्धार/ नवीनीकरण / विस्तारीकरण योजना के अन्तर्गत चार कार्यों की ई-निविदायें दिनांक-06.03.2026 को आमंत्रित की गई थी जिसमें से एक कार्य (नगर निगम, शाहजहाँपुर में राज्य सेक्टर योजना के अन्तर्गत मार्गों के पुनरोद्धार/ नवीनीकरण/ विस्तारीकरण कराये जाने का कार्य पैकेज-02) की निविदा को कतिपय कारणों से निरस्त कर पुनः निविदा आमंत्रण की अनुमति तत्कालीन नगर आयुक्त महोदय द्वारा प्रदान की गई थी। कार्य की समस्त नियम व शर्तें बेबसाइट पर उपलब्ध है जिनका अवलोकन करने उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। बिना कारण बताये टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदा के संबंध में किसी भी प्रकार की सूचना बेबसाइट पर अपलोड कर दी जायेगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 08.06.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 08.06.2026 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि/समय | 23.06.2026 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 23.06.2026 - (03:00 PM) |
| फाईनेंशियल ई-निविदा खोली जाने हेतु | After Technical Evaluation |

ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल www.etender.up.nic.in पर किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहाँपुर

## मुनाफे के लिये मिलावट घोषित हो अपराध

यह इंसान के पतन की पराकाष्ठा ही है कि समाज में बच्चों, वृद्धों, बीमारों व कमजोर लोगों के स्वास्थ्यवर्धन हेतु डॉक्टर दूध-घी-फल लेने को कहे, लेकिन जब उन्हें ये मिले तो उसमें भारी मिलावट पायी जाए। लोग अस्पतालों में बीमारियों से जूझते अपने परिजनों को शीघ्र ठीक करने के लिये दूध व जूस आदि देते हैं, लेकिन उनमें भी यदि घातक रसायन मिले होंगे, तो वे कैसे ठीक हो सकते हैं? पिछले दिनों राजस्थान से अलीगढ़ लाया जा रहा सैकड़ों किलो घी बरामद हुआ। हापुड़ में करीब 22 लाख का नकली शहद पकड़ा गया। सोमनाथ में किडनी-लीवर को नुकसान पहुंचाने वाला यूरिया, डिटर्जेंट व कास्टिक सोडा मिला तीन हजार लीटर दूध बरामद होने की खबरें मीडिया में तैरती रहीं। आखिर लोभी मनुष्य के पतन की कोई सीमा भी है? चंद रुपयों के मुनाफे के लिये हम अपना दीन-ईमान बेचने के लिये कैसे तैयार हो जाते हैं? जीवन रक्षक दवा से लेकर खानपान में मिलावट की लगातार आने वाली खबरें विचलित करती हैं कि क्या खाएं और क्या न खाएं। पहले कहा जाता था कि ऊपर वाले से डर के कह रहा हूं। लोगों में नैतिकता का भाव होता था। समाज में धारणा थी कि दूसरों के लिये कुंआ खोदने वाला खुद के लिये खाई खोद रहा होता है। लेकिन आखिर समाज में ऐसा क्या हुआ कि लोगों में दुनिया की रचना करने वाले का भय व लोककल्याण का भाव खत्म हो गया। निश्चय ही ये रामराज जैसा वक्त नहीं है। हर दौर में अच्छे-बुरे लोग होते ही हैं। नकारात्मक सोच व दूसरों को कष्ट देकर खुश होने वाले रुग्ण मानसिकता के लोग हर काल खंड में पाये जाते रहे हैं। लेकिन उनका प्रतिशत कम रहा है। आज तो हर व्यक्ति मुनाफे से रातों-रात धनी हो जाना चाहता है, अब चाहे किसी की जान भी जाए, उसकी बला से। निःसंदेह, ये घटनाएं किसी सभ्य के माथे पर कलंक जैसी ही हैं। हम अक्सर सुनते हैं कि फलों को तुरत-फुरत पकाने वाले रसायनों का जमकर प्रयोग किया जा रहा है। हरी सब्जी व फलों को घातक रसायन से चमकदार बनाया जा रहा है। दरअसल, तुरंत फसल लेने के लिये ऐसे घातक रसायन प्रयोग किए जा रहे हैं, जिन पर तमाम सभ्य समाजों में पूर्ण प्रतिबंध है। लेकिन हमारे देश में ऐसा नियामक तंत्र विकसित ही नहीं हो पाया है, जो ऐसे मामलों में तुरत-फुरत जांच करे और तत्काल मिलावटखोरों को सजा दिलाए। विडंबना यह भी है कि हमारे समाज में स्वयं सेवी संगठन या जागरूक लोग इस गंभीर संकट के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। शासन-प्रशासन से पूछा जाना चाहिए कि हर शहर में मिलावटी सामान की जांच करने वाली लैब की सहज उपलब्धता क्यों नहीं है? जिन विभागों के अधिकारियों के पास जांच-पड़ताल का दायित्व होता है, वे चुप क्यों रहते हैं? दीपावली व अन्य त्योहारों पर जनाक्रोश के चलते कुछ छोटे हलवाइयों पर कार्रवाई होती है, मगर बड़ी मछलियां साफबच निकलती हैं। क्या इन अधिकारियों की खामोशी में चांदी के जूते की चोट शामिल होती है? यह किसी से नहीं छिपा कि ये मलाईदार पोस्ट कितने लेन-देन के बाद मिलती हैं। राजनेताओं से लेकर अधिकारियों तक को लेन-देन के बाद ही उनकी पांचों उंगलियां घी में होती है। फिर वे भी नियुक्ति में किए गए निवेश की वसूली में जुट जाते हैं। निश्चय ही एक कारगर तंत्र को विकसित किए बिना इस घृणित कारोबार पर लगाम लगना संभव नहीं है। हम जानते हैं कि जब से देश में सीसीटीवी कैमरों का प्रयोग बढ़ा है, लाखों सच सामने आए हैं। अन्यथा ये सच कभी अनावृत न होते। ऐसी ही कोई कारगर तकनीक मिलावट रोकेगी। जयपुर के खाद्य सुरक्षा विभाग ने पिछले दिनों पैकेज्ड फूड आइटम्स पर लिखी एक्सपायरी डेट मिटाने वाले अत्याधुनिक उपकरण बरामद किए। तो ऐसे में एक्सपायरी डेट देखकर सामान खरीदने वाला आम आदमी क्या करेगा? निश्चय ही अनैतिक रूप से मुनाफा कमाने वाले लोग सख्त सजा के हकदार हैं। देश में मिलावटखोरी रोकने के लिए तुरंत सख्त कानून बनाने की जरूरत है। अन्यथा अस्पतालों में मिलावटी खाद्य पदार्थों से लीवर-किडनी खराब करवाने वाले मरीजों की लंबी कतारें हमारे समाज की हकीकत बनी रहेगी।

# आयुष्मान भारत योजना से बागपत के गांव-गांव तक परिवारों को मिला चिकित्सा सुरक्षा का मजबूत आधार

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण और शहरी अंचलों में रहने वाले लाखों परिवारों के लिए बीमारी कभी भी केवल शारीरिक कष्ट तक सीमित नहीं रही है, बल्कि यह एक गहरे मानसिक और आर्थिक भय का कारण बनी रही है। अस्पताल के भारी-भरकम बिलों का डर, आकस्मिक परिस्थितियों में कर्ज लेने की विवशता और जीवन रक्षा के बीच किसी एक को चुनने का कठिन धर्मसंकट हमेशा से आम नागरिकों की स्थिरता को प्रभावित करता रहा है। इस संवेदनशील परिस्थिति को पूरी तरह बदलने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के समन्वय से संचालित आयुष्मान भारत योजना एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरदर्शी नीति के रूप में धरातल पर काम कर रही है। यह व्यवस्था महज एक सरकारी योजना न होकर राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिक के लिए चिकित्सा सुरक्षा का एक मजबूत आश्वासन और सम्मान का प्रतीक सिद्ध हो रही है। इस योजना की बदौलत आज जनपद-बागपत में तस्वीर बदल रही है और अब लोग चिकित्सा आवश्यकताओं को लेकर मानसिक रूप से सुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

चिकित्सा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस योजना के लागू होने से सबसे बड़ा गुणात्मक परिवर्तन यह आया है कि अब धन के अभाव में इलाज में होने वाली जानलेवा देरी पूरी तरह समाप्त हो गई है। पूर्व में अक्सर यह देखा जाता था कि खर्च के डर से लोग छोटे लक्षणों को नजरअंदाज करते थे जो बाद में गंभीर बीमारी का रूप ले लेते थे। अब इस योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध अस्पतालों के व्यापक नेटवर्क के कारण नागरिक बिना किसी संकोच के समय पर चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त कर रहे हैं। समय रहते उपचार मिलने से न केवल अनमोल जीवन की रक्षा हो रही है बल्कि चिकित्सा के दौरान उत्पन्न होने वाली शारीरिक जटिलताएं भी न्यूनतम हो रही हैं। इसके साथ ही यह योजना परिवारों को उस भारी वित्तीय तनाव से भी मुक्ति दे रही है जिसके कारण लोगों को अपनी जमीन या अन्य संपत्तियां गिरवी रखनी पड़ती थीं क्योंकि इस पूरी व्यवस्था में मरीज से कोई अग्रिम भुगतान या अप्रत्यक्ष शुल्क नहीं लिया जाता है।

भारत सरकार की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को वह सुरक्षा दी है, जिसकी उन्हें लंबे समय से जरूरत थी। इस योजना के तहत पात्र परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज उपलब्ध कराया जाता है। सरकारी और निजी दोनों प्रकार के अस्पतालों में यह सुविधा मिलने से अब इलाज केवल अमीरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचने लगा है। बागपत में इस योजना का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है, जहां हजारों परिवारों ने इसका लाभ उठाकर अपने जीवन को नई दिशा दी है।

जनपद-बागपत के बड़ौत क्षेत्र की निवासी श्वेता की कहानी इस बदलाव को सबसे गहराई से दर्शाती है। कूल्हे के जोड़ की गंभीर समस्या के कारण उनका चलना-फिरना लगभग बंद हो गया था। दर्द इतना बढ़ गया था कि उनका सामान्य जीवन भी कठिन हो गया था। डॉक्टरों ने बताया कि ऑपरेशन जरूरी है और इसकी लागत करीब 2 लाख रुपये होगी। यह रकम उनके परिवार के लिए असंभव थी और घर में चिंता का माहौल था। लेकिन इसी बीच आयुष्मान कार्ड उनके लिए उम्मीद बनकर आया। उन्हें सूचीबद्ध अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनका ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क किया गया। आज श्वेता स्वस्थ हैं, अपने पैरों पर खड़ी हैं और सामान्य जीवन जी रही हैं। वे मानती हैं कि अगर यह योजना न होती, तो शायद उनका इलाज कभी नहीं हो पाता। इसी तरह बड़ौत के समदीन की कहानी भी इस योजना के प्रभाव को उजागर करती है। गुर्दे की पथरी की समस्या के कारण वे लंबे समय से दर्द झेल रहे थे। स्थिति ऐसी हो गई थी कि वे काम करने में असमर्थ हो गए थे, जिससे परिवार की आय पर भी बुरा असर पड़ा। डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी और खर्च लगभग 55,000 रुपये बताया। सीमित संसाधनों के कारण यह खर्च उठाना संभव नहीं था। आयुष्मान योजना के माध्यम से उनका ऑपरेशन बिना किसी व्यक्तिगत खर्च के हुआ। आज वे स्वस्थ हैं और पुनः अपने काम में लग गए हैं। उनके परिवार के लिए यह योजना बड़ी राहत लेकर आई है।




ग्राम बाराबत की सहाना, जिनके पति मजदूरी करते हैं, अचानक पेट दर्द से परेशान हुईं। जांच में एपेंडिक्स की समस्या सामने आई और तुरंत ऑपरेशन की जरूरत बताई गई। लगभग 40,000 रुपये का खर्च उनके परिवार के लिए बहुत बड़ी राशि थी। लेकिन आयुष्मान योजना ने उन्हें यह चिंता नहीं करने दी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनका ऑपरेशन पूरी तरह मुफ्त हुआ। आज वे स्वस्थ हैं और उनका परिवार इस योजना को अपने जीवन का सबसे बड़ा सहारा मानता है।

बिलौजपुरा की महरोजा और खिंदौड़ा के मनोज कुमार की कहानियां भी इसी तरह की हैं। दोनों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के कारण ऑपरेशन की आवश्यकता थी, लेकिन आर्थिक तंगी उनके रास्ते में बाधा बन रही थी। आयुष्मान योजना के तहत उन्हें निःशुल्क उपचार मिला और आज वे सामान्य जीवन जी रहे हैं। इन सभी वास्तविक उदाहरणों से यह स्पष्ट होता है कि यह योजना केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने वाला माध्यम बन चुकी है।

जनपद बागपत में इस योजना का व्यापक प्रभाव आंकड़ों में भी दिखाई देता है। यहां हजारों परिवार इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं और करोड़ों रुपये के उपचार निःशुल्क किए गए हैं। इससे न केवल लोगों को आर्थिक राहत मिली है, बल्कि उनके मन में यह विश्वास भी पैदा हुआ है कि सरकार उनकी जरूरतों को समझती है और उनके साथ खड़ी है। बागपत ने आयुष्मान योजना के क्रियान्वयन में न केवल लक्ष्य हासिल किया, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में एक मिसाल भी कायम की है।

जनपद ने आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त किया, जो जिला प्रशासन की सक्रियता और जनभागीदारी का स्पष्ट प्रमाण है। योजना के अंतर्गत 97,933 परिवारों के लक्ष्य के सापेक्ष 92,222 परिवारों को जोड़ा गया, जो लगभग 94 प्रतिशत उपलब्धि को दर्शाता है। वहीं 5,12,368 लाभार्थियों के लक्ष्य के मुकाबले 3,57,900 से अधिक लोगों को योजना के दायरे में लाया गया, जो करीब 70 प्रतिशत कवरेज है। जिला प्रशासन के साथ-साथ मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम के निर्देशन और स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। प्रशासन द्वारा कार्ड निर्माण, अस्पताल समन्वय और लाभार्थियों तक योजना की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए गए।

बागपत में जिला प्रशासन द्वारा विशेष कैंप लगाकर गांव-गांव में पात्र परिवारों के कार्ड बनाए गए। कॉमन सर्विस सेंटर, पंचायत भवनों और स्वास्थ्य केंद्रों पर लोगों को न केवल कार्ड बनवाने की सुविधा दी गई, बल्कि उन्हें योजना के लाभों के बारे में विस्तार से समझाया भी गया। यही वजह है कि आज ग्रामीण क्षेत्र का व्यक्ति भी आत्मविश्वास से कहता है कि कार्ड होने से इलाज सुलभ हो गया है। यह कार्ड उस भरोसे का प्रतीक बन गया है, जिसने गरीब और जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा का अधिकार दिलाया है।

आयुष्मान योजना का लाभ केवल छोटे ऑपरेशन तक सीमित नहीं है, बल्कि गंभीर और महंगे इलाज में भी यह योजना बड़ी राहत दे रही है। जनपद में कई ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां हृदय रोग, हड्डी प्रत्यारोपण, बड़ी सर्जरी और लंबे इलाज जैसी जटिल प्रक्रियाएं भी इस योजना के तहत सफलतापूर्वक की गई हैं। ऐसे मामलों में जहां लाखों रुपये का खर्च आता, वहां आयुष्मान योजना ने मरीजों को आर्थिक संकट से बचाया है।

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी जनपद बागपत में व्यापक सुधार हुआ है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों को इस योजना से जोड़ा गया है, जिससे मरीजों को अपने आसपास ही बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल रही है। अब उन्हें बड़े शहरों की ओर भागना नहीं पड़ता, बल्कि स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध हो रहा है। इस योजना का सबसे बड़ा प्रभाव लोगों की मानसिकता में बदलाव के रूप में देखा जा सकता है। पहले जहां बीमारी का मतलब डर और असहायता होता था, वहीं अब लोगों के मन में यह विश्वास है कि इलाज संभव है। जिला प्रशासन की पहल पर जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित सभी स्वास्थ्य इकाइयों में कार्यरत डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों, वार्ड बॉय और सुरक्षा कर्मियों के लिए निर्धारित वर्दी और स्पष्ट पहचान पत्र के साथ ड्यूटी करना अनिवार्य किया गया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य केवल अनुशासन लागू करना नहीं, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को सुविधा देना है, ताकि वे आसानी से पहचान सकें कि किस कर्मचारी से किस प्रकार की सहायता लेनी है। पहले जहां अस्पतालों में भ्रम की स्थिति बनी रहती थी, वहीं अब यह पहल मरीजों के अनुभव को सरल और भरोसेमंद बना रही है। बागपत में अब स्वास्थ्य सेवाएं व्यवस्थित, जवाबदेह और जन-केंद्रित होती जा रही हैं, जिससे लोगों का सरकारी अस्पतालों और योजनाओं पर विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। इस योजना का सबसे सकारात्मक प्रभाव महिलाओं और कमजोर आर्थिक वर्ग पर देखने को मिला है। पहले महिलाएं अक्सर अपनी बीमारी को नजरअंदाज कर देती थीं, क्योंकि घर की आर्थिक स्थिति इलाज की अनुमति नहीं देती थी। अब आयुष्मान योजना के कारण वे भी बिना किसी झिझक के इलाज करा पा रही हैं। गर्भावस्था, सर्जरी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं में उन्हें समय पर इलाज मिल रहा है। यह योजना समाज के कमजोर वर्ग को सामाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम कर रही है।

आज जनपद बागपत में आयुष्मान योजना ने एक नया विश्वास पैदा किया है कि सरकार की योजनाएं वास्तव में लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से बदल सकती हैं। यह सुनिश्चित हो रहा है कि अब कोई भी व्यक्ति केवल पैसे की कमी के कारण इलाज से वंचित नहीं रहेगा और हर नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का अधिकार मिलेगा। विकासपरक सरकारी नीतियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में उम्मीदों का संचार हो रहा है और लोग अब बीमारी का सामना करने का साहस रखते हैं। इस व्यवस्था ने इलाज को एक अधिकार के रूप में स्थापित किया है।

इस स्वास्थ्य नीति में बिना किसी भेदभाव के परिवार के प्रत्येक सदस्य को समान रूप से कवर किया गया है। योजना के अंतर्गत बच्चों, कामकाजी वयस्कों और बुजुर्ग माता-पिता सहित सभी आयु वर्ग के नागरिकों की चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित की गई है, जिसमें परिवार के आकार या उम्र के आधार पर कोई सीमा निर्धारित नहीं है। उत्तर प्रदेश भर में विश्वसनीय और अत्याधुनिक चिकित्सालयों का एक विशाल नेटवर्क तैयार किया गया है। आयुष्मान भारत की आधिकारिक अस्पताल सूची में राज्य के प्रतिष्ठित सुपर स्पेशलिटी संस्थानों को जोड़ा गया है, जिससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को बेहतर इलाज के लिए महानगरों की ओर लंबी यात्राएं नहीं करनी पड़ती हैं। उदाहरण के रूप में हापुड़ जनपद में स्थित जीएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल जैसे बड़े चिकित्सा संस्थान इस उन्नत व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में जटिल रोगों का उच्च स्तरीय उपचार हो रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार की विकासपरक नीतियों और कल्याणकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला में यह योजना एक अभूतपूर्व सुरक्षा कवच की तरह कार्य कर रही है, जो कड़ी मेहनत से अर्जित की गई पारिवारिक स्थिरता को किसी एक चिकित्सा आपात स्थिति के कारण नष्ट होने से बचाती है।

शहरों से लेकर सुदूर गांवों तक इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्थानीय जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से नियमित जागरूकता शिविरों और अस्पताल सहायता केंद्रों का संचालन किया जा रहा है, जिससे आम जनमानस को आयुष्मान कार्ड की पात्रता, पंजीकरण और इसके उपयोग की प्रक्रिया की सटीक जानकारी मिल रही है। इस पूरी व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी और मानकीकृत रखा गया है, जिससे अस्पतालों में निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुरूप अनावश्यक परीक्षणों या अत्यधिक लागतों के बिना पूरी तरह से निःशुल्क, पारदर्शी और गरिमापूर्ण उपचार सुनिश्चित हो रहा है। प्रदेश सरकार की ये योजनाएं राज्यव्यापी विकास और सामाजिक कल्याण के संकल्प को पूरी प्रामाणिकता के साथ सिद्ध कर रही हैं।

विचार

# नन्द बाबा दुग्ध मिशन बना आर्थिक सम्बल

*निधि वर्मा*

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, किसानों एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने तथा प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से नंद बाबा दुग्ध मिशन को एक महत्वाकांक्षी एवं दूरदर्शी पहल के रूप में संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दुग्ध विकास को ग्रामीण समृद्धि का मजबूत आधार मानते हुए पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र को नई दिशा प्रदान कर रही है। यह मिशन न केवल दुग्ध उत्पादन बढ़ाने का माध्यम बन रहा है, बल्कि महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार सृजन, सहकारिता विस्तार और आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव भी तैयार कर रहा है।

नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत प्रदेश में उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता वाली स्वदेशी गायों-गिर, साहीवाल, थारपारकर एवं हरियाणा नस्ल के संरक्षण एवं संवर्धन को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार पशुपालकों को इन नस्लों की गायों के पालन हेतु आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। योजना के तहत महिला पशुपालकों को विशेष प्राथमिकता देते हुए 50 प्रतिशत अनुदान अथवा अधिकतम 80 हजार रुपये तक की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को स्वदेशी नस्ल आधारित डेयरी गतिविधियों से जोड़कर स्थायी आय का स्रोत विकसित करना है। प्रदेश में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक विभिन्न योजनाओं में 9255 से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। नन्द बाबा दुग्ध मिशन योजना के अंतर्गत पशुपालकों को केवल गाय क्रय हेतु ही नहीं, बल्कि आधुनिक पशुपालन के लिए आवश्यक संसाधनों हेतु भी सहायता प्रदान की जा रही है। इसमें पशु शेड निर्माण, चारा काटने की मशीन, साइलेज यूनिट, पशु बीमा, खनिज मिश्रण, पशु आहार तथा अन्य डेयरी उपकरणों को शामिल किया गया है। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पशुपालकों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक डेयरी प्रबंधन की सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों, जिससे दुग्ध उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में वृद्धि हो सके। इस योजना के लिए न्यूनतम दो स्वदेशी गायों की इकाई निर्धारित की गई है, जिससे छोटे एवं सीमांत पशुपालकों को भी डेयरी व्यवसाय से जोड़ने का अवसर प्राप्त हो रहा है। लाभार्थियों के चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए ग्राम स्तर पर आवेदन प्रक्रिया संचालित की जा रही है। आवेदन प्राप्त होने के बाद निर्धारित समयसीमा के भीतर चयन एवं स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण की जा रही है। योजना में लाभ लेने के लिए आवेदन की समयसीमा 45 दिन निर्धारित की गई है, जिससे पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध तरीके से लाभ उपलब्ध कराया जाता है।

प्रदेश सरकार ने दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना भी लागू की है। इसके तहत उच्च गुणवत्ता वाला दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को 10 हजार रुपये अथवा 15 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाते हैं। योजना का उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों को अपनाने, पशुओं की बेहतर देखभाल करने तथा गुणवत्तायुक्त दुग्ध उत्पादन के लिए प्रेरित करना है।




दुग्ध सहकारिता को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश सरकार गांव स्तर पर प्राथमिक बहुउद्देशीय दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का व्यापक गठन कर रही है। इन समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादकों को संगठित कर उन्हें सीधे बाजार एवं दुग्ध प्रसंस्करण व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है। प्रत्येक समिति के माध्यम से गांव स्तर पर दुग्ध संग्रहण, गुणवत्ता परीक्षण तथा विपणन की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। सरकार का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादकों को बिचौलियों से मुक्त कर उचित मूल्य दिलाना प्रमुख है।

इस मिशन के अंतर्गत वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 तक बड़े स्तर पर दुग्ध सहकारी समितियों के गठन का अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अवधि में 3201 नई दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया गया है। वर्ष 2026-27 में 4000 से अधिक अनाच्छादित ग्राम पंचायतों को दुग्ध सहकारिता नेटवर्क से जोड़ने की कार्ययोजना तैयार की गई है। सरकार द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक समिति वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन और आधुनिक दुग्ध विपणन प्रणाली से जुड़ी हो।

मिशन के तहत दुग्ध समिति के गठन हेतु कम से कम 40 दुग्ध उत्पादक यदि अपना दुग्ध समिति को विक्रय करना चाहते है और उनका दुग्ध उत्पादन प्रतिदिन 70 लीटर अथवा उससे अधिक हो। ऐसे समूहों को दुग्ध संग्रहण केंद्र, परिवहन सुविधा तथा विपणन सहायता उपलब्ध कराई जाती है। समिति के कार्यसंचालन के लिए सभी आवश्यक उपकरण और साधन सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाते है। प्रदेश सरकार द्वारा डेयरी क्षेत्र में आधुनिक अवसंरचना के विकास पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों, चिलिंग प्लांट, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं तथा शीत श्रृंखला प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है। इससे दुग्ध की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ किसानों को समय पर भुगतान और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने में सहायता मिल रही है। मिशन के अंतर्गत पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, संतुलित पशु आहार, नस्ल सुधार एवं वैज्ञानिक पशुपालन से संबंधित नियमित प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराए जा रहे है।

नन्द बाबा दुग्ध मिशन उत्तर प्रदेश सरकार की ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण एवं किसान कल्याण के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक सम्बल बनकर उभरा है। यह मिशन गांवों में स्वरोजगार के नए अवसर उत्पन्न कर रहा है तथा पशुपालकों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रहा है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश दुग्ध उत्पादन, सहकारिता विस्तार और आधुनिक डेयरी प्रबंधन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बने। नंद बाबा दुग्ध मिशन इसी दिशा में ग्रामीण समृद्धि और आर्थिक आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम सिद्ध हो रहा है।

*सूचना अधिकारी*

साहित्य



### ग़ज़ल

**संजय एम तराणेकर**

जब मुझे रिश्तों की धूप छाँव में जीना पड़ा,
हर मोड़ पर किसी न किसी को खोना पड़ा।

उम्र भर जिस पर किया इस दिल ने भरोसा,
यूं मुझे उस शख्स से ही दर्द भी सहना पड़ा।

वो पास आकर भी मेरे दिल से बहुत दूर था,
मुझे उन्ही ख़ामोशियों का बोझ उठाना पड़ा।

आज भी उसकी आँखों में कुछ नमी तो थी,
लेकिन मुझे उसको हँसाकर ही जाना पड़ा।

मैं हर बार टूटकर जाने कैसे संभलता रहा हूँ,
क्यों? मुझे पत्थर के इस शहर में रहना पड़ा।

कुछ लोग साथ थे तो सफ़र आसान लगा था,
मुझे अब तन्हाइयों को भी दोस्त बनाना पड़ा।

रिश्ता अगर वफ़ा का हो तो दिल से निभाइए,
मुझे इस तरह क्यों? कर यूं उम्रभर रोना पड़ा।



## राशिफल

**मेषः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृषभः-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों से निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार हैं। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः-** सगे-संबंधियों के बीच व्यवहार कुशल बने। सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में मधुर संवाद से सुंदर छवि बनायें।

**कर्कः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**सिंहः-** नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीतिक लोगों सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्याः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुविधाओं का त्याग करें।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्य में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा।

**धनुः-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधित दायित्वों की पूर्ति होगी।

**मकरः-** भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी। तामसी व गैर सांस्कारिक कार्य की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव किंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**मीनः-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रही जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

# भारतीय कंपनियों को पांच ताकतों का सामना एकजुट होकर करना होगा

*दीपक शर्मा*

भारत के कॉर्पोरेट जगत के नेता अब अनिश्चितताओं से सहज महसूस करने लगे हैं। देश की संरचनात्मक वृद्धि बरकरार है। घरेलू मांग स्थिर है, उपभोक्ता वर्ग महत्वाकांक्षी है और नीतिगत माहौल व्यापक रूप से अनुकूल है। फिर भी, विकास का मार्ग पहले कभी इतना जटिल नहीं रहा। भू-राजनीति, तकनीकी व्यवधान और स्थिरता, वार्षिक नियोजन चक्रों की क्षमता से कहीं अधिक तेजी से प्रतिस्पर्धी गतिशीलता को नया आकार दे रहे हैं।

इस तिमाही में 25 क्षेत्रों की 1,000 से अधिक कंपनियों के अर्निंग्स कॉल के कानविक विश्लेषण से पता चलता है कि बोर्डरूम कमोडिटी की कीमतों में उतार-चढ़ाव, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के तेजी से बढ़ते उपयोग, भू-राजनीतिक अनिश्चितता, बढ़ती मुद्रास्फीति और प्रीमियम उत्पादों की ओर व्यापक बदलाव जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। चौंकाने वाली बात इन दबावों की मौजूदगी नहीं, बल्कि इन सभी को एक साथ जिस हद तक संभालना आवश्यक है, वह है। हर बोर्ड में एक ही मुद्दा हावी है-कमोडिटी की कीमतों में अस्थिरता, जिसका जिक्र तिमाही-दर-तिमाही 32 प्रतिशत बढ़ रहा है। जो कभी तेल, गैस और धातुओं तक ही सीमित था, अब उसका दायरा भी बढ़ गया है। फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफ.एम.सी.जी.) कंपनियां सोया, पाम, गेहूं और सूरजमुखी के तेल में होने वाले उतार-चढ़ाव को उपभोक्ताओं की पसंद और मुनाफे पर सीधा असर डालने वाला कारक बता रही हैं। निर्माण कंपनियां कच्चे माल की लागत को अपनी सबसे बड़ी ड्क्षचता बता रही हैं। उपभोक्ता इलैक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में, तांबे की कीमतों में उतार-चढ़ाव सकल मुनाफे को नुकसान पहुंचा रहा है। धातु क्षेत्र में, बुनियादी ढांचे के विकास के चलते इस्पात की मांग में वृद्धि बताई जा रही है। फिर भी, इनपुट लागतों में तेजी से उतार-चढ़ाव के कारण मुनाफे का पूर्वानुमान लगाना मुश्किल है। ए.आई. अब सिर्फ तकनीकी चर्चा का विषय नहीं रह गया, तिमाही दर तिमाही इसकी चर्चा में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भवन निर्माण सामग्री और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में पहली बार इतनी वृद्धि दर्ज की गई है। वित्तीय सेवाओं में 400 प्रतिशत और खुदरा क्षेत्र में 240 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। सीमैंट कंपनियां ए.आई.-सक्षम केंद्रीय नियंत्रण प्रणालियों को लागू कर रही हैं। लॉजिस्टिक्स कंपनियां दस्तावेजीकरण को स्वचालित करने के लिए एजेंटिक ए.आई. का उपयोग कर रही हैं। खुदरा क्षेत्र में, बाजार की वृद्धि और उपभोक्ता विश्वास के साथ-साथ ए.आई. चर्चा के शीर्ष तीन विषयों में शामिल हो गया है।

**भू-राजनीतिक उथल-पुथल :-** व्यापार नीति पर चर्चा स्थिर रही लेकिन बातचीत अधिक तीखी और क्षेत्र-विशिष्ट हो गई है। यूरोपीय बाजार इस बात का उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे एक ही भू-राजनीतिक घटनाक्रम किसी कंपनी की स्थिति के आधार पर खतरा या अवसर दोनों का रूप ले सकता है। ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स और औद्योगिक मशीनरी के निर्यातकों के लिए, यूरोप में मांग में नरमी और नई टैरिफ संरचनाओं से मुनाफे पर दबाव पड़ रहा है। भारतीय स्पैशलिटी कैमिकल्स और फार्मास्युटिकल कंपनियों के लिए स्थिति उलट है, क्योंकि यूरोपीय प्रतिस्पर्धियों के संयंत्रों के बंद होने से आपूर्ति में कमी आई है जिसे वे पूरा कर सकते हैं। वहीं, भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के चरणबद्ध कार्यान्वयन से वस्त्र, भवन निर्माण सामग्री और स्पैशलिटी मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों के लिए निर्यात के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है।

**लाभ बढ़ाने की रणनीति के रूप में प्रीमियम उत्पादों पर जोर देना :-** उपभोक्ता व्यवहार में तिमाही-दर-तिमाही मामूली 2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई लेकिन प्रीमियम उत्पादों पर ज़ोर देना, उच्च मूल्य वाले उत्पादों की ओर एक रणनीतिक बदलाव, लागत दबाव के सबसे व्यापक रूप से अपनाए जाने वाले उपायों में से एक बनकर उभरा है। यह सभी क्षेत्रों में देखने को मिलता है।

**मुद्रास्फीति फिर से लौट आई है :** इस तिमाही का सबसे तीव्र मात्रात्मक संकेत मुद्रास्फीति से संबंधित उल्लेखों में 45 प्रतिशत की वृद्धि है, जो सभी विषयों में सबसे बड़ी वृद्धि है। हालांकि महंगाई अपने शुरुआती स्तर से नीचे आ गई, लेकिन लागत का दबाव कम नहीं हुआ। औद्योगिक उत्पाद कंपनियां लगातार बढ़ती इनपुट लागत को एक समस्या मानती हैं। वित्तीय सेवाओं में, चर्चा अब उपभोक्ता ऋण की गुणवत्ता, विवेकाधीन खर्च व्यवहार और अर्थव्यवस्था के सुधार की गति जैसे कारकों पर केंद्रित हो गई है। इन पांचों विषयों को जोड़ने वाली बात यह है कि इनमें से कोई भी अस्थायी नहीं है। कमोडिटी की अस्थिरता, ए.आई. व्यवधान, भू-राजनीतिक विखंडन, उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव और मुद्रास्फीति चक्र परिचालन परिवेश की संरचनात्मक विशेषताएं हैं, न कि चक्रीय उतार-चढ़ाव। इसके अलावा, उभरते हुए देश वर्तमान अस्थिरता का अधिक बोझ झेल रहे हैं, जिससे भारतीय कंपनियों और व्यापारिक नेताओं के लिए आज की परिस्थितियों से निपटना कठिन हो गया है।इन चुनौतियों का अलग-अलग समाधान करना व्यर्थ साबित हो सकता है। इस परिवेश से सबसे मजबूत होकर उभरने वाली कंपनियां वे होंगी, जो इन कारकों को वैश्विक महाप्रवृत्तियों के परस्पर जुड़े आयामों के रूप में देखेंगी, जिनका समाधान एक ही रणनीतिक प्रश्न के उत्तर से किया जाना चाहिए : निरंतर अस्थिरता की दुनिया में टिकाऊ रूप से बढ़ने वाला व्यवसाय कैसे बनाया जाए?

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### संपूर्ण समाधान दिवस में आम जन को योजनाओं से किया लाभान्वित

**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** शासन की मंशा है कि आम जन मानस की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, के क्रम में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त तत्वावधान में तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। आज के समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, वृद्धा, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन, कृषि, माध्यमिक शिक्षा, सिंचाई, नलकूप, मनरेगा, उद्यान, चकबंदी, जिला पूर्ति, श्रम विभाग, बाल विकास आदि विभागों से संबंधित कुल 216 शिकायतकर्ताओं से शिकायतें प्राप्त हुई, के सापेक्ष 26 का मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा निस्तारित कर दिया गया, शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए समय सीमा के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्व, पारदर्शी ढंग से निस्तारण करने के निर्देश संबंधितों को निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों को सुनते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाय। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओ का लाभ हर गरीब पात्र व्यक्ति को मिले, कोई भी गरीब पात्र व्यक्ति शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, मुख्य चिकित्साधिकारी, तहसीलदार, पुलिस क्षेत्राधिकारी, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला समाज कल्याण, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, खंड विकास अधिकारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से सम्बंधित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



### समाधान दिवस में 116 शिकायतें पहुंचीं 34 का मौके पर निस्तारण

#### राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, नगर पंचायत आपूर्ति, सिंचाई की आयीं शिकायतें



**माधौगढ़ (जालौन)।** तहसील सभागार माधौगढ़ में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में कुल 116 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 34 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर शिकायतकर्ताओं को राहत प्रदान की गई, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, नगर पंचायत, आपूर्ति, सिंचाई तथा अन्य विभागों से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आई। ग्राम सिरसा दोगड़ी निवासी रामनरेश पुत्र महेंद्र ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर क्षेत्रीय लेखपाल पर गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि लेखपाल द्वारा दी गई रिपोर्ट वास्तविक तथ्यों से मेल नहीं खाती, जिससे उन्हें परेशानी और अन्याय का सामना करना पड़ रहा है। रामनरेश ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने तथा न्याय दिलाने की मांग की। जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं नगर पंचायत माधौगढ़ के वार्ड नंबर-2 के सभासद अरविंद सिंह सेंगर ने क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था का मुद्दा उठाया। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में 11 हैंडपंपों का रीबोर कराया गया है तथा 16 नए वाटर कूलर लगाए गए हैं, लेकिन वार्ड नंबर-2 में एक भी वाटर कूलर नहीं लगाया गया है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में वार्ड के लोगों को स्वच्छ एवं ठंडे पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने वार्ड में शीघ्र वाटर कूलर स्थापित कराने की मांग की। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस को संबोधित करते हुए डीएम राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका समाधान किया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी माधौगढ़ विनय कुमार मौर्य, थाना प्रभारी गोहन सतीश कुमार, माधौगढ़ कोतवाली प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा, रामपुरा थाना प्रभारी शिवप्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दिव्यांग बेटे के लिए मां ने लगाई गुहार, बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल दिलाने की मांग

**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** नगर जालौन के मोहल्ला मुरली मनोहर निवासी एक दिव्यांग युवक और उसकी मां शनिवार को तहसील जालौन में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे और उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराए जाने की मांग की। दिव्यांग युवक अनिल पुत्र सुनील सोनी की मां सुनीता देवी ने बताया कि उनका पुत्र पूरी तरह से दिव्यांग है, जिसके कारण उसे आने-जाने में काफी परेशानी होती है। परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर है और उसके पिता भी बीमार रहते हैं। ऐसे में वे अपने पुत्र के लिए बैटरी संचालित ट्राइसाइकिल खरीदने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने बताया कि बेटे की सुविधा और आत्मनिर्भरता के लिए ट्राइसाइकिल की आवश्यकता है।

# पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष व राज्य मंत्री ने किया सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भूमि पूजन



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** सदर के मदारीपुर कला गांव में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट सीवरेज स्कीम जोन-1 का भूमि पूजन करने पहुंची राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति व राज्य मंत्री कृष्णा पासवान ने भूमि पूजन स्थल पर अव्यवस्थाओं को देखकर भड़क गई। इस दौरान मंच पर माइक न होने के चलते राज्य मंत्री कृष्णा पासवान ने संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। इस दौरान इन लोगों ने यह भी कहा कि 750 करोड़ की इस परियोजना में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए नहीं तो शिकायत मिलने पर किसी की खैर नहीं। इससे पहले विधवत मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन किया गया। तो फावड़ा चलाकर सीवर लाइन का शुभारंभ किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में बोलते हुए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा की 2014 में जब वह फतेहपुर में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए आई थी तो फतेहपुर के पृथ्वी पुरम मोहल्ले में नाव चलती थी और लोग बरसात के समय में एक जोड़ी कपड़ा साथ में रखकर नाव से अपने घर पहुंचते थे। उन्होंने कहा कि तब उन्होंने संकल्प लिया था कि फतेहपुर में सीवर लाइन का कार्य करवा कर दम लेंगी और वह बेंकय्या नायडू से मिलकर इस परियोजना को फतेहपुर में लाई है और आज उन्हें बेहद खुशी हो रही है कि सीवर लाइन का कार्य प्रारंभ हो रहा है। हालांकि उन्होंने कटाक्ष भी किया कोई कुछ भी कहे लेकिन सीवर लाइन उनके द्वारा ही फतेहपुर को सौगात के रूप में दी गई है। उन्होंने कहा मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, सीवर लाइन, अस्पताल की व्यवस्था, सड़कों का जाल। जो बात उन्होंने कही थी वह उन्होंने कर दिया। इस अवसर पर साध्वी निरंजन ज्योति ने मौजूद तमाम गणमान्य लोगों से कहा कि 14 वार्डों में यह कार्य पहले शुरू हो रहा है लेकिन अगर कहीं पर भी गुणवत्ता से समझौता होता है तो सीधे वह शिकायत करें काम करने वालों के खिलाफ कारवाई तय है। इस अवसर पर पूर्व विधायक आदित्य पांडे, तेलियानी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अभिषेक त्रिवेदी, भाजपा के जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, अपर्णा सिंह गौतम, सुशीला मौर्या, उदय लोधी, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, मधुराज विश्कर्मा, राम प्रताप सिंह गौतम, सुधा मौर्या, रघुवीर लोधी, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्या, ज्ञानेंद्र सिंह, कुलदीप भदौरिया, राम प्रकाश गुप्ता, सभासद विनय तिवारी, विवेक नागर, संतोष पटेल, दीपक मौर्य, अभिजीत भारती, संतोष सिंह राजू, उमेश निर्मोही, दिनेश कुमार, अभिजीत पाण्डेय, मेराज अहमद, सुरेंद्र कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## असोथर नगर पंचायत के विकास पर खर्च होंगे 23 करोड़

**असोथर, फतेहपुर।** नगर पंचायत असोथर के आगामी वित्तीय वर्ष के विकास कार्यों के लिए करीब 23 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में सभी वार्डों के विकास, शहरी आवास योजना और नगर पंचायत की सीमा विस्तार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाई और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग की। कल्याण मंडप गेस्ट हाउस में आयोजित बोर्ड बैठक में अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान नगर पंचायत के सभी 15 वार्डों की मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा हुई। सभासदों ने नाली निर्माण, खड़ंजा, सीसी सड़क, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य जनहित से जुड़े विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए। नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों का बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत सीमा के भीतर रहने वाले पात्र गरीब परिवारों को आवास योजना का लाभ दिलाकर उन्हें पक्की छत उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी (ईओ) एचपी सिंह ने नगर पंचायत द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पुरानी विकास योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने आगामी कार्ययोजना के बारे में भी बोर्ड को अवगत कराया। बैठक में नामित सभासद निर्मल सिंह चौहान और सर्वेश गुप्ता ने शहरी आवास योजना को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने तथा पात्र लाभार्थियों तक योजना का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। वहीं नगर पंचायत से सटे ग्रामीण क्षेत्रों और विकास की दृष्टि से जुड़े गांवों को नगर पंचायत सीमा में शामिल करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। विधायक विकास गुप्ता ने सभासदों को आश्वस्त किया कि नगर के विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार नगर क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है।



## ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करना प्राथमिकताः सीएमओ

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिनंदन प्रसाद के नेतृत्व में सीएमओ परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुराने पेंशनर्स, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रेम प्रताप सिंह, डॉ. धर्मेंद्र समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। कार्यक्रम के उपरांत सीएमओ डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने अपने चौंबर में मीडिया से बातचीत करते हुए जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए जनपद में संचालित 8 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और 35 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कालपी, माधौगढ़, कोंच, जालौन, छिरिया, कुठौंद एवं पिंडारी सहित विभिन्न विकास खंडों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया गया है, जिससे ग्रामीण जनता को बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

## सपा की मासिक बैठक में गलत नामों को छांट कर उनको सही कराने पर चर्चा



**समृद्धि न्यूज़, फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मासिक बैठक संपन्न हुई बैठक में एसआईआर के पश्चात प्राप्त मतदाता सूची का गहन अध्ययन करने उनमें त्रुटियां छांटने के लिए सेक्टर स्तरीय कमेटी का गठन किया गया, गलत नामों को छांट कर उनको सही कराने पर विस्तृत चर्चा हुई एवं सुझाव लिए गए मुख्यातिथि के रूप में बोलते हुए जनपद के सांसद नरेश उत्तम पटेल ने कहा जिस प्रकार आप लोगों ने एस आई आर में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया आशा ही नहीं पूर्ण विश्व है आप लोग मतदाता सूची को दुरुस्त कराएंगे और 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में पीडीए की सरकार बनाने में जिले से 6 विधायक देने का महत्वपूर्ण योगदान करेंगे, बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने किया तथा संचालन जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया, बैठक के अंत में पूर्व अध्यक्ष दयालु गुप्ता के जवान बेटे की आकस्मिक निधन पर 2 मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, वहीं रामपाल पाल को जिला सचिव बना कर सम्मान दिया गया, बैठक में मुख्यरूप से पूर्व सांसद डॉ0 अशोक पटेल, विधायक ऊषा मौर्या, चेयरमैन राजकुमार मौर्या, प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव, संतोष द्विवेदी, रामेश्वर दयाल दयालु, दलजीत निषाद, विपिन सिंह यादव, गणेश वर्मा, कमलेश वर्मा, रीता प्रजापति, रामकृपाल सोनकर, सूरजपाल रावत, राजेंद्र वर्मा, अनिरुद्ध यादव, देवेंद्र लोधी, मनोज यादव, सुघर लाल यादव एड, आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने सुनी सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें और किया वृक्षारोपण

> कमिश्नर व डीआईजी ने पौधारोपण कर दिया अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का सन्देश



**समृद्धि न्यूज, कुलपहाड़/महोबा।** मंडलायुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता व डीआईजी राजेश एस की मौजूदगी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 89 शिकायतों में 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा भूमि पैमाइश की शिकायतें प्राप्त हुई है। इस अवसर पर कमिश्नर व डीआईजी ने तहसील प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने व अधिक से अधिक लोगों वृक्ष लगाने का संदेश दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सूर्यकांत त्रिपाठी, अपर एसपी वन्दना सिंह, उपजिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड, तहसीलदार प्रमित सचान मौजूद रहे। तहसील समाधान दिवस पर मंडलायुक्त ने कहा कि जो भी शिकायतें प्राप्त हुई है, उन्हें हर हाल में समय के पूर्व ही निस्तारण कर दिया जाए, इसमें लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस में इस बार फिर कंप्यूटरीकृत खतौनी उपलब्ध कराने का मुद्दा छाया रहा। जो तहसील के अधिवक्ताओं सहित अन्य समाजसेवियों द्वारा वर्षो से मांग करते चले आ रहे हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह यादव व समाजसेवी महेन्द्र वर्मा ने शिकायत देते हुए कहा कि 30 जुलाई 2022 को शासन द्वारा धारा 52 का प्रकाशन किया गया था। लेकिन कुलपहाड़ मौजा के अंतर्गत आधा दर्जन ग्रामों के कृषकों को कंप्यूटरीकृत खतौनी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिससे किसानों को सोसाइटी से खाद बीज, सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड सहित बरासतें एवं दाखिल खारिज हजारों की संख्या में लंबित पड़े हुए हैं। नगर के टौरियापुरा निवासी धनीराम ने अपनी शिकायत कहा कि बेलाताल रोड पर स्थित जमीन पर विपक्षी गणों द्वारा जबरन डरा धमकाकर कब्जा करने की फिराक में है, जबकि न्यायालय में सिविल वाद दायर है। नगर के कठवरिया पुरा निवासी निशांत सिंह यादव आदि ने बेलाताल रोड स्थित तहसील के सामने सड़क किनारे लगे विधुत ट्रांसफार्मर लगे होने के कारण दुर्घटनाएं होने का खतरा बना हुआ है, जिससे किसी अन्य जगह लगवाए जाने की मांग की है। इस समाधान दिवस पर फरियादियों का हुजूम उमड़ पड़ा, जिसे एक एक फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया।

## गेहूं खरीद केन्द्र में अव्यवस्था मिलने पर मंडलायुक्त का चढ़ा पारा, एआर व विपणन अधिकारी को लगाई फटकार



**समृद्धि न्यूज,कुलपहाड़/महोबा।**

मंडलायुक्त अजीत कुमार शनिवार को समाधान दिवस के बाद ग्राम जैतपुर पहुंचे , वहां उन्होंने सीएचसी व गेहूं खरीद केंद्र का निरीक्षण किया, केंद्र पर बारदाना न होने पर ए आर कॉपरेटिव सहित विपणन अधिकारी को जमकर लताड़ लगाई,बाकी के दस दिनों में प्रत्येक केंद्र पर बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए,शिकायत मिलने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी। भरी दोपहर मंडलायुक्त अजीत कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मुआयना किया,प्रभारी डाक्टर पी के सिंह राजपूत की सराहना की,साफसफाई और दवाई वितरण की व्यवस्था और दुरुस्त करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने सीएचसी से आकर अपनी गाड़ी गेहूं खरीद केंद्र पर रोक दी, अंदर गए तो किसानों ने शिकायतों की बौछार कर दी, बताया आज सुबह तक वारदाना न होने का बहाना बना गेहूं खरीद बंद थी, आपके आने की खबर सुन अचानक वारदाना भी आ गया और खरीद भी शुरू हो गई। किसानों की बात सुन कमिश्नर के तेवर सख्त हो गए, उन्होंने सहायक निबंधक सहकारिता अजेंद्र कुमार सहित विपणन अधिकारी उदित नारायण की जमकर क्लास ली, अजेंद्र कुमार ने वारदाना न मिलने का बहाना बना बचने की कोशिश की तो विपणन अधिकारी ने किसानों द्वारा घटिया गेहूं लाने की बात कह खरीद न करने का हवाला दिया। मंडलायुक्त ने इस पर दोनों अधिकारियों को इतना लताड़ा कि वह भीषण गर्मी में कांपने लगे । उन्होंने आने वाले दस दिन तक खरीद निर्बाध रूप से चालू रखने के निर्देश देने के बाद कमिश्नर ने किसानों को अपना नंबर भी दिया, कहा यदि खरीद न हो तो उन्हें बिना किसी झिझक फोन करें।

## बुंदेलखंड में दमखम के साथ चुनाव लड़ेगा अपना दलः हाफिज मुवीन

> अपना दल (कमेरावादी) के राष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडल ने किया जिले का दौरा

**समृद्धि न्यूज़, उरई (जालौन)।** अपना दल (कमेरावादी) के राष्ट्रीय महासचिव व कार्यकारणी सदस्य ने शनिवार को जिले का दौरा किया। दो विधानसभा क्षेत्रों के दौरे पर निकले संगठन के पदाधिकारियों ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले में संगठन की नब्ज टटोली। साथ ही उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आगामी विधानसभा चुनाव को बुंदेलखंड में दमखम के साथ लड़ने की बात कही। शहर के अजनारी रोड स्थित कृष्णा धाम में शनिवार को अपना दल के राष्ट्रीय महासचिव हाफिज मुहम्मद मुवीन, राष्ट्रीय कार्यकरिणी सदस्य पारुल पटेल व झांसी मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं संग समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने संगठन की नब्ज टटोलते हुए संगठन को बूथ स्तर से लेकर विधानसभा स्तर तक मजबूत किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आपको मजबूत समझे। सभी कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में शहर से लेकर गांव तबके तक लोगों को संगठन से जोड़ने का काम करे। पार्टी सोनेलाल पटेल की विचारधारा को लेकर लगातार कार्य कर रही है।

## नाली के नाम पर खुदाई, निर्माण गायब ग्रामीणों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**समृद्धि न्यूज़, जालौन (उरई)।** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम वीरपुरा में नाली निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नाली निर्माण के नाम पर लाखों रुपये की सामग्री मंगाकर खुदाई तो करा दी गई, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। इससे जहां ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है, वहीं मकानों को भी नुकसान पहुंचने का खतरा मंडरा रहा है। मामला इतना बढ़ गया कि पीड़ित ग्रामीण तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे और अधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार गांव में सैयद बाबा के चबूतरे से खचेरे पासवान के मकान तक नाली निर्माण का कार्य स्वीकृत हुआ था। इसके लिए गुम्मा, गिट्टी, बालू और सीमेंट जैसी निर्माण सामग्री भी मौके पर पहुंचाई गई थी तथा नाली की खुदाई भी करा दी गई थी। लेकिन कुछ समय बाद निर्माण सामग्री को हटा लिया गया और निर्माण कार्य बीच में ही छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि अधूरी नाली अब उनके लिए मुसीबत बन गई है। मकानों के सामने गहरी खुदाई होने के कारण नाली में पानी जमा रहता है, जिससे घरों में सीलन बढ़ रही है और भवनों की नींव कमजोर होने की आशंका बनी हुई है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने आरक्षी भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जनपद में प्रशासन एवं पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। इसी क्रम में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा आगामी दिनांक 08, 09 एवं 10 जून 2026 को आयोजित होने वाली परीक्षा के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का संयुक्त रूप से भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा डीएवी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं मुकुंद लाल राजकीय इंटर कॉलेज सहित अन्य नामित परीक्षा केन्द्रों का गहनता से अवलोकन किया गया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश हेतु बनाए गए गेट प्लान, बैरिकेडिंग व्यवस्था, अभ्यर्थियों की चरणबद्ध एंट्री एवं भीड़ नियंत्रण के उपायों का बारीकी से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कंट्रोल रूम से निगरानी व्यवस्था तथा संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग व्यवस्था जैसे मेटल डिटेक्टर, हैंड-हेल्ड स्कैनिंग एवं संदिग्ध वस्तुओं पर रोक को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जनपद प्रशासन पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2025 को पूर्ण पारदर्शिता, सुरक्षा एवं सुचारु व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

## क्रेशर प्लान्ट में ब्लास्ट के मामले में पुलिस ने 1 नामजद व 4 अज्ञात के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज, पनवाड़ी/महोबा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुगोरा स्थित बुंदेलखंड इंटरप्राइजेज क्रेशर प्लान्ट में ब्लास्ट हो जाने के मामले में खनन अधिकारी महोबा की तहरीर पर थाना पुलिस ने 1 नाम दर्ज व 4 अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया है। इस घटना से एक मजदूर व्यक्ति की मौत हो गई थी , जबकि दूसरे घायल को उपचार हेतु झांसी भेजा गया है। बता दें कि थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गुगोरा स्थित बुन्देलखण्ड इंटरप्राइजेज क्रेशर प्लान्ट में 4 जून को कमरे में संदिग्ध ब्लास्ट हो गया था सूचना पाकर एसडीएम एवं फॉरेंसिक टीम के साथ क्षेत्राधिकारी व पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 अलीगंज जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-372/ई.ई.-3/एल.जे.एस. दिनांक- 06.06.2026

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदाये आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 15.06.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनाँक15.06.2026 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स से प्राप्त की जायेगीं। प्राप्त सभी निविदायें दिनाँक 15.06.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में खोली जायेंगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Reboring of 1.50 HP Submersible Pump near Mandir at Sikandarpur Ganv, Jankipuram II Ward, Lko | 3400.00 | Rs.200+18 % GST= 236 | 07 दिवस |
| 2. | Reboring of 1.50 HP Submersible Pump 02 at Bithauli Police Chowki and at Sec-l Park, Lko | 6800.00 | Rs.350+18 % GST= 413 | 07 दिवस |
| 3. | Reboring of 1.50 HP Submersible Pump 02 Nos near Suneel Bhai's House and near habib Bhai's House, LKo | 6800.00 | Rs.350+18 % GST= 413 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग, नगर निगम,
लखनऊ

# सीएमओ का वीआईपी कल्चर जिले में बना चर्चा का विषय

▸ फ़िल्मी स्टाइल की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल, डीएम ने लिया संज्ञान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**





जिस वीआईपी कल्चर को टाटा बाय-बाय करने के लिए सीएम योगी और पीएम मोदी की सरकार ने तमाम ढिंढोरा पीटा और अधिकारियों से लेकर एमपी, एमएलए, मंत्रियों को वीआईपी कल्चर से दूर रहने की नसीहत दी, गाड़ियों से लाल और नीली बत्तियां हटवाई, हूटर का प्रयोग वर्जित किया, काफिले में गाड़ियों की लाइन कम के बड़े-बड़े दावे हुए, बड़ी-बड़ी नसीहतें दी गई। लेकिन यह सब दावे और नसीहत सरकारी लोगों के द्वारा ही धता बताकर अपने को सुपर बॉस बनाने में लगे हुए हैं। ताजा मामला बाराबंकी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी का सामने आया है। बाराबंकी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रंजन गौतम ने तबादला लेकर बाराबंकी में पदार्पण किया। उनकी एंट्री पर सीएमओ कार्यालय से लेकर जिला अस्पताल तक जश्न का माहौल बनाया गया। अधीनस्थ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों चिकित्सा अधीक्षकों और कर्मचारी के बीच इस प्रकार एंट्री हुई जैसे कोई सुपर बॉस फिल्म का नायक या कोई मंत्री के आगमन हो। विभाग स्वागत में कोई कसर नही छोड़ा, सिर्फ रह गया तो पुलिस के जवानों का गार्ड ऑफ ऑनर, शायद सीएमओ साहब को इस बात की कमी जरूर लगी होगी। वैसे सीएमओ साहब के आने पर निजी सिक्योरिटी गार्ड सीएमओ कार्यालय पर गेट पर लगाये गए हैं। सीएमओ साहब अपने कार्यालय जब पदभार ग्रहण करने पहुंचे तो उनके अधीनस्थ कर्मचारी के अलावा निजी सिक्योरिटी गार्ड को भी तैनात किया गया है। यह कर्मचारी सीएमओ कार्यालय से रोड तक रेड कार्पेट बिछाए और गुलाब की पंखुड़ियों से सजाया। जिस गाड़ी से सीएमओ साहब की एंट्री हुई उस सरकारी गाड़ी को बारात जा रहे दूल्हे की गाड़ी की तरह सजाया गया। सीएमओ साहब के गाड़ी से उतरते ही फूलो की वर्षा की जाने लगी, इसी बीच सीएमओ साहब ने फिल्मी नायक की तरह कर्मचारियों का अभिवादन किया, हाल चाल पूछा और आगे बढ़े। विभाग में तैनात अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने इस नजारे को देखकर सहसा सोंचने पर जरूर मजबूर हुए होंगे कि अब रिज्यूम बदल गया है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, दवा लेने गई थी

**फतेहपुर बाराबंकी।** फतेहपुर-सिहाली मार्ग पर शनिवार को हुए सड़क हादसे में 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई।देवा थाना क्षेत्र के जोलिया गांव निवासी सलमा पत्नी इशरत अली अपने बेटे रमजान अली के साथ बाइक से सीएचसी फतेहपुर दवा लेने जा रही थीं।ग्राम खांसी सराय के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सलमा गंभीर रूप से घायल हो गईं।स्थानीय लोगों की सूचना पर उन्हें सीएचसी फतेहपुर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक डॉ. अवधेश कौशल ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। अधिवक्ता सभागार की गैलरी में एकत्र होकर नारेबाजी करते रहे, जबकि समाधान दिवस हाल में सामान्य दिनों की अपेक्षा सन्नाटा नजर आया। बताया जाता है कि अधिवक्ता पिछले कई दिनों से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। मांगों के समर्थन में वे लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में समाधान दिवस के अवसर पर भी उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराया प्रदर्शन में अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा महामंत्री सुनील त्रिवेदी सुरेश कुमार मिश्रा मिश्रा कमल कुमार मिश्रा राजेश तिवारी संजय सिंह, कुंवर बहादुर यादव, अरविंद वाजपेई, संतोष शुक्ला, धर्मेंद्र कुमार यादव, अजय प्रताप सिंह विभोर गुप्ता सोमेश शुक्ला सुनील अवस्थी सुनील तिवारी, मोहम्मद अली खान, रूपनारायण ,उषा सिंह, जगदीश प्रसाद शर्मा, रामप्रताप सिंह, सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दो सगे भाइयों के घर हुई चोरी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के खजुरिया गांव में दो सगे भाइयों के घर चोरी हो गई। अज्ञात चोर लगभग 22 हजार रुपये नकद,एक जोड़ी पायल और एक सोने की माला लेकर फरार हो गए ।बदोसराय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना बदोसराय सफदरगंज मार्ग के किनारे सरकारी स्कूल के बगल बने उमेश चंद्र और वीरेंद्र कुमार (लल्लू) के मकानों में हुई ।चोरों ने दोनों भाइयों की पैंट की जेब में रखे लगभग 22 हजार रुपये नकद और बक्से में रखी एक जोड़ी पायल व एक सोने की माला चुरा ली। पीड़ित भाइयों ने तत्काल कोतवाली बदोसराय पुलिस को घटना की सूचना दी और शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया ।कोतवाली बदोसराय के कोतवाल राम अवतार सरोज ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर भेजकर जांच की जा रही है।

## कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर शिक्षकों का सम्मान



**रामसनेहीघाट,बाराबंकी।** जनगणना 2026 के अंतर्गत प्रगणक के रूप में निर्धारित समय से पूर्व उत्कृष्ट कार्य पूर्ण करने वाले शिक्षकों को उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में अधिकारियों ने शिक्षकों की कार्यनिष्ठा, समयबद्धता और कर्तव्यपरायणता की सराहना करते हुए कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान की सफलता में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में मनोज कुमार तिवारी, विजय बहादुर यादव, आलोक मिश्रा, विक्रमजीत तथा अंकिता सिंह शामिल रहे। इन सभी ने प्रगणक के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी लगन, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करते हुए निर्धारित समय से पहले कार्य पूर्ण किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और समर्पण को देखते हुए प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा प्रशासनिक नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार होती है। ऐसे में इस कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सम्मानित शिक्षकों ने अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है, जिससे अन्य कर्मचारी और शिक्षक भी प्रेरणा ले सकते हैं।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर रविवार की देर शाम नैनखेड़ा चौराहे पर ट्रैक्टर बाइक की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए वनकमी के युवा पुत्र की शुक्रवार शाम देर ट्रामा सेंटर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। शनिवार को देर शाम गांव आए, शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। ज्ञातव्य हो कि कोतवाली हैदरगढ़ के भवानी सिंह का पुरवा मजरे थानपुर निवासी राजेंद्र पुत्र भीखाराम 36 वर्ष रविवार रात हैदरगढ़ की ओर आ रहा था कि तभी घटनास्थल के निकट सामने से आया अज्ञात ट्रैक्टर टक्कर मारते हुए फरार हो गया था। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल राजेंद्रपुर प्राथमिक उपचार के बाद सीएचसी हैदरगढ़ से ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया था।

# चलती कार बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे सवार

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित टीआर भटठा के निकट शनिवार की सुबह चलती हुई एक कार आग का गोला बन गयी गनीमत रही कि कार मे सवार चालक सहित पांचो लोग सुरक्षित रहें सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाडी ने आग को बुझाया तब तक कार पूरी तरह राख हो गयी। शनिवार की सुबह बलरामपुर जनपद से लखनऊ जा रही टेरानो कार नम्बर यूपी 32 एफ एफ 2525 थाना क्षेत्र के टीआर भटठा के पास पहुंची तभी अचानक कार में सवार लोगों को गाड़ी के अन्दर से बदबू आने लगी। ड्राइवर ने सतर्कता दिखाते हुए हाइवे के किनारे कार रोक कर जैसे कार मे बैठे सभी लोग कार से उतरे वैसे कार आग का गोला बन गयी गनीमत रही कार मे सवार प्रियंका सिंह, विराज सिंह, दीपक, राधिका और चालक सुरक्षित रहें। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर टीम में चालक सितारे हिंद, एफएम विजय कुमार, एफएम नीरज कुमार और होमगार्ड देव भगत सिंह शामिल थे। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। कार पूरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। मसौली पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू किया।

# संजय सेतु के मरम्मत कार्य पूर्ण, आवागमन होगा शुरू

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



सरयू नदी पर बने संजय सेतु मे ज्वाइंटरो के मरम्मति करण एंव अप्रोचो के नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है।जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की जांच पड़ताल और औपचारिक घोषणा के बाद वाहनो का आवागमन फिर शुरु हो जायेगा।जिसके साथ ही छोटे वाहनों के लिये लोक निर्माण विभाग की ओर से बनाये गये पीपा पुल की उपयोगिता खत्म हो जायेगी। मालूम हो कि लखनऊ ,गोण्डा,बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग 28 सी पर स्थित संजय सेतु करीब साढ़े चार दशक पुराना हो चुका है।जिसके ज्वाइन्टरो और अप्रोचो मे बड़ी दरारें आ गयी थी।जिससे आवागमन जोखिम भरा था।कोई बड़ी दुर्घटना अंजाम तक न पहुंच पाये इसलिये पीपा पुल का निर्माण करवाकर करीब डेढ़ माह से संजय सेतु के ज्वाइंट रो अप्रोचो के नवीनीकरण मरम्मती करण का कार्य चल रहा था। जो विगत शनिवार को पूरी तरह से संपन्न हो गया।सरयू नदी पर बने 45 वर्ष पुराने पुल का कायाकल्प राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से करीब ढाई करोड़ रुपये की लागत से कराया गया है। डायरेक्टर नकुल प्रकाश वर्मा का कहना था कि संजय सेतु की मरम्मत का काम तय समय सीमा के भीतर युद्ध स्तर पर पूरा किया गया है।पुल के सभी 62 जॉइंट्स और एप्रोच का निर्माण शत-प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।पुल की सड़क मार्ग का नवीनीकरण लोहे की बाउंड्री वॉल की मरम्मत रंगाई वायरिंग और सफाई जैसे सभी आवश्यक पूर्ण है। एन एच ए आई के अवर अभियंता अनंत कुमार मौर्य ने बताया कि निर्माण कार्यों की मजबूती के लिये तय समय के बाद आवागमन बहाल हो जायेगा।आगामी 8 जून से छोटे वाहन और 15 जून से बड़े वाहनों का आवागमन शुरु होने की पूरी उम्मीद है। जिसके चलते गोण्डा, बहराइच,बस्ती,बलरामपुर, नेपाल सहित दर्जनों जिलों के यात्रियों को भारी राहत एक बार फिर प्रदान हो जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### जलजीवन मिशन परिसर रामशाहपुर में हुआ पौधरोपण



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में विश्व पर्यावरण दिवस का पर्व शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर जिले में सभी संस्थानों, अस्पताल कार्यालयों के साथ साथ सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में भी हर्ष के साथ एक पेड़ मां के नाम की थीम पर वृक्षारोपण कार्य किया गया। वृक्षारोपण की उसी कड़ी में विकास खण्ड जामों अंतर्गत ग्राम सभा रामशाहनाऊपुर के ग्राम पूरे बेलौंजन स्थित जलजीवन मिशन टंकी परिसर में भी कार्यदायी संस्था बीटीएल गाजा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के सिविल इंजीनियर अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में हर्ष पूर्वक वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इंजीनियर अश्विनी कुमार द्वारा परिसर के भीतर नींबू, अमरूद, जामुन, करौंदा आदि के फलदार पौधे लगवाए गए। वृक्षारोपण के इस मौके पर इंजिनियर अश्विनी कुमार, इंजीनियर अक्षय सिंह, प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश मिश्रा, पंप ऑपरेटर वीरेंद्र कुमार पाण्डेय के अलावा स्थानीय लोग भी मौके पर मौजूद रहे।

### बौद्ध स्थलों के भ्रमण के बाद किया विशाल भीम भोज

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** घटकौर भेंटुआ निवासी सेवा निवृत्त डिप्टी रेंजर राम पती बौद्ध एवं गुरूचरण बौद्ध सेवा ने बौद्ध स्थलों के भ्रमण के उपरांत बौद्ध अनुयायियों,भिक्खू संघ को अपने निज निवास पर आमंत्रित कर एक विशाल बौद्ध धम्म सम्मेलन एवं भीम भोज का आयोजन किया। भीम भोज में विभिन्न संगठनों अम्बेडकर कल्याण समिति जनपद अमेठी, जनपद सुल्तानपुर, द बुद्धिष्ट सोसाइटी आफ इंडिया, शिक्षक संघ, बहुजन समाज पार्टी, बामसेफ के बहुत से पदाधिकारी, आस- पास की ग्राम सभाओं के बच्चे, बूढ़े, महिलाएं नौजवान बड़ी संख्या में भीम भोज में पहुंचकर कार्यक्रम का लाभ उठाया। सिक्ख संघ ने अपने ज्ञान की ज्योति से उपस्थित उपासक -उपासिकाओं को धम्म मार्ग पर चलने हेतु बौद्ध मिशन गायक भल्लू बावरा ने जो आंखों से दिव्यांग हैं अपनी मण्डली के साथ गायकी का वह समा बांधा कि सभी नर-नारी मंत्र मुग्ध हो गए।

### अहद में किसानों ने लिया हरित क्रांति का संकल्प



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड जामों में पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें अहद ग्राम पंचायत में हरित एवं सतत भविष्य के लिए मिलकर आगे बढ़ें विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें ओजोन संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर पानी संस्थान एवं आरएनपीएफ के सहयोग से ग्रामीण प्रगति संस्थान द्वारा संचालित मौसम परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत अहद के पंचायत भवन में मौसम परिवर्तन के प्रभाव तथा ओजोन परत संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों एवं अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्रामीण प्रगति संस्थान के सचिव राम प्रकाश ने कहा कि मौसम परिवर्तन का सर्वाधिक प्रभाव किसानों पर पड़ रहा है। अनियमित वर्षा, बढ़ता तापमान एवं प्राकृतिक आपदाएँ कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रही हैं। अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधे लगाए गए तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

### सचिव की लापरवाही से नहीं खुल रहे पंचायत भवन




**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड खैराबाद की ग्राम पंचायत जैतीखेड़ा में पंचायत भवन के नियमित संचालन को लेकर ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव नीरज गौतम एवं पंचायत सहायक प्रियांशी यादव की लापरवाही के चलते पंचायत भवन अधिकांश समय बंद रहता है, जिससे ग्रामवासियों को अपने आवश्यक कार्यों के लिए बार-बार परेशान होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत भवन ग्रामीणों और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी होता है, जहां से विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी, प्रमाण पत्रों से संबंधित कार्य, पेंशन, आवास, शौचालय, आयुष्मान कार्ड, परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सहित कई आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। लेकिन पंचायत भवन बंद रहने के कारण पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार वे अपने जरूरी कार्यों को लेकर पंचायत भवन पहुंचे, लेकिन वहां ताला लटका मिला। इससे उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। लोगों का कहना है कि बार-बार पंचायत भवन के चक्कर लगाने के बावजूद जब कोई कर्मचारी नहीं मिलता तो समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। इससे विशेष रूप से बुजुर्ग, महिलाएं और गरीब परिवार अधिक प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचायत भवन में नियमित उपस्थिति न होने के कारण शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों तक सही समय पर नहीं पहुंच पा रही है। कई पात्र परिवार योजनाओं के आवेदन, सत्यापन और अन्य औपचारिकताओं से वंचित रह जाते हैं। इससे सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की मंशा प्रभावित हो रही है।

# डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**



▸ कुल 87 शिकायतें आयी, सात का मौके पर हुआ निस्तारण

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 59, पुलिस विभाग 17, विकास विभाग 08 व अन्य विभाग 03 कुल 87 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 07 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नवीन चन्द्रा, उपजिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, तहसीलदार सदर आकृति श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस

# कलम शक्ति ट्रस्ट ने चलाया पौधरोपण अभियान

**लालगंज रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कलम शक्ति ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में लालगंज क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत नवीन मंडी स्थल एवं कोतवाली परिसर, लालगंज सहित विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे हुआ। इस अवसर पर संस्थाओं के पदाधिकारियों, सदस्यों, समाजसेवियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए बड़ी संख्या में पौधे रोपे। कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति-एक पौधा एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान को विशेष रूप से बढ़ावा दिया गया। कलम शक्ति ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी नियमित देखभाल भी करे। उन्होंने बताया कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में करोड़ों पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी लक्ष्य को साकार करने तथा पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संस्थाओं द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है।

## मत्स्य विभाग की योजनाओं के लिए आवेदन शुरू

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 26-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिया गया है। मत्स्य विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि विभागीय पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया 8 जून से 28 जून तक संचालित की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना तथा सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना के लिए पात्र लाभार्थी आवेदन कर सकेंगे। आवेदकों को प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग ऑनलाइन आवेदन करना होगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि योजनाओं के अंतर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेखों की सूची एवं अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पूर्व वर्षों में जिन आवेदकों के आवेदन निरस्त हो गए थे अथवा जो प्रतीक्षारत रहे थे, वे भी पुनः आवेदन कर सकते हैं।

# बर्थडे पार्टी में आये किशोर की बांके से काटकर की गई हत्या

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जायस थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोर आरेन्द्र की हत्या का पुलिस ने कुछ ही घंटों में खुलासा कर दिया है। मामले में एक बाल अपचारी को नियमानुसार निगरानी में लिया गया है। पुलिस के अनुसार 5 जून को मृतक के पिता जागेश्वर निवासी पूरे बक्शी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनके पुत्र आरेन्द्र की हत्या गांव के ही कुछ लोगों ने कर दी है। इस पर जायस थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी के निर्देश पर पुलिस और स्वाट टीम ने शाम करीब साढ़े चार बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बाल अपचारी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि करीब दो माह पहले मृतक के परिवार वालों ने उसके पिता की पिटाई की थी, जिससे वह बदला लेना चाहता था। आरोपी के अनुसार बीते 4 जून को पड़ोस में आयोजित एक जन्मदिन समारोह में शामिल आरेन्द्र को उसने शौच जाने के बहाने बाग की ओर बुलाया और बांका से उसकी गर्दन पर वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद वह हथियार और खून से सने कपड़े छिपाकर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त बांका और रक्तरंजित कपड़े बरामद कर लिए हैं और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मकान की दीवार गिरने से मां-बेटी की मौत, बेटा गंभीर

▸ बीती रात अपने कच्चे मकान में सो रहे थी मां-बेटी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जामो थाना क्षेत्र के घाटमपुर पूरे परमेश्वरी गांव में शनिवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। कच्चे मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिरने से मां और बेटी की मौत हो गई, जबकि आठ वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, गांव निवासी ओमप्रकाश अपनी पत्नी कमलेश कुमारी, सात वर्षीय बेटी आशी और आठ वर्षीय बेटे दीपांशु के साथ शुक्रवार रात अपने कच्चे मकान में सो रहे थे। शनिवार सुबह करीब चार बजे मकान की मिट्टी की दीवार अचानक गिर गई, जिससे परिवार के सदस्य मलबे में दब गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर सभी को बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने कमलेश कुमारी और उनकी पुत्री आशी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दीपांशु को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। जामो थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह ने बताया कि मिट्टी की दीवार गिरने से यह हादसा हुआ है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन भी कराया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**फतेहपुर, बाराबंकी।** क्षेत्र के सूढ़ियामऊ गांव के पास मंगलवार रात सड़क दुर्घटना में बाइक सवार उमा शंकर (45) निवासी बायलमऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। वह मोटरसाइकिल से इब्राहिमपुर जा रहे थे, तभी अचानक एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसे में उमा शंकर के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चिकित्सक डॉ. अवधेश कौशल ने बताया कि घायल के सिर में गंभीर चोट की आशंका है। वहीं स्थानीय लोगों ने सड़क पर बढ़ रहे आवारा पशुओं व कुत्तों की समस्या पर चिंता जताते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

# सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महोली में विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर.एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आई. जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महोली शिखा शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुखरंजन समद्दर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 102 शिकायतों में से 06 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त 112 प्रार्थना पत्रों में से 14, तहसील बिसवां में प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील लहरपुर में प्राप्त 37 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 84 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सिधौली में प्राप्त 110 प्रार्थना पत्रों में से 11, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 83 प्रार्थना-पत्रों में से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## नल मरम्मत, रिबोर और प्रशासनिक व्यय के नाम पर लाखों के भुगतान पर उठे सवाल

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** विकासखंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत धरौली में तैनात सचिव प्रदीप कुमार पर ग्राम निधि में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं और फर्जी भुगतानों के गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों और सूत्रों के अनुसार सचिव द्वारा 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि में नल मरम्मत, नल रिबोर और प्रशासनिक व्यय के नाम पर लगातार संदिग्ध भुगतान किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 में ऐसे कई भुगतान किए गए हैं जिनका जमीनी स्तर पर कोई स्पष्ट कार्य दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव प्रदीप कुमार ने ग्राम प्रधान के सगे संबंधियों और परिवार से जुड़े लोगों के नाम पर भी भुगतान लगाए हैं, जिससे पूरे मामले में भ्रष्टाचार की आशंका और गहरा गई है। सूत्रों के मुताबिक सचिव प्रदीप कुमार अपने निजी मुंशी के माध्यम से भी नल मरम्मत और नल मिस्त्री के नाम पर भुगतान कराने का कार्य कर रहे हैं। आरोप है कि बिना कार्य कराए ही लाखों रुपये की धनराशि निकाल ली गई। जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में केवल नल मरम्मत और नल रिबोर के नाम पर लगभग सात लाख रुपये से अधिक का भुगतान निकाला गया है, जबकि वर्ष 2025-26 में भी करीब तीन लाख रुपये से अधिक की धनराशि इसी मद में खर्च दर्शायी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में इतने बड़े स्तर पर कार्य हुए ही नहीं, जितना भुगतान अभिलेखों में दिखाया गया है। इसके अलावा प्रशासनिक व्यय के नाम पर भी लगातार भुगतान किए जाने की बात सामने आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सचिव द्वारा सरकारी धन का खुलेआम दुरुपयोग किया जा रहा है और उन्हें किसी उच्च स्तर का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा वास्तविक नाम घनश्याम पुत्र रामदास निवासी कादीपुर पोस्ट कनवा तहसील हैदरगढ़ जिला बाराबंकी हूं, जोकि आधार कार्ड में यही वास्तविक नाम लिखा है। त्रुटिवश मेरे बीमा गोल्ड पॉलिसी नम्बर 215953901 में मेरा नाम घिसियावन अंकित हो गया है, जोकि गलत है, मेरे बीमा की पॉलिसी में मेरा सही वास्तविक घनश्याम पुत्र रामदास पढ़ा व समझा जाए। मैं इसी नाम से जाना व पहचाना जाता हूँ।

**सूचनाकर्ता**
**घनश्याम पुत्र रामदास**
**निवासी-ग्राम कादीपुर पोस्ट कनवा, तहसील हैदरगढ़, बाराबंकी।**

# 25 लाख के 121 खोए मोबाइल बरामद, पुलिस ने लौटाए

- एसओजी और सर्विलांस टीम की मेहनत लाई रंग
- मोबाइल पाकर खिले लोगों के चेहरे



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने खोए हुए मोबाइल फोन बरामद करने के अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए करीब 25 लाख रुपये मूल्य के 121 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सभी मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कई मोबाइल स्वामियों ने कन्नौज पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका मोबाइल वापस मिल पाएगा, लेकिन पुलिस की सक्रियता और तकनीकी प्रयासों से उनका कीमती सामान उन्हें वापस मिल गया। एसपी विनोद कुमार ने बताया कि जनपद की एसओजी और सर्विलांस टीम लगातार तकनीकी माध्यमों की सहायता से खोए हुए मोबाइल फोन की तलाश करती है। इसी क्रम में विभिन्न स्थानों से 121 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये है। सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए। इस उपलब्धि से आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। कार्यक्रम के दौरान मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों ने पुलिस टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे जनहित में सराहनीय पहल बताया। बरामदगी करने वाली टीम में सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह, हेड कांस्टेबल अजय सिंह तथा कांस्टेबल शिवराज यादव, शुभम कुमार, दीपक गुर्जर, शुभम बालियान और अभिषेक शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से आमजन का भरोसा और मजबूत हुआ है।

## सीएमएस डॉ. गोपाल नारायण द्विवेदी ने संभाला कार्यभार

**कन्नौज।** जिला अस्पताल में नव नियुक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. गोपाल नारायण द्विवेदी ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने पर अस्पताल के चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के बाद डॉ. द्विवेदी ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वार्डों, ओपीडी और अन्य इकाइयों में पहुंचकर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। पत्रकारों से बातचीत में डॉ. द्विवेदी ने कहा कि जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। मरीजों को बेहतर उपचार और सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्पताल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश में सबसे अनोखी है कान्हा गौशाला

- पौधारोपण कर रंजीत पांडे ने की पर्यावरण संरक्षण की अपील

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अंतरराष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना गौ रक्षा प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक गौ सेवक रंजीत पांडे ने नगर पालिका की प्रसिद्ध कान्हा गौशाला में अपनी मां श्रीमती रामश्री पांडे के नाम पर पौधा रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं। रंजीत पांडे ने कहा कि कान्हा गौशाला के बारे में उन्होंने कई लोगों से सुना था, लेकिन स्वयं यहां पहुंचकर उन्हें दिव्य अनुभूति हुई। उन्होंने इसे कन्नौज जनपद ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की अनोखी गौशाला बताया। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से गौशाला में अत्यंत मनोरम वाटिका तैयार की गई है। औषधीय पौधों की वाटिका, रंग-बिरंगे फूलों और फलदार पौधों की छटा यहां आने वाले हर व्यक्ति का मन मोह लेती है। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे एक बार अवश्य यहां आएं और गौशाला को बेहतर बनाने में अपना योगदान दें। इस मौके पर उन्होंने मां के नाम पर डायबिटीज के लिए रामबाण माने जाने वाले औषधीय पौधे 'शरीफा' का रोपण किया। कार्यक्रम में आशु दीक्षित वंदे मातरम, कृष्णा पांडे, अंशु राठौर, गजेंद्र सिंह पाल और कुंवर पाल ने सहयोग किया।

# व्यापारियों को बताए जीएसटी में पंजीकरण के फायदे



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य कर विभाग ने पुरानी गल्ला मंडी में राज्य कर विभाग के तत्वावधान में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में अधिकारियों ने जीएसटी में पंजीकरण के फायदे बताए। अपर आयुक्त ग्रेड-1 राज्य कर, इटावा जोन एचपी राव दीक्षित व संयुक्त आयुक्त (कार्यपालक) इटावा सम्भाग बृजेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उपायुक्त राज्य कर, कन्नौज खण्ड-2 मो. नाजिम की अध्यक्षता में आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जीएसटी पंजीयन, रिटर्न दाखिला, समाधान योजना, जीएसटी 2.0 सुधारों के लाभ, मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना, ईंट भट्ठा से प्राप्त राजस्व एवं जीएसटी से सम्बन्धित अन्य सभी बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। उपायुक्त राज्य कर मो. नाजिम ने जीएसटी 2.0 सुधारों के लाभ, व्यापारी हितैषी महत्वपूर्ण सुधार एवं ई-इनवाइसिंग आदि के सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया। कार्यक्रम के आयोजक उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता लालू ने मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा की राशि 10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख किये जाने की मांग की। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रान्तीय कार्यकारणी के सदस्य राजीव दुबे ने बिना गारन्टी लोन की सीमा बढ़ाने, छोटे व्यापारियों को 2-3 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी दिए जाने एवं त्यौहारी व सीजनल व्यापार के लिए विशेष कैपिटल पैकेज उपलब्ध कराने की मांग की। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के संचालन में हुए कार्यक्रम में राज्य कर अधिकारी अशोक मिश्र व अलतुत्तम सिंह, वीर गोयल, सचिन वर्मा, सुशान्त गुप्ता सोनू, अनुपम वर्मा, अधिवक्ता कमलेश सक्सेना, अनिल शर्मा, राहुल गुप्ता, आलोक दुबे, महेश शर्मा, अखिलेश प्रजापति, अजीत मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## पानी टंकी की पाइप लाइन टूटी, परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम खोजीपुर में पाइप लाइन टूटने से पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। इससे परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। करीब 10 दिन पूर्व पाइपलाइन अचानक टूट गई तब से गांव के अंदर पानी सप्लाई पूरी तरह से बंद हो गई है। वहीं सप्लाई न आने से ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामविलास ने उच्च अधिकारियों से फोन पर कई बार वार्ता की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी। गांव के राजेंद्र कठेरिया, वेद प्रकाश, वीरेंद्र, सतीश, रामदास, राम शंकर, कर्मवीर, रतिराम, नेत्रपाल, सुनीता, बसंती, उषा, मिथिलेश, गीता देवी सहित कई ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जल्द से जल्द पाइप लाइन को दुरुस्त करने की मांग की है।

## कबड्डी खिलाड़ी की हत्या पर होल्कर सेना ने उठाई कार्रवाई की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज।** होल्कर सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष सरमन पाल उर्फ संजय ने मेरठ के चिरौड़ी गांव में 17 वर्षीय राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की निर्मम हत्या पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी, जो देश का नाम रोशन करने की राह पर थी, उसका शव नाले में मिलने की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। सरमन पाल ने कहा कि जब राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी बेटियां भी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम परिवार अपनी बेटियों की सुरक्षा की उम्मीद किससे करें? उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार और मेरठ प्रशासन से मांग की कि सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कठोरतम सजा दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला और परिवार को आर्थिक मदद, नौकरी व उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो पाल, बघेल व धनगर समाज के लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची 153 शिकायतों में 8 का निस्तारण



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 153 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसकी अध्यक्षता एडीएम विजय कुमार मिश्रा व एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने की। निस्तारण के लिए पुलिस और लेखपालों की संयुक्त टीमें गठित कर मौके पर भेजा गया, जिसमें सिर्फ राजस्व विभाग की 8 शिकायतों का ही समाधान कराया जा सका। अधिकारियों ने भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के लिए राजस्व और पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही अवैध रूप से सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने यह भी निर्देश दिया कि सभी शिकायती प्रार्थना पत्रों को तुरंत संबंधित रजिस्टर में अंकित कर आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेजा जाए।

## खबरें एक नजर में

### ईदे गदीर पर युवाओं ने बांटा शरबत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जश्ने ईदे गदीर, मौला अली की ताजपोशी और दीन के मुकम्मल होने की खुशी में नगर के मुस्लिम युवाओं ने भीषण गर्मी के बीच इंसानियत और सेवा का अनूठा संदेश दिया। जीटी रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी के सामने युवाओं ने शरबत वितरण शिविर का आयोजन किया, जहां सुबह से देर शाम तक राहगीरों और यात्रियों को ठंडा शरबत पिलाया गया। तपती धूप और गर्म हवाओं के बीच शरबत पाकर लोगों ने राहत महसूस की। राहगीरों ने युवाओं के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। शिविर में मौजूद युवाओं ने बताया कि ईदे गदीर का पर्व त्याग, सेवा और इंसानियत का संदेश देता है। इस अवसर पर प्यासे लोगों को पानी और शरबत पिलाना सबसे बड़ी नेकी मानी जाती है। कार्यक्रम में जुबैर खान, अरबाज खान, तालिब, आशिफ, हाशिम और अरशद सहित कई युवाओं ने सक्रिय सहयोग किया।

### रेलवे परिसर में व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण

**गुरसहायगंज कन्नौज।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा रेलवे परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजीव गुप्ता संजू ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कार्यक्रम में नगर महामंत्री के के राजपूत,भूरा कठेरिया, व्यापार मंडल के प्रवक्ता सिद्धार्थ गुप्ता तथा टिंकू बाथम,युवा व्यापार मंडल उपाध्यक्ष अमित प्रजापति,रजनीश कुशवाहा रामपाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के माध्यम से व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने समाज को हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

### दिव्यांग सचिव ने लगाया उत्पीड़न का आरोप, नौ माह बाद भी नहीं मिला चार्ज

- तहसील दिवस में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के नेकपुर कायस्थ निवासी दिव्यांग कैडर सचिव अवधेश कुमार दोहरे ने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उन्हें वी-पैक्स चांदापुर में सचिव पद का कार्यभार सौंपने के आदेश करीब नौ माह पूर्व जारी किए गए थे, लेकिन अब तक उन्हें चार्ज नहीं दिया गया है। पीड़ित के अनुसार जब वह कार्यभार ग्रहण करने के लिए पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उन्हें रोक दिया। उनका आरोप है कि दबंगों के कारण वह आज तक अपने पद का कार्यभार नहीं संभाल सके हैं। अवधेश कुमार दोहरे ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तथा सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आदेश जारी होने के बावजूद कार्यभार न मिलना उनके अधिकारों का हनन है। तहसील दिवस में शिकायत दर्ज होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। अब प्रशासन और पुलिस की कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हैं। अधिकारियों का कहना है कि शिकायत की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# न.पा. के तकनीकी सलाहकार गौरव त्रिपाठी ने दिया इस्तीफा

- स्पष्ट नीति न होने से आमजन हो रहा है प्रभावित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद के तकनीकी सलाहकार रहे गौरव त्रिपाठी अमर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने त्यागपत्र में कहा कि वर्ष 2023 से वे अवैतनिक रूप से नगर हित में सेवाएं दे रहे थे तथा तत्कालीन अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के साथ मिलकर कई जनहितकारी नवाचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया।

चेयरमैन मनोज दुबे की अनुपस्थित में वरिष्ठ लिपिक संजय वर्मा और जन प्रतिनिधि मूलचंद यादव के माध्यम से दिए गए त्याग पत्र में बताया गया कि स्थापना उत्सव, नगर सेवा ऐप, रियल टाइम ऑफिस कंप्लेंट सिस्टम, स्वच्छता के नन्हे सिपाही अभियान, पटरी दुकानदारों के लिए पालिका बाजार तथा वृक्ष लगाओ, पुरस्कार पाओ जैसी योजनाएं बिना अतिरिक्त सरकारी बजट के लागू करने की पहल की गई थी। उनका कहना है कि इन योजनाओं का उद्देश्य सीधे आम नागरिकों की शिकायतों का तत्काल निराकरण और मुख्य बाजार के जाम से मुक्ति दिलाना था, लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति के अभाव के कारण ये प्रयास अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं कर सके। त्यागपत्र में उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उन्हें कई बार उपेक्षा, अपमान और असहयोग का सामना भी करना पड़ा, फिर भी उन्होंने नगर हित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य किया। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह के स्थानांतरण के बाद उन्होंने स्वयं को इस दायित्व से मुक्त करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि भविष्य में पालिका द्वारा कथनी और करनी में अंतर न दिखने पर वे और उनकी टीम सशर्त सहयोग करने को तैयार है।

### ईओ व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया पौधारोपण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पालिका परिसर में अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने संयुक्त रूप से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और लोगों को हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी को शुद्ध पर्यावरण और प्राण वायु मिल सके। उन्होंने कहा कि जीवन में पौधों का महत्वपूर्ण स्थान है और बिना वृक्षों के जीवन की कल्पना करना असंभव है। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग इस अभियान को अपने जीवन का अंग बनाएं।

### नगर पालिका परिषद में हुआ पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सभासदगण तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि ने सभी को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य का आधार भी बनते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल करने तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। इस मौके पर नीरज मिश्रा राजीव ठाकुर के अलावा सभासद आरपी सिंह जनार्दन मिश्रा गौरव मिश्रा मनोज तिवारी अनिल प्रजापति के अलावा कई सभासद गण मौजूद रहे।

# भगवान बुद्ध ने दिखाया शांति अहिंसा का मार्ग : प्रिया शाक्य

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने धर्म, ज्ञान और शांति की पावन भूमि सारनाथ पहुँचकर भगवान तथागत बुद्ध की प्रथम धर्मचक्र प्रवर्तन स्थली के दर्शन किए। उन्होंने कहा सारनाथ वह ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरा है जहाँ भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के पश्चात अपना प्रथम उपदेश देकर मानवता को सत्य, अहिंसा, करुणा, प्रेम एवं सदाचार का मार्ग दिखाया। यह स्थान आज भी विश्वभर के करोड़ों श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आस्था, प्रेरणा और शांति का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने भगवान बुद्ध की पावन प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होकर समस्त देश एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य, प्रगति एवं खुशहाली की कामना की। साथ ही मानवता के कल्याण, सामाजिक समरसता एवं विश्व शांति के लिए भी प्रार्थना की। विश्व शान्ति यात्रा 2026 के अवसर पर धम्म शिक्षण केन्द्र के संस्थापक अध्यक्ष परम पूज्य भिक्षु चन्दिमा थेरो जी द्वारा अशोक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करने पर प्रिया शाक्य ने कहा यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत गौरव, प्रेरणा एवं स्मरणीय क्षण है।

### जाम से जूझ रहा नगर तिराहे से तिर्वा रोड तक वाहनों की लंबी कतारें

**गुरसहायगंज,कन्नौज।** नगर में लगातार बढ़ती यातायात समस्या लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। तिराहे के चौराहे से लेकर तिर्वा रोड तक प्रतिदिन भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को घंटों परेशान होना पड़ता है। व्यस्त बाजार क्षेत्र होने के कारण दिनभर वाहनों का दबाव बना रहता है। सड़क किनारे अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और ई-रिक्शा तथा अन्य वाहनों के अनियंत्रित संचालन के चलते जाम की समस्या और गंभीर हो गई है। स्कूल, कॉलेज और कार्यालयों के खुलने तथा बंद होने के समय स्थिति और भी खराब हो जाती है। जाम में फंसने से व्यापारियों, छात्रों, मरीजों और आम नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं, जिससे लोगों की चिंता बढ़ जाती है।

# समधन में चला पौधारोपण महाअभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' का दिया संदेश

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पंचायत समधन में हरित भविष्य की ओर एक कदम पौधारोपण महाअभियान का आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर दिव्या गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने घरों और आसपास हरियाली बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि हर घर हरियाली, तभी होगी खुशहाली÷। उन्होंने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में लिपिक राजेश वर्मा, दीपक श्रीवास्तव, आलोक कुमार, आनंद, विक्रम, प्रशांत, अशोक कुमार, रियाज, ब्रह्मपाल, अफरोज, मतलूब, सफाई नायक नरेश चंद्र, नरेश कुमार, बबलू, सुनील सहित नगर पंचायत के कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद में भी हुआ वृक्षारोपण विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद परिसर में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी मयंक गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता सहित सभासदों और अन्य गणमान्य लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया।

# सफाई कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश देने की उठी मांग

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश की ओर से नगर पंचायत समधन में कार्यरत आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश दिए जाने की मांग को लेकर अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया है। संघ के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार एवं संजय वाल्मीकि नरेश बाल्मिक सहित पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा है कि नगर पालिका परिषद कन्नौज में पिछले दो सप्ताह से कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश दिया जा रहा है, लेकिन आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मचारियों को अब तक इस सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि कुछ कर्मचारियों को सेवा प्रदाता के माध्यम से नौकरी से हटाने का दबाव भी बनाया जा रहा है। संघ ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को भी समान रूप से साप्ताहिक अवकाश प्रदान करने के निर्देश जारी किए जाएं, ताकि उनके साथ किसी प्रकार का भेदभाव न हो और उन्हें भी निर्धारित श्रमिक सुविधाएं मिल सकें। इस संबंध में संघ पदाधिकारियों ने शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है। कर्मचारियों का कहना है कि उनकी मांगें पूरी नहीं होने पर आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत समधन दिव्या गुप्ता ने ज्ञापन प्राप्त करने के बाद कहा कि अति शीघ्र पदाधिकारी की समस्या का निसरण किया जाएगा।

# बिना वजह बिजली कटौती पर होगी कार्रवाई: कैलाश राजपूत

**तालग्राम कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




ऊर्जा राज्य मंत्री कैलाश राजपूत ने कहा है कि बिना किसी उचित कारण के बिजली कटौती करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। तालग्राम के चौखटा रोड स्थित जागृति पब्लिक स्कूल में आयोजित अभिनंदन समारोह में पहुंचे राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार गांव-गांव तक बेहतर बिजली व्यवस्था पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। बिजली आपूर्ति में अनावश्यक बाधा उत्पन्न करने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**ऊर्जा मंत्री का हुआ तालग्राम में भव्य स्वागत**

इस दौरान विधायक अर्चना पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा कैलाश राजपूत को ऊर्जा राज्य मंत्री बनाए जाने से क्षेत्र को नई पहचान मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में बिजली व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी चर्चा की गई। राज्यमंत्री ने जनता को भरोसा दिलाया कि सरकार हर घर तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता नीरज मिश्रा राजीव ठाकुर ब्लॉक में पुच्ची ठाकुर पूर्व नगर भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष दीपू शर्मा ईश कुमार राजपूत अशोक राजपूत करन राजपूत दिनेश यादव प्रमोद राजपूत सहित भाजपा के कार्यकर्ता नेता और कार्यक्रम के आयोजन मौजूद रहे।

### पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कन्नौज।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सौरिख थाना पुलिस ने दो वारंटी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। दोनों आरोपी वर्ष 2018 से संबंधित एक मामले में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने वाद संख्या 2063/2018 में न्यायालय सिविल जज (सीडी)/एसीजेएम, छिबरामऊ से जारी वारंट के आधार पर ग्राम रुपपुर निवासी राजीव पुत्र अमर सिंह और उनकी पत्नी केतकी को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 406, 452 और 506 के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद दोनों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक जयन्ती प्रसाद गंगवार, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार राजपूत, कांस्टेबल देवीशरण तथा महिला कांस्टेबल वर्षा शामिल रहीं।

# जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में समर कैंप का हुआ आयोजन

- विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किये रंगारंग कार्यक्रम
- मुख्य अतिथि ने विद्यालय की सराहना

**फर्रुखाबाद/छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज़।**

जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल छिबरामऊ में 6 जून को समर कैंप के अंतर्गत एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आफाक खान एवं उनकी टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य एवं संगीत कार्यक्रमों से हुआ। जिसने सभी



रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान समर कैंप में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने ट्रैफिक संकेतों, सीट बेल्ट के महत्व तथा



प्रमाण पत्र के साथ बच्चे मौजूद अतिथि व विद्यालय स्टाफ

वाहन में उपलब्ध विभिन्न आपातकालीन सुरक्षा उपकरणों की जानकारी देते हुए सुरक्षित यातायात के नियमों का पालन करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय का भ्रमण किया और विद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने विद्यालय के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र यादव और प्रबंध निदेशक डॉ. अनीता रंजन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छिबरामऊ में इस प्रकार का उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। विद्यालय परिवार ने


छात्र को सम्मानित करते अतिथि

मुख्य अतिथि एवं उनकी टीम के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों के विकास हेतु ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन का संकल्प लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. रुबी यादव, एकेडनिक हेड संजय कुमार, अनिल पाल, सीनियर कोआर्डिनेटर अनम खान, प्री-प्राइमरी कोआर्डिनेटर गीतिका लालवानी, प्राइमरी कोआर्डिनेटर शिखा सिंह, क्लस्टर कोआर्डिनेटर मुस्कान सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आज से शुरु होगी आवेदन प्रक्रिया

- बेसिक शिक्षा विभाग ने आवेदन प्रक्रिया और समय सारिणी की जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राज्य अध्यापक पुरुस्कार 2025 के लिए 7 जून से शासन द्वारा निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन शुरु होंगे। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने आवेदन प्रक्रिया और समय सारिणी जारी की है। शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुरस्कार के लिए शिक्षक-शिक्षिकायें सात जून से 30 जून तक शासन द्वारा निर्धारित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। शिक्षा निदेशक बेसिक अनिल भूषण चतुर्वेदी की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार शिक्षकों को आवेदन के साथ अपने विद्यालय में किये गये नवाचार, शैक्षिक उपलब्धियों, छात्रहित में किये गये कार्य व अन्य आउट डोर एक्टीविटी से संबंधित अभिलेख पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड करने होंगे। आवेदन प्राप्त होने के बाद जिला स्तरीय समिति जांच करेगी। इसके पश्चात जिला स्तरीय समिति की संस्तुति के आधार पर चयनित शिक्षक शिक्षिकाओं के आवेदनों को पुरुस्कार हेतु राज्य स्तर पर भेजा जायेगा। राज्य अध्यापक पुरुस्कार के लिए अनेक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आवेदन हेतु तैयारी शुरु कर दी है।

# डीएम ने गंगा तट पर चल रहे कटाव निरोधक कार्यों का किया निरीक्षण

- 15 जून तक कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में गंगा नदी के तटीय क्षेत्रों को कटाव से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से संचालित कटाव निरोधक परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेने हेतु जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने गंगा नदी के बाएं तट पर स्थित ग्राम पैलानी दक्षिण पहुँचकर वहां से ढाई घाट तक कराए जा रहे कटाव निरोधक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिचाई ने बताया कि लगभग 400.02 लाख रुपये की लागत से 1400 मीटर लंबाई में परकोपाइन


गंगा तट का निरीक्षण करती डीएम

पद्धति से कटाव निरोधक कार्य कराया जा रहा है। यह परियोजना गंगा नदी के तटवर्ती क्षेत्रों को नदी कटान से सुरक्षित रखने तथा स्थानीय आबादी एवं कृषि भूमि के संरक्षण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत कुल 26 स्पर निर्मित किए जाने हैं, जिनमें से 24 स्पर का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष 02 स्पर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त तट संरक्षण हेतु किए जा रहे स्लोप फिनिशिंग के कार्य भी अभी पूर्ण होने शेष हैं। डीएम ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप युद्धस्तर पर पूर्ण कराए जाएं तथा परियोजना को तय समय-सीमा के भीतर 15 जून तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न करने तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने कहा कि गंगा तट पर कटाव निरोधक कार्यों के पूर्ण होने से नदी कटान की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा तथा तटवर्ती गांवों, कृषि भूमि एवं जनसंपत्ति को सुरक्षा मिलेगी। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी कायमगंज, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दूध वाहन चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव नगला चंदन में दूध वाहन की टक्कर से दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जनपद मैनपुरी के थाना विछ्वां क्षेत्र के ग्राम साठिया निवासी रोहित कुमार ने थाना नवाबगंज पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी शिवानी अपने दो वर्षीय पुत्र रियांश के साथ करीब 15 दिन पहले अपने मायके गांव नगला चंदन आई हुई थीं। आरोप है कि 4 जून की सुबह करीब साढ़े आठ बजे दूध संग्रह के लिए पहुंचे दुग्ध वाहन चालक सनोज कुमार पुत्र होरी लाल निवासी ग्राम धूरिहार, थाना नवाबगंज ने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही से चलाते हुए घर के बाहर खेल रहे रियांश को टक्कर मार दी। हादसे में मासूम रियांश गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। अंतिम संस्कार के बाद परिजन न्याय की मांग को लेकर थाना नवाबगंज पहुंचे और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रोहित कुमार की तहरीर के आधार पर आरोपी चालक सनोज कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### मां बेटे को पीटने में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अछरौड़ा निवासी जगदीश की पत्नी सुमित्रा देवी ने गांव के ही आशु, अजंटी, जालिम, संगम के विरुद्ध मारपीट गाली–गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 2 जून समय लगभग शाम 5 बजे मेरा पुत्र संजीव अपने दरवाजे पर खड़ा था, तभी उपरोक्त सभी आरोपितों ने मेरे दरवाजे पर आकर गाली–गलौज व मारपीट की। जिससे मेरे व मेरे पुत्र संजीव के सिर व हाथ में चोटें आई हैं। बाद में उपरोक्त सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### कोर्ट के आदेश पर पति सहित चार ससुरालियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

महिला का 24 अप्रैल को झाड़ियों में मिला था शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना जहानगंज के रुनी चुरसाई मजरा विरियानगला में महिला सहेली को मारकर गांव से 500 दूर बाग में डाला गया था। मृतक के पिता ने रामाधार राजपूत ने आरोपी पति जितेन्द्र व सास शकुंतला, ससुर रघुवीर व नन्द नीलेश ने प्रताड़ित करके उसको मार डालने की तहरीर थाने में दी थी, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया था। जिसके बाद मृतका के पिता ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के थाना पाली के ग्राम मुडरामऊ निवासी रामधार पुत्र स्व0 बल्लू ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि मेरी पुत्री को ससुरालीजन प्रताड़ित करते थे, और खाना नहीं देते थे। दामाद का किसी अन्य से नाजायज संबंध थे। 22 अप्रैल 2026 को पुत्री ने अपनी बहन को खबर दी कि उसके पति जितेन्द्र बहुत मारा पीटा है और कहा है कि तुम मर जाओ नहीं तो हम मार डालेंगे। २३ हम अपनी पुत्री से मिलने घर गये तो वह काफी दुखी थी और कह रही थी कि अब मुझे जिंदा रहने का कोई फायदा नहीं है। 24 अप्रैल को बड़ी पुत्री ने सूचना दी कि बहन सहेली मरी हुई अवस्था में झाड़ियों में पड़ी मिली है। मृतका के पिता ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्र सहेली का विवाह 18 वर्ष पूर्व जितेन्द्र पुत्र रघुवीर निवासी विरिया नगला थाना जहानगंज के साथ किया था। मेरी पुत्री को जितेन्द्र, ससुर रघुवीर, सास शकुंतला, ननद नीलेश आये दिन मेरी पुत्र को गाली–गलौज कर मारपीट करते थे। थाने में रिपोर्ट दर्ज न किये जाने पर मृतका के पिता ने न्यायालय की शरण ली। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रीतिमाला चतुर्वेदी ने थाना जहानगंज को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### युवती को भगा ले जाने में युवक पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने चौकी ताजपुर, कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव राठौरा निवासी गौरव पुत्र अनार सिंह के विरुद्ध युवती पुत्री को बहला–फुसला कर भाग ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार उपरोक्त आरोपित गौरव मेरी 19 वर्षीय पुत्री को मेरे घर से बहला–फुसला कर भाग ले गया। उपरोक्त आरोपित गौरव की बुआ ने मेरी पुत्री को भागने में मुख्य भूमिका अदा की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की।

### पंखा का तार लगाते समय वृद्धा को लगा करंट, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पंखा का तार लगाते समय अचनाक वृद्धा को करंट लग गया। जिससे वृद्धा गंभीर रुप से झुलस गयी। परिजन उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौके की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव प्रेमनगर निवासी गुड्डी देवी कोरी उम्र 52 वर्षीय पत्नी भीमपाल कोरी भीषण गर्मी में राहत पाने के लिए जैसे ही पंखे का तार बिजली के बोट में लगाया। इसी दौरान अचानक विद्युत करन्ट की चपेट में आकर गिर पड़ी। आनन–फानन में परिजन कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ डाक्टर ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही मृतक के दो बेटे शिवम और नरेन्द्र सहित चार बहनों का रो–रो कर बुरा हाल हो गया।

# युवक को पीटने में दो भाइयों पर मुकदमा दर्ज

- विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से उनकी कर दी पिटाई

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के बरतल वाली गली निवासी एक युवक के साथ पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के बरतल वाली गली निवासी अखिलेश कुमार ने थाना नवाबगंज पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 जून की रात करीब 9:30 बजे वह नवाबगंज चौराहे से अपने घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में गांव के ही अमन शाक्य और देवेंद्र शाक्य, पुत्रगण सुखराम शाक्य ने उन्हें रोक लिया और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। अखिलेश के विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से उनकी पिटाई कर दी। शोर-शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

मारपीट में अखिलेश को चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लेखपाल योगेन्द्र व राजस्व निरीक्षक शिवनाराण को प्रतिकूल प्रविष्टि

**लेखपाल कप्तान सिंह के विरुद्ध जांच कर दोषी पाये जाने पर निलंबन कार्यवाही के दिये निर्देश**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने क्षेत्र मऊ रशीदपुर के लेखपाल योगेंद्र यादव एवं संबंधित राजस्व निरीक्षक शिवनारायण तिवारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त लेखपाल कप्तान सिंह, क्षेत्र बलीपुर के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच कराते हुए दोष सिद्ध होने पर निलंबन की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान है तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता, उदासीनता अथवा लापरवाही को किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जायेगी।


जानकारी देती जिलाधिकारी

बताते चले कि तहसील क्षेत्र के गांव बलीपुर गढ़ी मजरा अठसेनी निवासी देवकी पत्नी जागेश्वर दयाल ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उनके पिता ने 1 किता खाता स0 461, रकवा-405 है तथा खाता संख्या-461, रकवा-0161.0 है डेढ़ बीघा जमीन विवादित थी, उसमें गेहूं खड़ा था। उसे 30 मार्च को जिलाधिकारी ने गऊशाला साहगंज भिजवा दिया। साढ़े 4 बीघा गेहूं अविवादित था उसे देवकी देवी ने अपने खेत को बनवाना चाहा तो ग्राम प्रधान महावीर, लेखपाल कप्तान सिंह लाठी-डन्डों से मारने को अमादा हो गए और पुलिस से भी रुकवाया। साढ़े-4 बीघा गेहूं की फसल आधी पानी से बर्बाद हो गई।

# डीसीएम चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

मार्ग दुर्घटना करने के मामले में डीसीएम चालक पर पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला किदवई नगर निवासी इमरान पुत्र रहीसुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि प्रार्थी के पिता रहीसुद्दीन पुत्र अलाबक्श, माता नसरीन पत्नी रहीसुद्दीन, भाई कामरान, बहन नगमा एवं गुड्डन पत्नी दिलशाद, राजिया पत्नी नौसाद, अगरीन पत्नी इरसाद, मो0 तालिव पुत्र सलीम रिश्तेदारी में गमी होने के कारण बेलामऊ सेरेया तिर्वा जनपद कन्नौज गए थे। वहाँ से वापस आते समय गुरसहायगंज से टेम्पो संख्या 74एटी/1972 में बैठकर सभी लोग कमालगंज की ओर आ रहे थे। भटपुरा गाँव के निकट मुख्य मार्ग पर एच0एम0 कोल्ड स्टोर के पास 04 जून को समय करीब 01:45 पर आयसर प्रो डी0सी0एम0 पंजीकरण स0 यूपी 40बीटी/6261 के चालक ने लापरवाही व तेजी से चलात हुए उक्त टेम्पों में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टैम्पों में बैठे रहीसुदीन की मौके पर ही मृत्यु हो गयी एवं अन्य परिजनों को एम्बुलेन्स से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कमालगंज ले जाया गया। नसरीन की हालत गम्भीर होने के कारण राममनोहर लोहिया अस्पताल से सैफई मेडिकल कालेज के लिए रिफर किया। परन्तु परिजन नसरीन का इलाज कानपुर के प्राइवेट अस्पताल में करा रहें हैं एव हालत चिताजनक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर डीसीएम चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला, छह पर मुकदमा दर्ज

- पुलिस ने पूछताछ के लिए पति व ससुर को लिया हिरासत में
- पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर पीड़ित पक्ष को शांत कराया

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव फदे पर लटका मिला। स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया। पुलिस ने पति सहित छः के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मृतका के पति व ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव प्रीतम नगला निवासी राहुल जाटव की 28 वर्षीय पत्नी ललिता का शव शुक्रवार दोपहर कमरे में साड़ी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका मिला। शव देखकर स्वजनों में चीखपुकार मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। मौत की सूचना पर पहुंचे मृतका के पिता जनपद शाहजहांपुर के थाना कलान के गांव खलासा निवासी दाताराम जाटव ने बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाकर हंगामा काटा। पिता के अनुसार उन्होंने तीन वर्ष पूर्व अपनी पुत्री ललिता का विवाह रामसरन जाटव के पुत्र राहुल के साथ किया था। शादी के कुछ महीने बाद से ही ससुरालीजन बेटी को अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग


मृतका का फाइल फोटो

करने लगे। पिता ने व्यवस्था कर ससुरालीजनों को बाइक दे दी। इसके बाद ससुरालीजन सोने की जंजीर व एक लाख रुपए के लिए प्रताड़ित करने लगे। शुक्रवार सुबह नौ बजे बेटी ने अपनी बड़ी बहिन रीमा को फोन कर रोते हुए बाते बताई। शुक्रवार दोपहर दो बजे बेटी की मौत की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे पिता को बेटी का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर पीड़ित पक्ष को शांत कराया। पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम के लिए भेज दिया। पीड़ित ने देर रात थाने पहुंच मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपित पति राहुल, ससुर रामशरन, सास रामवती, ननद शिवानी, अंशु व शीतल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने मृतका के पति राहुल व ससुर रामशरन को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# अज्ञात कारणों से आग लगने से कई परिवारों की गृहस्थी जलकर राख

- उपजिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासन मौके पर पहुंचा
- अग्निपीड़ितों को शीघ्र सहायता का दिया भरोसा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अल्हापुर गांव में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गयी। जिससे कई परिवारों की गृहस्थी जलकर राख हो गयी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि एक घर से शुरू हुई आग ने देखते ही देखते आसपास की झोपड़ियों और भूसे के ढेरों को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लाखों रुपये मूल्य का घरेलू सामान, अनाज और पशुओं के चारे के रूप में रखा भूसा जलकर नष्ट हो चुका था। सूचना पर पहुंची फायरब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम अल्हापुर निवासी अनगपाल पुत्र श्रीकृष्ण के घर में संदिग्ध परिस्थितियो में आग लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण बाल्टियों और अन्य संसाधनों के सहारे आग बुझाने में जुट गए, लेकिन तेज हवाओं के कारण आग लगातार फैलती चली गई। इस हादसे में मानसिंह पुत्र रामभजन की झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई। झोपड़ी में रखी चारपाई, दो बोरी गेहूं


आग बुझाते फायर ब्रिगेड के कर्मी


पीड़ितों से जानकारी करते राजस्व कर्मी

तथा अन्य आवश्यक घरेलू सामान नष्ट हो गया। वहीं हरिपाल पुत्र अहिवरन की एक चारपाई, एक रजाई, चार पैकेट गेहूं सहित गृहस्थी का काफी सामान आग की भेंट चढ़ गया। इसके अलावा श्यामपाल एवं वीरपाल पुत्र रतीराम की झोपड़ी में रखा भूसा जलकर राख हो गया, जिससे पशुओं के चारे का भी संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार आग की लपटें इतनी तेज थीं कि लोगों को अपने सामान तक निकालने का मौका नहीं मिल सका।

घटना की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने ग्रामीणों से जानकारी जुटाकर आग लगने के कारणों की पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह यादव को मौके पर भेजा और पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। लेखपाल ज्योति ने मौके पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान का विस्तृत आकलन किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें शासन की ओर से मिलने वाली राहत सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि राजस्व विभाग की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्निपीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए एसपी ने किया ट्रैफिक डायवर्जन

- तीन दिन शहर में भारी वाहनों की रहेगी नो-एंट्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित 08 जून से 10 जून तक होने वाली परीक्षा के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था बदली रहेगी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी किये गये आदेश में कन्नौज से कानुपर रोड होते हुये फतेहगढ़ को आने वाले माल वाहन जैसे ट्रक, टैंकर, डीसीएम, डम्फर, लोडर व बडे वाहनों (कोमर्शियल वाहन) को जिला जेल क्रांसिग से सेन्ट्रल जेल, की तरफ डायवर्ट किया जायेगा। आईटीआई की




तरफ से लालगेट फव्वारा की तरफ आने वाले माल वाहन जैसे ट्रक, टैंकर, डीसीएम, डम्फर, लोडर व बडे वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। कादरीगेट की तरफ से लालगेट की तरफआने वाले माल वाहन जैसे ट्रक, टैंकर, डीसीएम, डम्फर, लोडर व बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लालगेट फव्वारा से चोक की तरफ आने वाले माल वाहन जैसे ट्रक, टैंकर, डीसीएम, डम्फर, लोडर व बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

# सीएमओ के निरीक्षण में सीएचसी में मिली अवस्थायें, जतायी नाराजगी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

▸ **तम्बाकू खाने पर कर्मचारी पर लगाया जुर्माना**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आनंद उपाध्याय कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ के औचक दौरे से अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। निरीक्षण के दौरान डॉ0 उपाध्याय ने अस्पताल की साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं की गहन समीक्षा शामिल थी।

सीएमओ ने निरीक्षण की शुरुआत अस्पताल की इमरजेंसी सेवा से की। इसके बाद जब वे पर्चा काउंटर पर पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर बेहद नाराज हुए। काउंटर पर तैनात एक कर्मचारी ड्यूटी के दौरान गुटखा चबा रहा था। इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डॉ0 उपाध्याय ने तत्काल अनुशासनहीनता के आरोप में कर्मचारी पर 200 रुपये का नकद जुर्माना ठोक दिया।

उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि भविष्य निधि में अस्पताल परिसर के भीतर किसी भी प्रकार का धूम्रपान या तंबाकू/गुटखा सेवन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दीवारों और फर्श पर गुटखे की पीक के निशान देखकर गहरा असंतोष जताया और मौके पर ही कर्मचारियों से तुरंत सफाई करवाकर पूरे फर्श को धुलवाया। पर्ची काउंटर पर वार्डबॉय की तैनाती और अस्पताल में स्टाफ की भारी कमी को



निरीक्षण करते सीएमओ

लेकर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की बदहाली भी खुलकर सामने आई। सीएमओ जब सीएचसी के बाथरूम की तरफ बढ़े, तो वहां भारी गंदगी पायी गई। इतना ही नहीं, बाथरूम के नलों से पानी गायब था। जिससे मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। पानी की अनुपलब्धता और गंदगी को देखकर सीएमओ का पारा चढ़ गया।

उन्होंने पर्ची काउंटर पर एक वार्डबॉय को काम करते हुए देखा, जिस पर तंज कसते हुए अस्पताल प्रशासन से पूछा कि जब वार्डबॉय डाक्टरी का काम संभालेंगे तो सफाई व्यवस्था कौन देखेगा, इसके साथ ही उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर्मचारियों की भारी कमी पर भी गहरी चिंता और नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के अगले चरण में सीएमओ अस्पताल की ऊपरी मंजिल पर स्थित जांच केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति पंजिका की जांच की और उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर डस्टबिन न मिलने पर उन्होंने तत्काल वहां नए डस्टबिन रखवाने के आदेश दिए। इसके बाद वे महिला वार्ड, एक्स-रे रूम और लेबर रूम सहित विभिन्न कक्षों में गए और वहां की व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अस्पताल परिसर में स्वच्छता ही सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का भी गहन निरीक्षण किया और वहां आवश्यक दवाओं के स्टॉक और उनकी आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। अस्पताल अधीक्षक डॉ0 विपिन सिंह को स्वास्थ्य सेवाओं में तत्काल सुधार लाने और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के कड़े निर्देश दिये।

# लुईस खुर्शीद के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे गये फल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी एवं पूर्व विधायक लुईस खुर्शीद का 72वां जन्मदिन फतेहगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रिजवान अहमद ताज के आवास पर किया गया। जहां कार्यकर्ताओं ने केक काटकर पूर्व विधायक के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस नेता रिजवान अहमद ताज और रईस हैदर ने किया। कांग्रेसजनों ने सुबह लोहिया अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि लुईस खुर्शीद ने अपने राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन में जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनके कार्यों और जनहित के प्रति समर्पण से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में महेश जाटव, मनोज कुमार, मंजुल, दिलीप कुमार, मिर्जा राहत, सत्येंद्र, अलीम अब्बासी, अब्दुल मुकीम, इसरार अहमद मलिक, अनवर, साबिर हुसैन, बाबर खान, खालिद हुसैन, खालिद उस्मानी, राकेश सागर, महेश उपकारी, मोहम्मद तारिक, बशीर, मोहम्मद सलीम, डॉ0 जहीर अहमद, हाजी वसीम, जमा खान, इरशाद अली सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्र सचिन का मुक्केबाजी के लिए हुआ चयन



छात्र को बधाई देते जिला क्रीड़ाधिकारी व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र याकूगंज निवासी सचिन का चयन उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित बॉक्सिंग के छात्रावास मेरठ के लिए हुआ है। सचिन का बॉक्सिंग खेल में स्पोर्ट्स हॉस्टल मेरठ के लिए चयन हुआ है। वह वहां बॉक्सिंग खेल की बारीकियां सीखेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

सचिन सिंह स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में बॉक्सिंग कोच पूनम शर्मा के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे। कोच पूनम शर्मा ने उनके भीतर छिपी ऊर्जा की पहचान उसे तरासना शुरू किया तो बॉक्सिंग खेल के प्रति उसकी प्रतिभा निखर कर बाहर आई।

अब वह मेरठ स्पोर्ट्स छात्रावास में रहकर प्रशिक्षण लेंगे। उनकी इस उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव प्रताप सिंह, जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, सचिव संजीव कटियार, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन कटियार, मुक्केबाजी प्रशिक्षक पूनम शर्मा, सचिन सिंह, करण कुशवाहा आदि ने बधाई दी है।

# मत्स्य विभाग की विभिन्न राज्य सेक्टर योजनाओं हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु पात्र लाभार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभागीय पोर्टल पर आवेदन की प्रक्रिया दिनांक 08 जून से 28 जून तक संचालित की जाएगी। इच्छुक मत्स्य पालक, मत्स्य व्यवसायी एवं पात्र व्यक्ति विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर निम्नलिखित योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना, सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना योजना, मत्स्य विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि उपरोक्त योजनाओं में लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदकों को प्रत्येक योजना हेतु पृथक-पृथक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। योजनाओं के अंतर्गत अनुमन्य परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेखों की सूची तथा अन्य विस्तृत दिशा-निर्देश विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध हैं। आवेदक विभागीय वेबसाइट पर जाकर योजनाओं से संबंधित समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने यह भी अवगत कराया है कि यदि योजनाओं के प्रावधानों में भविष्य में कोई संशोधन किया जाता है, तो संशोधित नियम एवं शर्तें स्वतः लागू होंगी। इसके अतिरिक्त पूर्व वर्षों में किसी कारणवश निरस्त अथवा प्रतीक्षारत रहे आवेदक भी पुनः आवेदन करने के पात्र होंगे। योजनाओं के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए इच्छुक व्यक्ति मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय, मण्डलीय कार्यालय अथवा मत्स्य निदेशालय के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में संपर्क कर सकते हैं। मत्स्य विभाग ने जनपद के अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने हेतु समय से ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है।

# संस्कार भारती छात्राओं को सौंदर्य कला व लोक कलाओं से बना रही स्वावलंबी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कला एवं साहित्य की संस्था संस्कार भारती की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला लोहाई रोड स्थित मदन मोहन कनोडिया जूनियर कॉलेज में संचालित हो रही है। संस्था छात्राओं को कथक, मेहंदी, चित्रकला, डिजाइनर सिलाई, हस्तकला-हैंडीक्राफ्ट, ढोलक, लोक नृत्य, मूर्तिकला और खिलौना निर्माण के साथ सौंदर्य कला का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी एवं रोजगारपरक बनाने का कार्य कर रही है।

सौंदर्य कला विधा की शिक्षिका हेमलता श्रीवास्तव ने बताया कि सौंदर्य कला वास्तव में भाव और विचार की सुंदर और कौशलपूर्ण अभिव्यक्ति है। यह केवल दिखावटी सजावट नहीं, बल्कि शारीरिक सौंदर्य को निखारना-जैसे मेकअप, हेयर स्टाइल, घरेलू उपायों से त्वचा की देखभाल और परिधान को सही ढंग से पहनना भी इसी का हिस्सा है। कार्यशाला में अब तक छात्राओं को 15 प्रकार के जूड़े व चोटियां, आई मेकअप, फेस मेकअप, मैनीक्योर, पेडीक्योर, वैक्सिंग और फेशियल का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आगे साड़ी ड्रेपिंग और ब्राइडल मेकअप के साथ मराठी, बंगाली, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों की



प्रशिक्षण में मौजूद छात्रायें

पारंपरिक वेशभूषा के अनुसार मेकअप भी सिखाया जाएगा। कार्यशाला की व्यवस्था गौरव मिश्रा बंटी, कुलभूषण श्रीवास्तव, दीपक रंजन सक्सेना, अनुभव सारस्वत, अर्पिता शाक्य, अजय दीक्षित, रविंद्र भदौरिया आदि संभाल रहे हैं। संस्कार भारती का उद्देश्य छात्राओं को व्यावहारिक कला कौशल देकर आत्मनिर्भर बनाना है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस भीषण गर्मी में भी पुलिस शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में छात्राओं व महिलाओं को जागरुक कर रही है। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस की ओर से नारी शक्ति को जागरुक करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस कर्मी भ्रमण कर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर रुककर सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे टोल फ्री नम्बरों के प्रति जागरुक किया जा रहा है।

महिला थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओ/बालिकाओ को



महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस

महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं उनसे बचाव के उपायों, घरेलू हिंसा, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं शासन द्वारा प्रचलित योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया गया। थाना कादरीगेट, थाना कम्पिल, कोतवाली कायमगंज, थाना जहानगंज, थाना मऊदरवाजा, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना मेरापुर, थाना राजेपुर, थाना शमशाबाद, थाना अमृतपुर में पुलिस ने भ्रमण के दौरान छात्राओं, बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

उन्हें आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वुमेन पावर लाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) के प्रभावी उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

साइबर अपराधों से बचाव के लिए साइबर सेफ्टी के महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए गए। उपस्थित महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, विशेषकर घरेलू हिंसा और कार्यस्थल पर उत्पीड़न के विरुद्ध सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

# भाविप सहयोग शाखा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत विकास परिषद सहयोग शाखा के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ. विनोद कुमार तिवारी, डॉ. सुबोध कुमार वर्मा, डॉ. आरके गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार रखें। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय महिला सहभागिता अनीता पाठक ने की। संचालन डॉ. आरके गुप्ता व संजय दुबे ने किया। कार्यक्रम में सहयोग शाखा के पदाधिकारीयों को शपथ दिलाई गई व टैक्स बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को सम्मानित किया गया। पक्षियों के पानी पीने के लिए पात्र की व्यवस्था सहयोग शाखा के वरिष्ठ सदस्य रामकुमार वर्मा द्वारा की गई। बैठक में जिला समन्वयक बृजेश कुमार गंगवार, केके पाठक, आर के राठौर, शील श्रीवास्तव, संजीव वर्मा, अवधेश कुमार दुबे, राकेश कुमार गंगवार, प्रभाकर अग्निहोत्री, राजेश चंद शुक्ला, अशोक कुमार यादव, अग्रवाल,




कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

आशीष शुक्ला, आदि मौजूद रहे। रीता दुबे, मंजूश्री, आशा देवी वर्मा, रचना वर्मा, पूजा शुक्ला, राजेश चंद शुक्ला ने पदाधिकारियों के रूप में शपथ ग्रहण की। अध्यक्ष रीता दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का मेघा कृषि लोन वितरण कैंप का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ **20 करोड रुपए का कृषि से संबंधित लोन लाभार्थियों को किया गया वितरित**

▸ **महिलाएं भी बैंक से आर्थिक सहायता लेकर उद्योग चलाकर बनेंगी आत्मनिर्भर**

विकास भवन सभागार फतेहगढ़ में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के द्वारा राष्ट्रव्यापी मेघा कृषि लोन वितरण कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पंकज कुमार मार्केटिंग हेड केंद्रीय कार्यालय मुंबई एवं क्षेत्रीय कार्यालय इटावा से बृजभान सिंह भदोरिया क्षेत्रीय प्रबंधक तथा नाबार्ड डीडीएम मितेश कुमार रहे। पंकज कुमार एवं बृजभान सिंह भदोरिया ने बैंक के ग्राहकों एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ दीप प्रज्वलन कर मां सरस्वती देवी एवं सेंट्रल बैंक आफ इंडिया के संस्थापक सोहराब के चित्रों पर फूल अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मार्केटिंग हेड केंद्रीय कार्यालय मुंबई पंकज ने कहा कि भारत में ग्रामीण जनसंख्या का पूरी जनसंख्या में जितना हिस्सा है, उस अनुपात में उनकी देश की जीडीपी में भागीदारी कम है।

इस अंतर को कम करने के लिए कृषि क्षेत्र को अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करके देश के ग्रामीण विकास में हमारा बैंक योगदान कर रहा है। उन्होंने बैंक की विभिन्न कृषि संबंधित



कैम्प में मौजूद मार्केटिंग हेड आदि

लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी वहां उपस्थित सभी लोगों को दी। उन्होंने केसीसी एवं स्वयं सहायता समूह योजनाओं पर विशेष जोर दिया। क्षेत्रीय प्रबंधक इटावा बृजभान सिंह भदोरिया ने महिला सशक्तिकरण का जिक्र करते हुए स्वयं सहायता समूह के द्वारा ज्यादा से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं को बैंक से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के द्वारा महिलाएं बैंक से आर्थिक सहायता लेकर विभिन्न छोटे कुटीर उद्योग चलाकर आत्मनिर्भर बनेंगी। नाबार्ड डीडीएम मितेश कुमार ने लखपति दीदी योजना में कौशल प्रशिक्षण देकर वित्तीय सहायता देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने की बात कही। शिविर में लगभग 20 करोड रुपए का कृषि से संबंधित लोन विभिन्न लाभार्थियों को वितरित किया गया। लोन के चेक वितरण कार्यक्रम में बैंक के महत्वपूर्ण ग्राहकों ने बैंक अधिकारियों के साथ सहयोग भी किया। सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया फतेहगढ़ शाखा के मुख्य प्रबंधक विकास वर्मा ने कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथियों एवं सम्मानित बैंक ग्राहकों एवं ऋण लाभार्थियों का स्वागत किया। संचालन मयंक गुप्ता सेंट्रल बैंक आफ इंडिया फतेहगढ़ शाखा एवं क्षेत्रीय कार्यालय इटावा से आए कुशाग्र भारद्वाज ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतुल गुप्ता, मोहम्मद उमर खान, प्रदीप यादव, हरीश दुबे, चंचल रस्तोगी, विकास दुबे, ओमकार यादव, मोहम्मद अकरम, यदुवेन्द्र सिंह चंदेल इत्यादि सभी बैंक ग्राहक और मनोज राठौर शाखा प्रबंधक कायमगंज शाखा एवं शाखा प्रबंधक फर्रुखाबाद साकेत पटेल एवं मुख्य प्रबंधक विकास वर्मा आदि मौजूद रहे।

# आईजीआरएस पर हुई शिकायत का कर दिया फर्जी निस्तारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ **मोहल्ले की गली व मकानों में पानी भर जाने पर की शिकायत**

गीता देवी पत्नी स्व0 अमर सिंह निवासी अम्बेडकर नगर कालोनी पॉलीटेक्निक के पीछे भोलेपुर ने नगर पालिका फर्रुखाबाद के ठेकेदार व जेई द्वारा नाली खोदने के दौरान मोहल्ले की गली व मकानों में पानी भर जाने पर तहसील पहुंचकर प्रभारी अधिकारी से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि पूर्व में जूनियर इंजीनियर द्वारा प्रार्थी के मकान से आर्यन सिंह के मकान तक नाली व रोड निर्माण कराये जाने हेतु स्टीमेट पास किया गया था। मकान व गली निचाई पर है। मौके पर निर्माण नये जेई व ठेकेदार करा रहे है। इन लोगों ने नाली को ऊंचा कर दिया। जिससे मेरे घर में व गली में गंदा पानी जा रहा है। पानी की निकासी का कोई रास्ता नहीं है। शिकायतकर्ता ने ठेकेदार व जेई को मनमानी से रोके जाने व आवश्यक कार्यवाही की मांग की थी। जब कोई कार्यवाही नहीं हुई तो पीड़िता ने आईजीआरएस पर शिकायत की। जिसका संबंधित विभाग ने शिकायतकर्ता का नाम व मोहल्ला दूसरा दर्शाकर शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया।

# समाधान दिवस में मंत्री असीम अरुण ने सुनीं 142 फरियादें

▸ **शेष शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान के दिए निर्देश**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सदर सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जनसमस्याओं की सुनवाई की। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 142 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और प्रत्येक मामले का पारदर्शी, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन को सुशासन और संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी मंच है। राजस्व, पुलिस, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और समाज कल्याण से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, उपजिलाधिकारी सदर नवनीता राय समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने सम्पूर्ण समाधान में सुनीं जनता की समस्यायें

▸ **216 शिकायतों में से 15 का मौके पर निस्तारण**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता मे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। तहसील परिसर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर राठर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और बडी संख्या में पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण



शिकायतें सुनती डीएम-एसपी

निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस विभाग, विधुत और समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों से सम्बन्धित 216 शिकायतें प्राप्त हुई।

जिसमें 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। जिलाधिकारी ने जोर दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर सत्यापन किया जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने दोहराया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का प्रभारी समाधान कर उन्हे राहत प्रदान करना है। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी और प्रत्येक शिकायत का गम्भीरता तथा संवेदनशील के साथ समाधान किया जाए। इस अवसर पर विधायक डॉ. सुरभि, पुलिस अधिक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी आनन्द उपाध्याय, उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, नगर पालिका परिषद कायमगंज अधिशासी डॉ. लव कुमार मिश्र, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाशपाल, खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, रजिस्टार प्रीतम सिंह, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कम्पिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी, शमसाबाद थानाध्यक्ष सचिन चौधरी आदि मौजूद रहे।

## युवती को भगा ले जाने में युवक पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने चौकी ताजपुर, कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव राठौरा निवासी गौरव पुत्र अनार सिंह के विरुद्ध युवती पुत्री को बहला-फुसला कर भाग ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार उपरोक्त आरोपित गौरव मेरी 19 वर्षीय पुत्री को मेरे घर से बहला-फुसला कर भाग ले गया। उपरोक्त आरोपित गौरव की बुआ ने मेरी पुत्री को भागने में मुख्य भूमिका अदा की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की।

## सूचना

मेरे हाईस्कूल वर्ष 2013 जिसका रोल नम्बर 1672633 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र कहीं खो गया गया है, जिसे काफी खोजा नहीं मिला। मुझे अंक पत्र सह प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति आवश्यकता है।

**अवनीश पाठक पुत्र सत्यप्रकाश पाठक निवासी गंगा कालोनी, फर्रुखाबाद।**

## दूसरे के खेत से पाइप डालने की अनुमति नहीं दी जा सकती: एसडीएम

# संपूर्ण समाधान दिवस में किसान की सिंचाई समस्या को लेकर अधिवक्ताओं ने उठाए सवाल

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** तहसील गोला में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 60 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष 55 मामलों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। तहसील प्रशासन द्वारा जारी विवरण के अनुसार सबसे अधिक 35 शिकायतें राजस्व एवं आपदा विभाग से संबंधित रहीं। इसके अलावा पुलिस, विकास, विद्युत, आपूर्ति और अन्य विभागों से जुड़े मामलों की भी सुनवाई की गई। इसी दौरान एक किसान की सिंचाई समस्या को लेकर तहसील सभागार में चर्चा और बहस की स्थिति बन गई। ग्राम बग्घून, परगना मगदापुर निवासी किसान बलविंदर सिंह ने



संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी लगभग डेढ़ एकड़ कृषि भूमि है। किसान के अनुसार अब तक वह पड़ोसी किसानों के खेतों से पाइप लाइन बिछाकर अपने खेत की सिंचाई करता था, लेकिन अब पड़ोसी किसानों द्वारा अनुमति न दिए जाने के कारण उसके खेत तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे उसकी खेती प्रभावित हो रही है और फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। किसान ने प्रशासन से मांग की कि सार्वजनिक रास्ते के किनारे भूमिगत प्लास्टिक पाइप डालने की अनुमति दिलाई जाए, जिससे उसके खेत तक पानी पहुंच सके और सिंचाई की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। मामले की पैरवी कर रहे अधिवक्ता गौरव झा ने आरोप लगाया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्रकरण रखने के बावजूद आवेदन को संबंधित विभाग के लिए अग्रसारित नहीं किया गया। उनका कहना था कि यदि मामला किसी अन्य विभाग के अधिकार क्षेत्र का था तो प्रशासन को आवेदन पर संस्तुति करते हुए उसे संबंधित अधिकारी के पास भेजना चाहिए था। अधिवक्ता के अनुसार, संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सुनकर उन्हें संबंधित विभागों तक पहुंचाना और समाधान की प्रक्रिया को गति देना है। गौरव झा ने बताया कि इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश गिरी, सूरज शुक्ला, अजीत सिंह सहित अन्य अधिवक्ता भी मौजूद थे, जिन्होंने भी आवेदन को संबंधित विभाग के लिए अग्रसारित किए जाने की मांग रखी। अधिवक्ताओं का कहना था कि किसान की समस्या वास्तविक है और उसे विभागीय स्तर पर सुनवाई का अवसर मिलना चाहिए। वहीं, मामले पर अपना पक्ष रखते हुए एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कहा कि शिकायतकर्ता दूसरे व्यक्ति के खेत से अंडरग्राउंड पाइप निकालने की अनुमति चाहता था। ऐसी स्थिति में किसी अन्य व्यक्ति की निजी भूमि से पाइप लाइन डालने की अनुमति प्रशासनिक स्तर पर नहीं दी जा सकती। उन्होंने बताया कि किसान को सलाह दी गई थी कि यदि आपसी सहमति से कोई समाधान निकल सके तो उस दिशा में प्रयास किया जाए। एसडीएम के अनुसार शिकायतकर्ता का यह भी कहना था कि अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग उनके अधीन आते हैं और मामले में कार्रवाई कर सकते हैं। इस पर उन्हें बताया गया कि विभागीय विषयों का निस्तारण संबंधित विभाग अपने अधिकार क्षेत्र के अनुसार करता है। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता और अधिवक्ताओं की ओर से संपूर्ण समाधान दिवस में सिंचाई विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति का मुद्दा भी उठाया गया था। मामले में अधिवक्ताओं और प्रशासन के अलग-अलग पक्ष सामने आने के बाद यह प्रकरण चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अस्थाई गौशाला में तेंदुए का हमला गाय को बनाया निवाला

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।**



तहसील क्षेत्र की अस्थाई गौशाला ढखेरवा खालसा में शुक्रवार रात तेंदुए ने हमला कर एक गाय को मार डाला। घटना के बाद गांव और आसपास के इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही प्रशासन और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।

बताया जाता है कि शुक्रवार रात गौशाला परिसर में घुसे तेंदुए ने एक गाय पर हमला कर उसे अपना शिकार बना लिया। शनिवार सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया। सूचना मिलने पर खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए।

**ग्रामीणों में दहशत**

दक्षिण निघासन वन रेंज के वन दरोगा अखिलेश रावत ने टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान मौके पर मिले पगचिह्नों के आधार पर तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि हुई। वन विभाग ने क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने के साथ ही तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कैमरे और पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया है। उधर, पशु चिकित्सकों की टीम ने मौके पर पहुंचकर मृत गाय का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद प्रशासनिक निगरानी में मृत गाय का अंतिम संस्कार कराया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों से रात के समय अकेले खेतों अथवा सुनसान स्थानों पर न जाने तथा पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर बांधने की अपील की है। खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने बताया कि ढखेरवा खालसा स्थित अस्थायी गौ आश्रय स्थल में मृत गौवंश मिलने की सूचना पर पशु चिकित्साधिकारी एवं वन विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया गया। जांच में स्पष्ट हुआ कि शुक्रवार रात तेंदुए के हमले से गौवंश की मृत्यु हुई थी। मृत गौवंश का पंचनामा कराकर सम्मानपूर्वक निस्तारण कराया गया। तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग को अवगत करा दिया गया है। विभाग ने शीघ्र पिंजरा लगाकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

**लुधौरी रेंज के रेंजर मोबिन आरिफ ने बताया कि** 'घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम को मौके का निरीक्षण करने के लिए भेजा गया है। पगचिह्नों के आधार पर तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की गई है। गौशाला के पड़ोस में पिंजरा लगाने की कार्रवाई कराई जा रही है। ग्रामीणों से सतर्कता बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की गई है।' इस दौरान मौके पर ग्राम विकास अधिकारी शिवा मिश्रा सहित आदि कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### खेलकूद प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीणा की



अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला खेलकूद एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला खेल कार्यालय स्थित अत्याधुनिक जिम में तैनात अंशकालिक ट्रेनर की पुनर्नियुक्ति, क्रिकेट पिच निर्माण के लिए 50 ट्रक काली मिट्टी की व्यवस्था तथा मुख्य खेल मैदान के समतलीकरण हेतु 100 ट्रॉली मिट्टी उपलब्ध कराने के प्रस्तावों पर विचार किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं एवं एसजीएफआई, सीबीएसई, आईसीएसई, केवी, विद्या भारती सहित अन्य मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाड़ियों को अधिकतम 5000 रुपए तक के खेल प्रशिक्षण उपकरण उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। खेलों के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से स्टेडियम में संचालित ताइक्वांडो, क्रिकेट, हैंडबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, तलवारबाजी एवं फुटबॉल प्रशिक्षण शिविरों की जानकारी स्कूलों तक पहुंचाने के लिए 100 बड़े पोस्टर छपवाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीणा ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला भी हैं।बैठक में सांसद प्रतिनिधि बी.एल. वर्मा, विधायक प्रतिनिधि अरुण मौर्य, एसडीएम सदर अनुष्का शर्मा, सीओ पुलिस लाइन शिव नारायण वैश्य, जिला सूचना अधिकारी सविता यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष रघुराज बहादुर सिंह, पूर्व रणजी खिलाड़ी आदित्य शुक्ला सहित विभिन्न खेलों के प्रशिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला कार्यालय पर कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन, प्रतापगढ़ में



मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष इम्तियाज अहमद ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करना होगा। उन्होंने कहा कि बूथ ही चुनाव की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है और मजबूत बूथ संगठन ही कांग्रेस की जीत का आधार बनेगा।संचालन कर रहे जिला उपाध्यक्ष इम्तियाज अहमद ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को अभी से तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी ब्लॉक,मण्डल एवम बूथ अध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र की मतदाता सूची का गहन परीक्षण करें तथा जिन पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं है, उनका नाम जुड़वाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करें। साथ ही छूटे हुए बूथ संगठन को पुनर्गठित कर अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का अभियान चलाया जाए।इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शुभम मिश्र, जिला सचिव अशोक सिंह, जिला प्रवक्ता सुरेश कुमार मिश्रा, लक्ष्मणपुर ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा, कार्यालय सचिव रियाद सुल्तान, जिला सचिव आशिक अली, जिला सचिव धर्मराज सिंह, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष मोहम्मद इदरीसी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा राज्य में जनता परेशान: देवी प्रसाद चौधरी

**समृद्धि न्यूज़, मिर्ज़ापुर।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि भाजपा राज्य में जनता बुरी तरह परेशान है महंगाई आसमान छू रही हैए नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा हैए परीक्षाओं का पेपर बराबर लीक हो रहे हैंए जो परीक्षा हो गई है उसके परिणाम नहीं आ रहे हैं। किसान की फ़सल की पूरी लागत भी नहीं मिल पा रहा है। खाद और बीच के लिए दर.दर और भटक रहा है डीएण्पीए एनण्पीण् केण् आदि उर्वरक कालाबाजारी में ही मिलते हैं। उन्होंने पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि वोटर लिस्ट का सत्यापन करेंए स्नातक व शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर पदाधिकारी सक्रिय होकर लोगों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का काम करें। श्री चौधरी सपा जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में आयोजित बैठक में उक्त बातें कहीं और कहा कि सिंचाई के लिए नहरों में पानी नहीं आ रहा किसान धान का बेहन नहीं डाल पा रहा है। जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी। पूर्व विधायक जगदंबा सिंह पटेल ने कहा कि जनपद में आए दिन हत्याएं हो रही हैं अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं।

# दलहन-तिलहन उत्पादन बढ़ाने की पहल, किसानों को वितरित किया गया मूंगफली बीज

**50% अनुदान पर मिल रहे धान, उड़द, मूंग और अरहर के बीज, वैज्ञानिक खेती अपनाने की अपील**

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



जिले में दलहन एवं तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग ने किसानों के बीच उन्नत बीज वितरण अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में जिला कृषि अधिकारी के निर्देशन में विकासखंड मोहम्मदी एवं मितौली क्षेत्र के किसानों को मूंगफली के उन्नत किस्म के बीज वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की तकनीकों की जानकारी भी दी गई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को बताया कि पारंपरिक खेती के साथ-साथ दलहन एवं तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने से आय में वृद्धि के साथ मिट्टी की उर्वरता भी बेहतर होती है। किसानों को उन्नत एवं प्रमाणित बीजों के उपयोग के लाभ बताते हुए समय से बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रयोग, सिंचाई प्रबंधन तथा कीट एवं रोग नियंत्रण के संबंध में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन को देखते हुए धान की उन्नत प्रजाति पीआर-126 का बीज किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। यह प्रजाति कम अवधि में तैयार होने के साथ बेहतर उत्पादन देने के लिए जानी जाती है। इसके अलावा उड़द, मूंग और अरहर जैसी दलहनी फसलों के बीज भी किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

कृषकों को विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित करते हुए बताया गया कि आवश्यकतानुसार बीज की बुकिंग यूपी एग्रीकल्चर पोर्टल एवं विभागीय वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। बुकिंग के बाद संबंधित विकासखंड के बीज गोदाम से बीज प्राप्त किए जा सकेंगे। कृषि विभाग का कहना है कि सरकार की मंशा किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराकर उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करना है। इसके लिए जनपद स्तर पर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक किसान उन्नत बीजों और वैज्ञानिक तकनीकों का लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ा सकें।

### भुईहारे बाबा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ, ब्रजेश सिंह ने किया उद्घाटन



**समृद्धि न्यूज़, मितौली, खीरी।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवपुरी में आयोजित भुईहारे बाबा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिला मंत्री एवं गन्ना समिति मैगलगंज के अध्यक्ष ब्रजेश सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए ब्रजेश सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों से छिपी हुई प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलता है, जिससे खेलों को बढ़ावा मिलता है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला शिवपुरी और जगदीशपुर की टीमों के बीच खेला गया। मैच में शिवपुरी के कप्तान फैयाज गाजी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मुकाबले को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन शिवपुरी कमेटी द्वारा किया गया। इस दौरान मुनीश राठौर, शत्रोहन सिंह, मझिले सिंह, लोकराम राठौर, छोटे सिंह, संजयकांत मिश्र, पवन सिंह, अंकित सिंह, ज्ञानपाल सिंह और सोल्जर राज सहित ग्राम पंचायत शिवपुरी के गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# आठ सूत्रीय मांगों को लेकर सपा का प्रदर्शन

**राज्यपाल के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।**

महंगाई, किसानों की समस्याओं, बेरोजगारी, खाद संकट और कानून-व्यवस्था समेत विभिन्न जनमुद्दों को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को राज्यपाल को संबोधित आठ सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा और पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में जनहित से जुड़े कई मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई।पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश की जनता बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, लूट-हत्या, महिला उत्पीड़न तथा छात्रों और अधिवक्ताओं पर हो



रहे लाठीचार्ज जैसी घटनाओं से परेशान है। डीजल और पेट्रोल की लगातार बढ़ती कीमतों के कारण आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ रहे हैं, जिससे आमजन और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है, जबकि पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। ज्ञापन में बेरोजगारी को गंभीर समस्या बताते हुए युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर चिंता जताते हुए नीट परीक्षा प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा प्रभावित अभ्यर्थियों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग उठाई गई।सपा नेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में डीजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने, घरेलू गैस सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति तथा व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की कीमतों में कमी किए जाने की मांग की। इसके अलावा किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने और बजाज चीनी मिल पर बकाया गन्ना मूल्य भुगतान शीघ्र कराने की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। ज्ञापन में कथित फर्जी मुठभेड़ों पर रोक लगाने, धर्म आधारित कार्रवाई बंद करने तथा वन क्षेत्र से सटे गांवों में हिंसक वन्यजीवों के हमलों से जनहानि रोकने के लिए जंगलों के चारों ओर सुरक्षा तार लगाए जाने की मांग भी शामिल रही। साथ ही वन्यजीव हमलों में मृतकों के परिजनों को कम से कम 20 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की गई।

# बस्ती के भीतर शराब की दुकान खोलने का महिलाओं ने किया विरोध

**पुलिस ने समझाकर कराया शांत**

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।**



क्षेत्र के ग्राम रानीगंज में देशी शराब की दुकान स्थानांतरित कर खोले जाने के विरोध में शनिवार को महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा। महिलाओं ने दुकान के बाहर लगाई गई प्लास्टिक की पन्नी आदि उखाड़कर फेंक दी और दुकान खोलने का विरोध जताया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने महिलाओं को समझाकर मामला शांत कराया। जानकारी के अनुसार खमरिया ग्राम पंचायत के झौआ पुरवा में संचालित देशी शराब की दुकान को रानीगंज में स्थानांतरित किए जाने की तैयारी चल रही थी। शनिवार को ठेकेदार द्वारा दुकान खोलने की तैयारी किए जाने की सूचना मिलते ही गांव की महिलाएं मौके पर पहुंच गई और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। महिलाओं ने सबसे पहले डायल-112 पुलिस को सूचना दी और कहा कि बस्ती के भीतर शराब की दुकान खुलने से गांव का सामाजिक माहौल प्रभावित होगा तथा परिवारों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उनका कहना था कि दुकान खुलने के बाद शराबियों का जमावड़ा लगा रहेगा, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा तथा सामाजिक सौहार्द पर भी असर पड़ सकता है। विरोध के दौरान महिलाओं ने दुकान के बाहर लगाई गई प्लास्टिक की पन्नी समेत अन्य अस्थायी व्यवस्थाओं को हटाकर अपना आक्रोश जताया। कुछ देर बाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और महिलाओं से वार्ता कर उन्हें शांत कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि झौआ पुरवा स्थित दुकान पर अपेक्षित बिक्री न होने के कारण ठेकेदार ने आबकारी विभाग से मिलीभगत कर रानीगंज में आबादी के बीच दुकान स्थानांतरित कराने की सहमति प्राप्त कर ली। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में इस मामले को लेकर उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा को ज्ञापन सौंपकर बस्ती से बाहर दुकान संचालित कराने की मांग की थी। ग्रामीणों के अनुसार विधायक ने भी लोगों की समस्याओं को देखते हुए दुकान को आबादी क्षेत्र से बाहर संचालित किए जाने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद शनिवार को दुकान खोलने की तैयारी शुरू होने पर महिलाओं ने विरोध दर्ज कराया।

# शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

**समृद्धि न्यूज़, मिर्ज़ापुर।** शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवारए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजक कौशिक ने आए हुए फरियादियो की समस्याओं को सुना। तहसील लालगंज में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 83 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर तीन प्रार्थना पत्रो का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित अधिकारियो को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण प्रार्थनो पत्रो का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि शिकायतकर्ताओ से फीडबैक लिए जाने के दौरान गुणवत्ता संतोषजनक नही पाई जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लेखपालो व कानून गो को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0 से सम्बन्धित सभी प्रकरणो के निस्तारण की गुणवत्ता उत्तम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व व पैमाइश की शिकायत के मामले राजस्व व पुलिस की संयुक्त बनाते हुए मौके पर जाकर दोनो पक्षो की उपस्थिति में उनकी शिकायतो को सुनते हुए पीड़ित को संतुष्टिपरक न्याय दिलाए। उन्होंने कहा कि इसके सम्बंध में मुख्यमंत्री कार्यालय समीक्षा की जा रही है। शिकायतकर्ता को सीधे उसके दूरभाष पर वार्ता कर फीडबैक लिया जा रहा है अत एव उप जिलाधिकारी शिकायतो के निस्तारण की गुणवत्ता का समय-समय परीक्षण अवश्य करते रहें।

# एडीएम न्यायिक के आश्वासन पर 20 जून तक धरना स्थगित

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** एसडीएम फरेंदा शैलेंद्र गौतम के स्थानांतरण की मांग को लेकर रेवेन्यू बार एसोसिएशन फरेंदा के अधिवक्ताओं का धरना प्रदर्शन 27 वें दिन जिलाधिकारी महराजगंज के प्रतिनिधि के रुप में आए अपर जिलाधिकारी न्यायिक नवनीत गोयल के आश्वासन पर धरना 20 जून तक स्थगित हो गया है। आज शनिवार को धरना स्थल पर पहुंचे एडीएम ने अधिवक्ताओं के समक्ष उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेंद्र



**एसडीएम के स्थानांतरण की मांग को लेकर विगत 27 दिनों से चल रहा था धरना**

गौतम के न्यायिक अधिकार को एक दिन पहले ही सीज कर दिए जाने तथा वर्तमान में चल रही जनगणना व अन्य शासकीय कार्यों के कारण स्थानांतरण में तकनीकी समस्या की बात कही। इस दौरान रेवेन्यू बार के अध्यक्ष जितेंद्र सैनी व मंत्री सतीश चंद दुबे ने कहा कि इस आंदोलन को सफल बनाने में जिले व कमिश्नरी के सभी अधिवक्ता संघों व अधिवक्ताओं, वसीका नवीस, स्टैंप वेंडर, मुंशी, मीडिया कर्मियों का विशेष सहयोग रहा। हमारा संघ सभी के प्रति आभार जताया है। इस दौरान उपाध्यक्ष सेराज अहमद खान, ओमप्रकाश शुक्ल नागेंद्र शुक्ला, सरोज नरायण मिश्रा, वीरेंद्र तिवारी, अष्टभुजा वर्मा, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, निसार अहमद, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### समयावधि में अपने कागजों को पूर्ण करना ही मूल मंत्र है: राजेश

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** व्यापारियों का समयवद्ध समस्याओं का निस्तारण हो। उक्त बातें राम-जानकी अतिथि भवन आनन्दनगर में व्यापारियों के हित को लेकर आयोजित कार्यक्रम में खंड दो के वित्तीय कमिश्नर मनोज कुमार विश्वकर्मा ने अपने सम्बोधन में कहीं। उन्होंने कहा कि आयकर रिटर्न फाइल नियमित भरने के अनुपालन हेतु आज शुक्रवार को आयोजित बैठक के माध्यम से व्यापारियों को प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में आयोजित कार्यक्रम में व्यापारियों को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत आनन्दनगर के पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने कहा कि समयावधि के तहत अपने कागजों को पूर्ण करना ही असली मूल मंत्र है और यही बैठक का उद्देश्य होगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 105 शिकायतों में से मौके पर 5 का हुआ निस्तारण

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज शनिवार को अपर जिलाधिकारी नवनीत /मुख्य विकास अधिकारी महराजगंज महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर कुल 105 फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही 5 शिकायतों का निस्तारण कर शेष 100 शिकायतों को अविलंब निस्तारण करने के लिए सम्बंधित विभागों को सौंप दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के आये 105 शिकायतों में, शिक्षा



स्वास्थ्य विकास, विजली, थाना, चकवन्दी एवं जमीन के मामले छाये रहे। जिसको गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी महराजगंज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सप्ताह भर के अन्दर शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाकर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित कराकर शिकायत कर्ताओं को संतुष्ट किया जाय और सम्बंधित विभागों से निस्तारित करायें गये शिकायत को तहसील कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय। इस दौरान उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम तहसीलदार मजिस्ट्रेट वशिष्ठ वर्मा, नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल, नायब तहसीलदार विभिन्न व्लाकों के खंड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी वीरेंद्र यादव, गुलाब पाठक व कानूनगो लेखपाल सहित तहसील स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारी, एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इसी क्रम में नौतनवां निचलौल एवं सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई।